

भोपाल स्थित गायत्री मंदिर परिसर में होलिका दहन।


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, मंगलवार 3 मार्च 2026


महाकाल मंदिर में होलिका दहन

## वैदिक मंत्रों के साथ जली होली



महाकाल की होली

*उज्जैन। होली का पर्व सोमवार को सबसे पहले उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में मनाया गया। परंपरा के अनुसार इस बार भगवान महाकाल को हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया गया। संध्या आरती के दौरान पुजारी ने भगवान को गुलाल* शेष पेज 4 पर ›› पढ़ें पेज 03 भी


















### किसान कल्याण वर्ष 2026

## पहली कृषि कैबिनेट में कृषि और सिंचाई योजनाओं के लिए 27 हजार 500 करोड़ रुपए की मंजूरी

# नागलवाड़ी से नई ‘कृषि क्रांति’



भीलट बाबा की पूजा-अर्चना करते सीएम

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

मप्र सरकार वर्ष-2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। किसान कल्याण वर्ष की पहली कैबिनेट की बैठक बड़वानी जिले के भीलट बाबा देवस्थल नागलवाड़ी में हुई। इस बैठक में कृषि विकास और सिंचाई योजनाओं के लिए 27 हजार 500 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। इसके साथ ही साथ किसानों से जुड़े 6 विभागों में विकास कार्यों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़वानी जिले के विकास के लिए सरकार का खजाना खोल दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष की यह पहली कैबिनेट है। भविष्य में प्रदेश के विभिन्न स्थानों में कृषि कैबिनेट का आयोजन कर किसान कल्याण की दिशा में अनेक निर्णय लिए जाएंगे। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को हुई पहली कृषि कैबिनेट में कृषि, सिंचाई, पशुपालन, मत्स्य, उद्यानिकी और सहकारिता से संबंधित 27 हजार 500 करोड़ की विभिन्न योजनाओं को मंजूरी दी गई। इस पहली कृषि कैबिनेट में किसानों और विभिन्न उत्पादक गतिविधियों में लगे लोगों के लिए 25 हजार 678 करोड़ रुपए की योजनाओं से ›› शेष पेज 4 पर ›› पढ़ें पेज 02 भी

*कैबिनेट के सभी सदस्यों ने जनजातीय परंपरागत वस्त्रों को धारण कर मुख्यमंत्री के अभ्युदय मप्र में जनजातीय वर्ग के सम्मान और कल्याण का सशक्त संदेश दिया*

- किसान कल्याण वर्ष में हर अंचल में होगी कृषि कैबिनेट
- इस बार नागलवाड़ी में हुई पहली कृषि कैबिनेट



कैबिनेट बैठक में सीएम व मंत्रीगण

**किसानों से जुड़े 6 विभागों में विकास कार्यों के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय**

**बड़वानी जिले के विकास के लिए सरकार ने खजाना खोल दिया**

### 20 परियोजनाओं के लिए 3 हजार 502 करोड़ रुपए की मंजूरी

कैबिनेट ने किसान कल्याण एवं कृषि विकास की 500 करोड़ से कम वित्तीय आकार की 20 परियोजनाओं को आगामी 5 वर्षों तक अर्थात 31 मार्च 2031 तक के लिए निरंतर जारी रखने जाने की मंजूरी दी है। इसके लिए 3 हजार 502 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई। सहकारिता विभाग की सहकारी बैंकों के अंश पूंजी सहायता योजना को 5 वर्षों 31 मार्च 2031 तक संचालित करने के लिए 1 हजार 975 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई। लोकवित्त से वित्त पोषित कार्यक्रम को ऋण प्रदाय करना सहकारिता विभाग से जिला बैंकों के माध्यम से, कालातीत ऋणों की पूर्ति किये जाने के लिए कृषकों को फसल ऋण की उपलब्धता सुनिश्चित ›› शेष पेज 4 पर

### सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए 1,375 करोड़ की मंजूरी

कैबिनेट ने सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना को आगामी 5 वर्षों (वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2020-31 तक) की निरंतरता के लिए 1,375 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। इस योजना में केंद्र एवं राज्य सरकार की भागीदारी से, मौजूदा सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करणीय उद्योगों के उन्नयन तथा नवीन खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना की जाएगी। उद्यानिकी के क्षेत्र में पौधशाला उद्यान में रोपणियों में पौध तैयार करने और उच्च गुणवत्ता ›› शेष पेज 4 पर

### लगभग एक लाख केज स्थापित किए जाएंगे

कैबिनेट की बैठक में मप्र एकीकृत मत्स्यद्योग नीति-2026 को मंजूरी दी गई। इसमें अगले 3 वर्षों तक रुपए 3 हजार करोड़ का निवेश एवं लगभग 20 हजार रोजगार (10 हजार प्रत्यक्ष एवं 10 हजार अप्रत्यक्ष) सृजित होंगे। इस नीति में 18 करोड़ 50 लाख रुपए के बजट प्रावधान की स्वीकृति दी गई। इसमें केज कल्चर को आधुनिक स्वरुप में बढ़ावा देते हुए लगभग एक लाख केज स्थापित किए जाएंगे। इस नीति में मछली पालन संबंधी गतिविधि के साथ ईको-टूरिज्म एवं ग्रीन एनर्जी को शामिल करते हुए बहुउद्देशीय ›› शेष पेज 4 पर

*वृंदावन में विधवा माताओं ने खेली होली*

## बेरंग जिंदगी में बिखरे रंग खुशी से खिल उठे चेहरे



गोपीनाथ मंदिर में खूब उड़ा गुलाल

एजेंसी ›› मथुरा

वृंदावन के ऐतिहासिक गोपीनाथ मंदिर के प्रांगण में सोमवार को बड़ी संख्या में विधवा माताओं ने एक बार फिर होली मनाई। सुलभ इंटरनेशनल द्वारा हाल के वर्षों में आयोजित विधवाओं के लिए वृंदावन की होली का उत्सव उन सैकड़ों विधवाओं के लिए यादगार अवसर बन गया है, जिन्हें कुछ समय पहले तक अपमान का सामना करना पड़ता था। सुलभ इंटरनेशनल ›› शेष पेज 4 पर

### होली पर मोहन सरकार का ‘तोहफा’

## शासकीय सेवकों व पेंशनर्स को 3 फीसदी ‘डीए’ मिलेगा

*अब बढ़कर हुआ 58 फीसदी*




हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

होली के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य के शासकीय सेवकों व पेंशनर्स के महंगाई भत्ते (डीए) में 3 फीसदी की बढ़ोतरी का तोहफा दिया है। इसकी घोषणा मुख्यमंत्री ने खुद अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर की है। डीए में बढ़ोतरी के बाद यह 58 फीसदी हो जाएगा। अभी तक शासकीय सेवकों को 55 फीसदी डीए मिल रहा था। काफी समय बाद यह ऐसा मौका है, जिसमें सरकार ने कर्मचारियों व पेंशनर्स दोनों को डीए में बढ़ोतरी का तोहफा दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी शासकीय सेवकों को भारत सरकार के समान अप्रैल (पेड इन मई) 2026 ›› शेष पेज 4 पर

### साल का पहला चंद्रग्रहण आज

## ग्रहण दोपहर 3.20 बजे से शाम 6 बजकर 46 मिनट तक

हरिभूमि न्यूज ›› भोपाल

भोपाल सहित देशभर में मंगलवार को साल का पहला चंद्रग्रहण रहेगा। चंद्रग्रहण का सूतक काल सुबह 6:20 बजे से शुरू होगा। सूतक काल लगते ही मंदिर में दर्शन, हवन-पूजन, जप, अनुष्ठान और अन्य धार्मिक क्रियाएं पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। सूतक काल समाप्त होने के बाद रात करीब 7 बजे शुद्धि करने के बाद मंदिर खोले जाएंगे। लेकिन शहर के लखेरापुरा स्थित श्रीजी का मंदिर खुला रहेगा। मां चामुंडा दरबार ›› शेष पेज 4 पर



**चंद्रग्रहण का समय**

- शुरुआतः दोपहर 3:20 बजे
- पूर्ण ग्रहण शुरूः शाम 4:34 बजे
- पूर्ण ग्रहण समाप्तः शाम 5:33 बजे
- ग्रहण का समापनः शाम 6:46 बजे






*ब्याज दर 8.25 फीसदी ही*

### ईपीएफओ ने ब्याज दरों में नहीं किया कोई ‘परिवर्तन’

**नई दिल्ली।** देश के करोड़ों सैलरी पेशा कर्मचारियों के लिए एक बड़ी खबर है। दरअसल, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ईपीएफओ की ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया है और इसे 8.25 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा है। यह लगातार दूसरे वर्ष बरकरार रखी गई है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज की बैठक हुई, जिसमें पीएफ ब्याज दरों को लेकर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया।




*यह लगातार दूसरे वर्ष बरकरार रखी गई*

सेंट्रल बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ईपीएफओ का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है, जो फंड के प्रबंधन, निवेश और वितरण की निगरानी करता है। पिछले साल फरवरी में, ईपीएफओ ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ब्याज दर को 8.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा था। हालांकि, 2024 में, इसने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए ब्याज दर को मामूली रूप से बढ़ाकर 8.25 प्रतिशत कर दिया, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 8.15 प्रतिशत थी। ईपीएफओ बोर्ड के फैसले का असर करोड़ों पीएफ खाताधारकों पर पड़ सकता है। क्योंकि इससे उनके रिटायरमेंट फंड पर मिलने वाले रिटर्न तय होते हैं। 2025-26 के लिए ईपीएफ जमा पर ब्याज दर को अनुमोदन के लिए वित्त मंत्रालय को भेजा जाएगा।




# 2000 से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन



सोमवार शाम 6 नंबर चौराहे पर होलिका दहन किया गया।

## राधावल्लभ मंदिर में 40 दिवसीय होली उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री हित रसिक राधावल्लभ मंदिर में विगत 40 दिनों से चल रहा भव्य होली उत्सव पूर्णिमा के पावन अवसर पर विधिवत विश्राम को प्राप्त हुआ। उत्सव के अंतिम दिन भक्तों ने भाव-विभोर होकर गाया। मत जा रे रंगीले फागुन रसिया,मेरे मन बसिया होरी के रसिया रसभरी धुनों और पदों के बीच ठाकुर जी पर पुष्प, गुलाल और प्राकृतिक रंगों से होली अर्पित की गई। इस अवसर पर लगभग एक क्विंटल पुष्पों से पुष्प होली खेली गई, जिनमें गेंदा, गुलाब, सेवती और रजनीगंधा की सुगंध से पूरा मंदिर प्रांगण महक उठा। इसके साथ ही लगभग 50 किलोग्राम गुलाल अर्पित किया गया, जिससे वातावरण रंगमय हो गया।

### शहर में बनाए गए 52 गोकाष्ठ विक्रय केंद्र

# सरकार की पहल पर गोकाष्ठ के इस्तेमाल से 2500 पेड़ कटने से बचे

### कल बरसेगा रंग, दयानंद चौक से निकलेगा जुलूस, उड़ेगा गुलाल, हुरियारे रचाएंगे स्वांग

**भोपाल ।** होलिका दहन को लेकर सोमवार को सुबह से ही शहर में चहल पहल शुरू हो गई थी, जो रात करीब 8 बजे होते-होते होलिका दहन करने में जुट गई। रात 8:14 बजे से कुछ जगहों पर होलिका दहन का सिलसिला शुरू हो गया। तो वहीं भद्रा के चलते अधिकांश जगहों पर पुच्छ भाग में होली दहन किया जाएगा। जोकि मंगलवार अल सुबह 4 बजे तक जारी रहा। राजधानी में 2000 से अधिक स्थानों पर श्रद्धा और भक्ति के साथ होलिका दहन हुआ। भक्त प्रहलाद की जयघोष के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की और बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। मप्र सरकार की पहल पर गो काष्ठ संवर्धन व पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा शहर में होलिका दहन के लिए 52 विक्रय केंद्रों लगाए गए। इस बार अधिकांश जगहों पर इस बार होलिका दहन के लिए गो काष्ठ व कंडों का उपयोग कर होली जलाकर पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही 2500 पेड़ कटने से बचा लिया। लोगों ने होलिका की परिक्रमा कर सुख शांति व संतान के दीघार्यु के लिए आशीर्वाद मांगा। राजधानी में अधिकांश जगहों पर सामाजिक समितियों और इतने ही कॉलोनियों के रहवासियों ने गोकाष्ठ, कंडे और गुलेरी से होलिका दहन कर लकड़ी बचाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

#### इन स्थानों पर होलिका दहन

जानकारी के आधार पर शहर के चौक बाजार, सोमवारा, जवाहर चौक जुमेराती, घोड़ा नक्कास, मंगलवारा, इतवारा, शाहजहांनाबाद, भोइपुरा, लालघाटी, सफाखाना, माता मंदिर, होली चौराहा अशोका गार्डन, पीपल चौराहा करोंद, गणेश मंदिर छोला, बस स्टैंड, इब्राहिमगंज, टीला जमालपुरा, रामानंद कॉलोनी, लालघाटी चौराहा, विजय नगर, गांधी नगर, सफा खाना, न्यू मार्केट रंगमहल चौराहा, जवाहर चौक टीटी नगर, भदभदा चौराहा, चांदबड़-रातीबड़, त्रिलंगा, कोटरा, नेहरू नगर समेत 2050 बड़े स्थानों पर होलिका दहन हुआ।

#### कल रहेगी धुलेंडी की धूम

चंद्रग्रहण के चलते मंगलवार को धुलेंडी नहीं रहेगी। ऐसे में बुधवार को शहर में धुलेंडी की धूम रहेगी। रंगों के इस पर्व पर शहर रंगों से सराबोर नगर आएगा। लोग एक दूसरे को रंग गुलाल अबीर लगाकर होली की बधाई देगे। बच्चे भी पिचकारियों से एक दूसरे पर रंग बरसाएंगे। सुबह से शाम तक शहर की सड़कों से लेकर रहवासी कॉलोनियों में जगह-जगह होली का नजारा दिखाई देगा। इस दौरान शहर में रंगारंग चल समारोह निकलेंगे। ढोल-नागड़े, डीजे की धुन पर थिरके हुरियारे गली-गली रंग बिखेरेंगे। पांच किलोमीटर के इस चल समारोह का जगह-जगह स्वागत किया जाएगा। हुरियारों पर नगर निगम के टैंकरों से रंग बरसाए जाएंगे। गुलाल भी उड़ाया जाएगा। चल समारोह में 15 डीजे और ढोल-नगाड़े होंगे। एक रथ होगा, जिसमें तीन अलग-अलग झांकियां होंगी। राधा-कृष्ण होली खेलते नजर आएंगे। होली के गानों पर हुरियारे झूमेंगे। रंगों के पर्व होली को लेकर शहर में उत्साह का माहौल है।

#### ...राल होली एवं रसिया फाग महोत्सव

भोपाल। श्रीजी मंदिर में सोमवार को प्रभु को सफेद वस्त्र के साथ सर पर मोर चंद्रिका एवं सोने के आभूषण सिंह किया गया। संध्या काल में प्रभु की दाढ़ी रंग कर रंगोत्सव प्रारंभ हुआ। फिर एक मशाल में अग्नि प्रज्वलित कर लाल उड़ाई गई। जिससे अग्नि के बड़े-बड़े गुब्बारे के बीच में प्रभु की छवि के दर्शन हुए। पुष्टिमार्ग में 3 मार्च मंगलवार को प्रभु लता पता से बने ढोल में विराजमान होकर रंग उत्सव होली खेलेंगे।

#### नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है

ब्रज की रीत अनुसार प्रभु ने कामदेव का मर्दन किया था, उसके भाव से यह रात उत्सव रहता है। ऐसा बताया जाता है कि यह राल की अग्नि के दर्शन करने से मनुष्य के अंदर की नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है। 3 मार्च चंद्र ग्रहण होने के कारण पुष्टिमार्गीय में प्रभु की होली उत्सव प्रातः 11:00 तक पूर्ण हो जाएगा, जिसमें प्रभु को टेसू से बने गीले रंग एवं अरारोट से बनी गुलाल से होली खिलाई जाएगी।

### लोगों को लकड़ी के विकल्प के रूप में उपलब्ध कराए गोकाष्ठ

# शहरवासियों ने होलिका दहन के लिए सेंटरों से प्राप्त की 5270 क्विंटल गोकाष्ठ




**भोपाल।** गोकाष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति विगत 9 वर्षों से भोपाल शहर के पर्यावरण और गऊ माता के संवर्धन, संरक्षण को लेकर होलिका दहन पर्व पर शहरवासियों को लकड़ी के श्रेष्ठ विकल्प के रूप में गोकाष्ठ उपलब्ध करा रही है । गोकाष्ठ परिवार ने इस बार भी आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पूरे शहर में गोकाष्ठ के 52 सेंटर बनाए थे, जिससे सुगमता से सभी को गोकाष्ठ उपलब्ध हो सके और शहरवासियों के अप्रतिम सहयोग से इस बार 5270 क्विंटल गोकाष्ठ होलिका दहन के लिए उपयोग में ली गई। स्थापित किए गए सभी सेंटरों से पूरी गोकाष्ठ शाम सात बजे तक खत्म हो गई । इस पर्यावरणीय और गऊ माता हितैषी मुहिम में सभी के सहयोग के लिए गोकाष्ठ समिति के अध्यक्ष अरुण चौधरी समन्वयक पंडित मम्तेश शर्मा, प्रमोद चुग, अजय दुबे और योगेंद्र सक्सेना ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

### चल समारोह दयानन्द चौक से होगा आरंभ

# होली पर कल निकलेगा चल समारोह, बदला रहेगा ट्रैफिक



पुराने शहर के जुमेराती में होली के रंगों की खरीदारी करते लोग।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हिन्दू उत्सव समिति की ओर से हर साल की तरह इस साल भी होली के अवसर पर चल समारोह निकला जाएगा। इसके चलते बुधवार को राजधानी के विभिन्न मार्गो पर ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया गया है। चल समारोह पुराने शहर में में दयानन्द चौक से प्रारंभ होगा। यह जुमेराती, छोटे भैया कार्नर, हनुमानगंज, मंगलवारा, इतवारा, चिंतामन चौक, चौक, लखेरापुरा, भवानी चौक, सिन्धी मार्केट होता हुआ जवाहर चौक और जनकपुरी पहुंचकर समाप्त होगा। इस दौरान भोपाल टॉकीज चौराहा, नादरा बस स्टैण्ड, भारत टॉकीज तिराहा, रॉयल मार्केट, मोती मस्जिद से आवश्यकतानुसार ट्रैफिक डायवर्ट किया जाएगा।

# गायत्री शक्तिपीठ में व्यसन, फैशन, अश्लीलता त्याग के संकल्प के साथ किया होलिका दहन

**भोपाल।** गायत्री शक्तिपीठ पर सोमवार शाम होलिका दहन किया गया, जिसमें पर्व संदेश के रूप में व्यसन, फैशन, अश्लीलता का निवारण का त्याग करने का संकल्प लिया एवं समरसता, प्रेम, सौहाद्र, प्राकृतिक रंगों, आपसी भाईचारे के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया गया। युवा प्रकोष्ठ के रमेश नागर ने बताया कि शाम से ही शक्तिपीठ का माहौल रंगीन नजर आने लगा था। लोग शाम पांच बजे से ही मंदिर पर एकत्रित होने लगे थे। उन्होंने बताया कि सभी ने शाम के 8 बजते ही होलिका दहन किया और एक दूसरे को शुभकामनाएं दी।



### कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में वितरित किए जाएंगे पुरस्कार

# लॉयंस क्लब की रीजन कॉन्फ्रेंस रश्मि 14 मार्च को, 600 सदस्य होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233जी2 की रीजन कॉन्फ्रेंस रश्मि का आयोजन 14 मार्च को शाम 5.15 बजे से भोपाल में किया जाएगा। रीजन चेयरमैन लायन मनीष जैन ने बताया कि कॉन्फ्रेंस में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रवीण वशिष्ठ मुख्य अतिथि होंगे।

पुणे से लायन लीडर द्वारका जालान मुख्य वक्ता होंगे। कार्यक्रम में रीजन के करीब 600 सदस्यों के शामिल होने की उम्मीद है। कार्यक्रम में विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कार दिए जाएंगे। उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए क्लब पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। बेस्ट ड्रेस, बेस्ट कपल, लायंस पिन कलेक्शन और बेस्ट फोटो एलबम के पुरस्कार भी शामिल हैं। ध्वज प्रस्तुतिकरण और रीजन अवार्ड्स की प्रस्तुति भी होगी। प्रथम डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन महेश मालवीय और लायन जेपीएस जौहर, डॉ. आर के चौरसिया विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कॉन्फ्रेंस की आयोजन समिति में आशीष जैन (ऑर्गेनाइजेशन चेयरमैन), लायन राहुल नायक (ऑर्गेनाइजेशन सेक्रेटरी) और लायन नितिन गर्ग (ऑर्गेनाइजेशन ट्रेजरर) शामिल हैं।



क्लब की बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

## भोपाल रेल मंडल में सेवा संकल्प बैठक का आयोजन

**भोपाल।** भोपाल मण्डल में सोमवार मण्डल रेल प्रबंधक पंकज त्यागी की अध्यक्षता में कंट्रोल ऑफिस स्थित आपदा प्रबंधन कक्ष में एक महत्वपूर्ण सेवा संकल्प बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा नए प्रधानमंत्री कार्यालय सेवा तीर्थ में अपनाए गए सेवा संकल्प प्रस्ताव के क्रियान्वयन एवं उसके दूरदर्शी विजन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को केंद्र में रखते हुए राष्ट्र को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं सशक्त बनाने के संकल्प पर बल दिया गया। साथ ही डिजिटल इंडिया सहित विभिन्न प्रशासनिक एवं तकनीकी सुधारों के माध्यम से कार्य दक्षता, पारदर्शिता एवं जवाबदेही बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक अभिराम खरे व योगेन्द्र बघेल सहित समस्त शाखा अधिकारीगण एवं पर्यवेक्षक मौजूद थे।

### शहर-दर-शहर बदलेगा चंद्रग्रहण

# चंद्रोदय के साथ ही चंद्रग्रहण का संयोग




सारिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली के रंगों के बीच चंद्रमा भी तामिया लाल सा दिखकर होली खेलने जा रहा है। मंगलवार 3 मार्च पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण की खगोलीय घटना होने जा रही है। इसमें चंद्रमा पृथ्वी की पूर्ण छाया में से होकर गुजरेगा जिससे यह गहरे लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई देगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि भारत में इसे आं शि क चंद्रग्रहण के रूप में शाम को केवल कुछ मिनट के लिए ही देखा जा सकेगा। यह ग्रहण ग्रस्तोदय के रूप में नजर आएगा। सारिका ने बताया कि वैसे तो ग्रहण की शुरुआत दोपहर लगभग 3 बजकर 20 मिनट से हो चुकी होगी, लेकिन तब भारत में चंद्रोदय नहीं हुआ होगा। आंशिक ग्रहण की समाप्ति शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगी। इसके पहले जिन नगरों में चंद्रोदय हो चुका होगा।

### बीयू में दोनों बालक छात्रावास में दिखा उत्साह

# होलिका दहनः हॉस्टल के छात्र-छात्राओं ने भी धूमधाम से उड़ाया रंग-गुलाल, दीं शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में सोमवार देर शाम को होलिका दहन शुरू हुआ। यह देर रात तक चलता रहा। इस दौरान बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, करियर कॉलेज, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि, मैनिट सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स ने भी होलिका दहन के बाद उत्साह से रंग-गुलाल उड़ाया। कैंपस में होलिका दहन के बाद एक-दूसरे को रंग-गुलाब लगाया और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। बीयू में दोनों बालक छात्रावास के छात्रों ने शाम को रंग-गुलाल से होली खेली। होलिका दहन एक ही स्थान पर किया गया। इस बीच हॉल्टल के छात्रों के अलावा बालिका छात्रावास में भी गर्ल्स ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। हॉस्टल के कुछ छात्रों ने बताया कि यह क्रम बुधवार को भी चलेगा। मंगलवार को चंद्रग्रहण के कारण बुधवार को और अधिक रंग-गुलाल उड़ाया जाएगा।

### ऑनलाइन आवेदन 28 मार्च 2026 तक कर सकेंगे अभिभावक, आरएसके ने जारी किए दिशा-निर्देश

# आरटीईः फ्री प्रवेश के लिए 13 मार्च से शुरू होंगे आवेदन, 2 अप्रैल को निकाली जाएगी लॉटरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों की प्रथम प्रवेशित कक्षा में निःशुल्क प्रवेश के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन 13 मार्च से शुरू होंगे। अभिभावक ऑनलाइन आवेदन 28 मार्च 2026 तक कर सकेंगे। आरटीई पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन पत्र का प्रारूप एवं निर्देश उपलब्ध कराये गए हैं। निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए आवेदकों का चयन, ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से 2 अप्रैल को किया जाएगा।

संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 में निजी स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश के लिए समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है। साथ ही सभी जिला कलेक्टरों एवं संबंधित अधिकारियों को विस्तृत निर्देश भी प्रदान किए गए हैं। समय-सारिणी एवं दिशा निर्देश आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध हैं।




#### 9 मार्च से देख सकेंगे सीटों की स्थिति

सत्र 2026-27 के लिए जारी समय सारिणी के अनुसार, निःशुल्क प्रवेश के लिए मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों एवं उनमें उपलब्ध कक्षा की सीट्स का पोर्टल पर प्रदर्शन दिनांक 09 मार्च 2026 से किया जाएगा। फार्म के साथ पात्रता सम्बंधित कोई भी एक दस्तावेज अपलोड करना होगा।

#### 14 से 30 मार्च तक करा सकेंगे सुधार

ऑनलाइन आवेदन के पश्चात आवेदकों को इसी अवधि में त्रुटि सुधार का अवसर भी मिलेगा। 14 मार्च से 30 मार्च की अवधि में दस्तावेजों का सत्यापन संबंधित संकुल केन्द्र वाले स्कूल में अधिकृत सत्यापनकर्ता अधिकारी से करवाना होगा।

#### इस बार एडमिशन निरस्त होने की समस्या नहीं होगी

आवेदक ने आर.टी.ई. में निःशुल्क प्रवेश के लिये जिस कैटेगरी/निवास क्षेत्र के माध्यम से प्रवेश चाहा है, तत्तसंबंधी कैटेगरी एवं निवास प्रमाण का सत्यापन, संबंधित मूल प्रमाण पत्र से किया जायेगा। लाटरी के पूर्व ही दस्तावेज सत्यापन हो जाने से, आवेदकों को स्कूल आवंटित होने के बाद दस्तावेजों की त्रुटि या अभाव में, एडमिशन निरस्त होने की समस्या उत्पन्न नही होगी।

#### एसएमएस से मिलेगी सूचना

ऑनलाइन आवेदन करने में कोई समस्या या कठिनाई होने की स्थिति में संबंधित विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। 2 अप्रैल को ऑनलाइन लॉटरी द्वारा छात्रों को निजी स्कूलों में सीट का आवंटन किया जायेगा। लॉटरी प्रक्रिया के उपरांत आवंटित सीट की जानकारी, आवेदक को उसके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर, एसएमएस के माध्यम से प्रदान की जायेगी। ऑनलाइन लॉटरी की सूची आर.टी.ई. पोर्टल पर भी उपलब्ध रहेगी। किसी आवेदक को आवेदन करने में कोई दिक्कत हो या उन स्कूलों की जानकारी चाहिए हों, जहां सीटें खाली हैं, तो आर.टी.ई. पोर्टल अथवा सर्व शिक्षा अभियान के ज़िला परियोजना कार्यालय अथवा विकासखण्ड स्रोत केन्द्र या जनशिक्षा केन्द्र कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

#### ऐसे होगा आयु का निर्धारण

आयु के संबंध में, नर्सरी/के.जी.-1/के.जी-2 कक्षाओं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 03 से 04 वर्ष 06 माह एवं कक्षा-1 में प्रवेश के लिये न्यूनतम आयु 06 वर्ष से अधिक से 07 वर्ष 06 माह तक निर्धारित की गई है। सत्र 2026-27 के प्रवेश के लिए नर्सरी/के.जी.-1/के.जी-2 कक्षाओं के लिए आवेदक की आयु की गणना 31 जुलाई 2026 की स्थिति में एवं कक्षा 1 के लिए 30 सितम्बर 2026 की स्थिति में की जायेगी।

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## अमेरिका-ईरान की जंग

### तेल लगातार ऊपर चढ़ रहा है...शेयर बाजार जमीन पर धूल-धूसरित



तेहरान में बम धमाकों के बाद उठता धुएं का गुबार



### दुबई से मप्र के फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने की कोशिशें

## सीएम डॉ. यादव बोले- भारत सरकार से 'तालमेल' जारी

भोपाल। दुबई में मध्यप्रदेश के 700 से ज्यादा लोग फंसे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द होने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फंसे हुए लोगों के परिवारों से उनकी बात हुई है और राज्य सरकार पूरी तरह उनके साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि भारत सरकार के साथ लगातार तालमेल बनाया जा रहा है ताकि सभी नागरिक सुरक्षित लौट सकें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि हर नागरिक की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकता है। साथ ही यह भी कहा कि किसी को किसी प्रकार का कष्ट न हो, इसके लिए लगातार प्रयास जारी रहेंगे। राज्य सरकार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।



डॉ. मोहन यादव

### शारजाह से इंदौर आने वाली फ्लाइट कैंसिल

28 फरवरी से कैंसिल शारजाह से इंदौर आने और जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट सोमवार को भी निरस्त कर दी गई हैं। दो पूर्व विधायकों सहित इंदौर के एक बड़े कारोबारी और उनके साथी दुबई की जिस होटल में ठहरे थे, उसके पास की ही पार्क जुमेरा होटल में मिसाइल गिरी और धमाका हुआ। घटना के बाद इंदौर के सभी लोगों ने उस इलाके को छोड़कर दूसरी होटल में शरण ली। कारोबारी पिंटू छाबड़ा ने बताया कि उनके परिजन और सभी साथी सुरक्षित हैं। इंदौर से गया एक अन्य परिवार अबूधाबी में फंसा है। इंदौर से अपने परिवार के साथ 6 लोगों के साथ 26 फरवरी को शारजाह गए सुमित टोंग्या ने बताया कि वे अभी अबूधाबी में हैं। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी की पहल: फंसे भारतीयों को लाने जेद्दा से चलेंगी 10 विशेष राहत उड़ानें

मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष के कारण फंसे यात्रियों को वापस लाने के लिए इंडिगो 3 मार्च को जेद्दा से कई भारतीय शहरों के लिए 10 'विशेष राहत उड़ानें' संचालित करेगा। यह जानकारी नागर विमानन मंत्रालय ने दी। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि ये उड़ानें आवश्यक मंजूरियों और क्षेत्र में हवाई क्षेत्र की वर्तमान स्थितियों पर निर्भर करेंगी।

### बिना लीडर के ही जंग में अकेला पड़ा ईरान रिवॉल्यूशनरी गार्ड मनमर्जी से कर रहे हमले

# अब ईरान की तरफ जर्मनी, ब्रिटेन व फ्रांस की भी मिसाइलें, पुतिन नाराज, बोले-ईरान के 'संपर्क' में

### वार अपडेट

1. **ईरान बोला- हमारी परमाणु साइट पर हमला**
2. **ईरान का दावा- हमने नेतन्याहू के दफ्तर को उड़ाया**
3. **इजराइल ने हमले की खबर का खंडन किया**
4. **इस जंग में अब तक ईरान के 555 लोग मारे गए**
5. **कुवैत में यूएस दूतावास परिसर में धुएं का गुबार**
6. **कुवैत ने गलती से मार गिराए यूएस के 3 फाइटर जेट्स**
7. **कई तेल रिफाइनरियों में भी हमले, ज्यादातर बंद**
8. **तनाव से बाजार धड़ाम, सेंसेक्स 1048 अंक टूटा**

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली/तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका और इजराइल की तरफ से ईरान पर हमला बोले जाने के बाद पश्चिम एशिया में हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। जंग का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। अब ईरान की तरफ ब्रिटेन, फ्रांस व जर्मनी की मिसाइलें भी तन गईं हैं। वहीं, ईरान बिना नेतृत्व के अकेले ही जंग लड़ रहा है। उसके रिवॉल्यूशनरी गार्ड अपनी मनमर्जी से हमला कर रहे हैं। इसलिए, उसके टारगेट स्पष्ट नहीं हो रहे हैं। वहीं, रूस के राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन ने इन हमलों को अनैतिक बताया है। उन्होंने कहा है कि वे ईरान के बचे हुए नेताओं के संपर्क में हैं। माना जा रहा है कि इस जंग में यदि रूस कूद गया तो भयंकर तबाही मच जाएगी। उधर, ईरान ने इजराइल और क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी




*हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही रुकने के कारण सोमवार को ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स में करीब 10% की भारी उछाल दर्ज की गई*

### खामेनेई की पत्नी की भी मौत



मंसूरे खोजस्ते

इजराइल और अमेरिका के संयुक्त हमले में सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई की मौत हो गई थी। इस हमले में खामेनेई की पत्नी मंसूरे खोजस्ते बागेरज़ादेह ▸▸ शेष पेज 4 पर

### न्यूक्लियर प्लांट पर हमले के संकेत नहीं

वियना में इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स की इमरजेंसी मीटिंग हुई। डिप्लोमेट्स ने कहा कि इस बात का कोई संकेत नहीं है कि शनिवार के हमलों में ईरानी न्यूक्लियर फैसिलिटीज़ पर हमला हुआ था। इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी कमीशन के चीफ राफेल मारियानो ग्रॉसी ने चेताया है कि अभी तक ईरान ▸▸ शेष पेज 4 पर

### प्रधानमंत्री मोदी ने बहरीन के राजा और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस से बात की

पीएम नरेंद्र मोदी ने बहरीन के राजा हमाद बिन ईसा अल खलीफा और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और पीएम मोहम्मद बिन सलमान से बात की है। पीएम मोदी ने इन दोनों देशों पर हुए हमलों की निंदा की और दोनों देशों में भारतीय समुदाय की भलाई पर चर्चा की। इस संघर्ष को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने कनाडा के पीएम मार्क कार्नी की मौजूदगी में सोमवार को राजधानी नई दिल्ली में कहा कि दुनिया में चल रहे कई तनावों पर भारत का रुख साफ है। हमने हमेशा शांति और स्थिरता बनाए रखने की बात कही है। भारत बातचीत और डिप्लोमेसी के ज़रिए सभी विवादों को सुलझाने का समर्थन करता है।

### जंग के बीच ट्रंप ब्रिटेन से नाराज

युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल, ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद ▸▸ शेष पेज 4 पर


### एफ-15 क्रैश पर अमेरिका का बयान



अमेरिकी सेना ने सोमवार को बताया कि ईरान के हमलों के दौरान एक लड़ाकू मिशन में कुवैत ने गलती से अमेरिकी वायुसेना के तीन एफ-15ई स्ट्राइक ईगल विमानों को मार गिराया। सभी छह एयरक्रू सुरक्षित रूप से बाहर निकलने में सफल रहे, उन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है और उनकी हालत स्थिर है। कुवैत ने इस घटना को स्वीकार किया है और जारी अभियान में सहयोग के लिए अमेरिकी सेना ने कुवैती रक्षा बलों के प्रयासों के प्रति आभार जताया है।


## खबर संक्षेप

### सीवर टैंक में जहरीली गैस से दो की मौत



इंदौर। सीवर टैंक में घुसने से नगर निगम के दो कर्मचारियों की मौत हो गई। टैंक के अंदर जहरीली गैस से उनका दम घुट गया। मरने वालों की पहचान करण यादव और अजय डोडिया के तौर पर हुई है। घटना चोइथराम मंडी गेट के पास की है। मशीन से चैंबर की सफाई हो रही थी। एक पाइप चैंबर में गिरी, जिसे निकालने एक कर्मचारी नीचे उतरा। वह नहीं आया तो दूसरा भी उतर गया। दोनों के शवों को निकाला गया।

### दो दोस्तों की हुई मौत एक साथ उठीं अर्थियां



रायसेन। भतीजे के मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे दो जिगरी दोस्तों की सड़क हादसे में मौत हो गई। दोनों का शव उदयपुरा के समीप जयपुर जबलपुर हाईवे करीब दो घंटे तक लावारिस हालत में पड़े रहे। सोमवार को तड़के दोनों जिगरी दोस्त रायसेन शहर के मुखर्जीनगर निवासी 25 वर्षीय राहुल सिंह और अर्जुन राजपूत स्कूटी पर सवार हो अपने बड़े भाई के बेटे के मुंडन संस्कार में शामिल होने जा रहे थे।



थाना प्रभारी के जन्मदिन सेलिब्रेट करने का वीडियो आया था सामने

### हिस्ट्रीशीटर के कंधे पर बैठे थे जौरा के टीआई

## अपराधी के साथ बर्थडे पार्टी पड़ी भारी, सीएम के निर्देश पर निलंबित किए गए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

अपराधियों के साथ गलबहियां और जन्मदिन मनाने वाले मुरैना जिले के जौरा थाना प्रभारी दर्शन शुक्ला को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्ला के वायरल वीडियो पर नाराजगी जताई। इस निलंबन के साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि कर्तव्य में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। थाना वायरल वीडियो में दिख रहा है कि शुक्ला बाइक चोर गिरोह के कथित सरगना लवकुश शर्मा के कंधे पर बैठे हुए हैं। यह वीडियो उस वक्त बनाया गया, जब टीआई शुक्ला साथियों के साथ थाना परिसर में ही जन्मदिन मना रहे थे। इस दौरान केक काटा गया और ढोल-नगाड़े भी बजाए ▸▸ शेष पेज 4 पर

**सीएम ने कहा- कर्तव्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं**

### बिना अनुमति मुख्यालय छोड़ने पर रोक

थाना प्रभारी जौरा निरीक्षक दर्शन शुक्ला के उक्त आचरण से पुलिस की निष्पक्ष छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उनका यह आचरण मप्र पुलिस रैग्युलेशन के पैरा 64(3) (11) स्पष्ट उल्लंघन है। अतः उक्तानुसार प्रदर्शित आचरण के लिए दर्शन शुक्ला, थाना प्रभारी जौरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय रक्षित केंद्र, मुरैना रहेगा तथा वह रक्षित केंद्र मुरैना की प्रत्येक गणना में उपस्थित रहेंगे और लिखित ▸▸ शेष पेज 4 पर

### बेकाबू कार बोलेरो से टकराई

## कार में ही पिता-पुत्र जिंदा जले, निकल भी नहीं पाए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छिंदवाड़ा



■ नींद की झपकी आने से हुआ हादसा

छिंदवाड़ा–सिवनी मार्ग पर रविवार और सोमवार की दरमियानी रात करीब तीन बजे हुए भीषण सड़क हादसे में कार सवार पिता-पुत्र की जिंदा जलने से मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब उत्तर प्रदेश से अपने घर लौट रहे दोनों लोग देर रात ड्राइविंग के दौरान नींद की झपकी आने से वाहन पर नियंत्रण खो बैठे। पुलिस के अनुसार ▸▸ शेष पेज 4 पर

### कॉल डिटेल में लंबी बातचीत

## युवक ने युवती को गोली मारकर कर ली आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्मदापुरम



■ पुलिस को प्रेम प्रसंग की आशंका

सोहागपुर विकासखंड के ग्राम भटगांव में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात युवक ने पहले युवती की गोली मारकर हत्या की और फिर स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सोमवार दोपहर दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए लाया गया। सोहागपुर एसडीओपी संजू शर्मा ने बताया कि ग्राम भटगांव निवासी सुरेश पुर्विया के मकान ▸▸ शेष पेज 4 पर

## पीएम मोदी-कार्नी की मुलाकात



### कई समझौतों पर हुए साइन

नई दिल्ली। पीएम मोदी और कनाडाई पीएम मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम मोदी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों ▸▸ शेष पेज 4 पर ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी

### गर्मी का रंग : सबसे गर्म नर्मदापुरम में 36.7 डिग्री तक पहुंचा पारा

**तीन जिले 35 डिग्री पार, भोपाल में 33 डिग्री पर गर्मी**

## मध्यम गर्मी के बीच खेली जाएगी होली तेज धूप बढ़ाएगी 2-3 डिग्री तक पारा

**अगले सप्ताह मिलेगी कुछ राहत दो पश्चिमी विक्षोभ इस सप्ताह के अंत तक आएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में अभी मौसम साफ होने से गर्मी का असर बढ़ रहा है। अगले तीन से चार दिन तापमान में और बढ़त होगी। इस बीच कल और अगले दिन मनाया जाने वाला होली का त्योहार मध्यम गर्मी के बीच मनेगा। अगले तीन से चार दिन में प्रदेशभर में अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़त होने की उम्मीद है। अभी मार्च के शुरू में ही गर्मी असर दिखाने ▸▸ शेष पेज 4 पर



तीखी धूप से बचाव के लिए चेहरे को लोग कपड़े से ढकने लगे हैं। भोपाल में दोपहर का दृश्य।

### अभी कहां-कितनी गर्मी?

सोमवार को सबसे गर्म रहे 7 जिलों में दिन का पारा 34 से 35 डिग्री के बीच रहा। इनमें गुना, रतलाम, श्योपुर, दमोह, मंडला, सागर और टीकमगढ़ जिले शामिल हैं। इन जिलों में सबसे अधिक गर्मी महसूस की गई। मंगलवार को इसमें और बढ़त की उम्मीद है। विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी एक ऊपरी हवा का चक्रवात अरब सागर और गुजरात तट तक सक्रिय है। एक जेट स्ट्रीम करीब 12 किमी की ऊंचाई पर 222 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सक्रिय है। अब एक नया पश्चिमी विक्षोभ ▸▸ शेष पेज 4 पर

## हर सोमवार को होगा बड़े कामों का रिव्यू

# 15 मार्च तक मांगी रोड नेटवर्क मास्टर प्लान की डीपीआर-चीफ इंजीनियर को करना होगी साइट विजिट, सभी मुख्य अभियंताओं को पत्र हुए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में रोड नेटवर्क मास्टर प्लान में चिन्हित की गई सड़कों की डीपीआर लोक निर्माण विभाग ने सभी संभागों के मुख्य अभियंताओं से मांगी है। मुख्य अभियंताओं की यह जिम्मेदारी होगी कि संबंधित रोड का डीपीआर भेजने के पहले वे स्थल निरीक्षण करेंगे और इसकी एंट्री भी करेंगे। यह डीपीआर भारत सरकार और रोड कांग्रेस की गाइडलाइन के आधार पर तैयार होगी। दूसरी ओर, विभाग ने यह भी तय किया है कि जिन कामों को मजबूतीकरण कैटेगरी में शामिल किया गया है। उन कामों की हर सोमवार को समीक्षा की जाएगी। प्रदेश में लोक निर्माण विभाग की ऐसी सड़कों की डीपीआर 15 मार्च तक मांगी गई है, जो सड़कें रोड नेटवर्क मास्टर प्लान के अंतर्गत चयनित की गई हैं। इन सड़कों के उन्नयन, मजबूतीकरण एवं निर्माण कार्यों के लिए प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग ने सभी मुख्य अभियंताओं को पत्र जारी किया है।


प्रतीकात्मक चित्र

### डीपीआर में इसका रखना होगा विशेष ध्यान

- मार्ग के एलाइनमेंट का पोर्टल पर परीक्षण अनिवार्य होगा।
- डिजाइन संबंधित मानकों के अनुसार करें।
- पेवमेंट एवं संरचनात्मक डिजाइन के अनुरूप हो।
- यातायात सर्वेक्षण, ट्रैफिक प्रोजेक्शन एवं डिजाइन लाइफ का वैज्ञानिक विश्लेषण शामिल किया जाए।
- रोड सेफ्टी, साइनेज, मार्किंग एवं सुरक्षा प्रावधानों का समुचित समावेश किया जाए।

### मुख्य अभियंता करेंगे स्थल निरीक्षण

प्रमुख अभियंता ने कहा है कि संबंधित मुख्य अभियंता द्वारा हर डीपीआर का स्थल निरीक्षण कर यह प्रमाणित किया जाएगा कि प्रस्ताव मानकों के अनुरूप है और एलाइनमेंट का परीक्षण र पोर्टल पर किया जा चुका है। साथ ही कार्य की वास्तविक आवश्यकता एवं लागत का परीक्षण भी किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रस्तावों की क्वालिटी, समय पर प्रस्तुति एवं तकनीकी शुद्धता के लिए संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होंगे। निर्धारित मानकों के विपरीत या विलंब से प्राप्त डीपीआर के मामलों में जवाबदेही तय करते हुए आवश्यक प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### विभाग के कामों की हर माह होगी समीक्षा

प्रमुख अभियंता ने एक अन्य निर्देश में सभी मुख्य अभियंताओं से कहा है कि विभाग के मजबूतीकरण कैटेगरी वाले कामों को 30 अप्रैल तक पूरा किया जाना है। इसके लिए साप्ताहिक समीक्षा करने का निर्णय लिया गया है। यह समीक्षा हर सोमवार को की जाएगी। इसके लिए डब्ल्यूएमएस सॉफ्टवेयर में एक मॉड्यूल भी विकसित किया गया है। जिसमें संबंधित कार्यपालन यंत्री द्वारा हर काम की अपडेट रिपोर्ट की एंट्री की जाएगी। किसी भी तरह की देरी की स्थिति में तत्काल निराकरण की कार्रवाई पर फोकस किया जाएगा। इसमें लापरवाही पर एक्शन लेने में भी देर नहीं की जाएगी।

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन ने दी कृषि एवं विकास योजनाओं की सौगात, 50 एकड़ में स्थापित होगा आदर्श बीज उत्पादन केंद्र

### राजकीय गरिमा के साथ मनाया गया भगोरिया पर्व, जुलवानिया भगोरिया हाट में उड़ा उल्लास और परंपरा का रंग

# बड़वानी में आधुनिक सब्जी मंडी से मजबूत होगी कृषि की अर्थव्यवस्था




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भगोरिया केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ आनंद में झूमने का पर्व है। पर्व में महिला और पुरुष समान रूप से कदम से कदम मिलाकर नृत्य करते हैं। पारंपरिक वेशभूषा में लोक संस्कृति की अद्भुत छटा बिखेरते हैं। ताड़ी जैसे पारंपरिक पेय का आनंद भी इस उत्सव का हिस्सा है। जनजातीय संस्कृति की अपनी विशिष्ट पहचान और महत्व है। इसी परंपरा को संरक्षित करने के लिये राज्य सरकार ने इस पर्व को राजकीय पर्व का दर्जा देकर इसकी गरिमा को और बढ़ाया गया है।

यह बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बड़वानी जिले के जुलवानिया में भगोरिया उत्सव में कही। उन्होंने कहा कि बड़वानी के जुलवानिया में भगोरिया हाट में उस समय उल्लास और उमंग का अनूठा दृश्य देखने को मिला। मुख्यमंत्री जनजातीय बंधुओं के भगोरिया उत्सव में शामिल हुए। मुख्यमंत्री के आगमन से पूरा हाट परिसर उत्साह, रंग और पारंपरिक उल्लास से सराबोर हो गया। जनजातीय संस्कृति की जीवंत छटा से सजे इस पारंपरिक पर्व में मांदल की गूंजती थाप, पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित नर्तक-नर्तकियों की मनमोहक प्रस्तुतियां तथा गुलाल से रंगीन वातावरण ने भगोरिया को और भी आकर्षक बना दिया। मुख्यमंत्री ने जनजातीय कलाकारों के साथ मांदल की थाप पर कदम मिलाकर उनकी कला और परंपराओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया।

### सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से सूखे खेतों तक पानी पहुंचा है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ का क्षेत्र, मां नर्मदा के आशीर्वाद से समृद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जल प्रबंधन एवं सिंचाई सुविधाओं के विस्तार से सूखे खेतों तक पानी पहुंचा है। फसलें लहलहा रही हैं। यहां विविध प्रकार की फसलें, फल और सब्जियों का उत्पादन हो रहा है। प्राकृतिक खेती को भी किसान उत्साहपूर्वक अपना रहे हैं, जिसके कारण बड़वानी जिले के फल एवं सब्जियों की मांग देश-विदेश में बनी हुई है। अब लक्ष्य है कि फसल को खेत से कारखाने तक पहुंचाया जाए। फूड प्रोसेसिंग के माध्यम से किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया जाए।

### भावांतर भुगतान योजना में सोयाबीन पर 1,500 करोड़ रुपए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगोरिया के आनंद और बड़वानी की उन्नत कृषि को सम्मान देने के उद्देश्य से कृषि कैबिनेट का आयोजन किया गया, जिसमें किसान कल्याण वर्ष की पहली कैबिनेट में 27,500 करोड़ रुपए के विकास कार्यों के निर्णय लिए गए। किसानों के हित में भावांतर भुगतान योजना में सोयाबीन पर 1,500 करोड़ रुपए की राशि प्रदान की गई। लाड़ली बहनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए 1,500 रुपए प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है। किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक संबल प्रदान कर समान अवसर सुनिश्चित किए जा रहे हैं।

### बड़वानी जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक

मुख्यमंत्री ने कहा कि बड़वानी जिले में उद्यानिकी फसलों का रकबा अधिक है। इसके विस्तार के लिए कोल्ड स्टोरेज, फूड प्रोसेसिंग इकाइयों के साथ आधुनिक सब्जी मंडी की स्थापना की जाएगी। जनजातीय बहुल क्षेत्रों के लिए पानसेमल एवं वरला माइक्रो सिंचाई उद्वहन परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं से हजारों हेक्टेयर भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा मिलेगी और जनजातीय किसानों को सीधा लाभ होगा। खेतिया कृषि उपज मंडी को आदर्श मंडी के रूप में विकसित किया जाएगा। प्राकृतिक खेती के विस्तार के लिए 25 किसानों को अन्य राज्यों में प्रशिक्षण देकर मास्टर ट्रेनर के रूप में तैयार किया जाएगा। बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए 50 एकड़ क्षेत्र में आदर्श बीज उत्पादन केंद्र स्थापित किया जाएगा।

### प्रत्येक मौसम के अनुरूप त्यौहारों की परंपरा रही है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि निमाड़ क्षेत्र अपनी सांस्कृतिक समृद्धि, उत्सवधर्मिता और जीवन के प्रति आनंदमयी दृष्टिकोण के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रत्येक मौसम के अनुरूप त्यौहारों की परंपरा रही है, जिससे जीवन में उल्लास और सामूहिकता बनी रहे। पूर्वजों की ओर से स्थापित यह आनंदमयी परंपरा आज भी जीवंत है। सदियों से भगोरिया पर्व इस क्षेत्र में हर्ष, उमंग और लोक जीवन की ऊर्जा का प्रतीक बना हुआ है।

#### सीएम ने प्रदेशवासियों को दी बसंत और रंगों के पर्व होली की मंगलकामनाएं

## लोक संस्कृति के सम्मान के लिए भगोरिया पर्व पर बड़वानी में आयोजित की गई कृषि कैबिनेट

**देश का फूड बास्केट है मध्यप्रदेश, परीक्षा के समय में तनावमुक्त रहें विद्यार्थी**

**मध्य पूर्व की क्षेत्रीय स्थिति में राज्य सरकार वहां रह रहे प्रदेश के परिवारों के साथ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की मंगलकामनाएं देते हुए कहा कि ईश्वर से प्रार्थना की कि बसंत और रंगों का यह उत्सव सभी के लिए शुभ और कल्याणकारी हो। उन्होंने कहा कि आज भगोरिया पर्व का भी आखिरी भगोरिया है। राज्य सरकार वर्ष 2026 को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मना रही है। पर्व के समय जनजातीय भाई बहनों के साथ रहने और लोक संस्कृति के सम्मान के प्रकटीकरण के लिए पहली कृषि कैबिनेट बड़वानी में सोमवार को आयोजित की गई है। राज्य सरकार ने किसान कल्याण के लिए अनेक योजनाएं संचालित की हैं। फसल की सही कीमत सुनिश्चित करने के लिए भावांतर योजना में अब सरसों को भी शामिल किया जा रहा है। उड़द प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत



अब किसानों को उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा। मप्र दलहन-तिलहन सहित सभी कृषि उत्पादों में एक प्रकार से देश का फूड बास्केट है। राज्य सरकार का प्रयास है कि प्रदेश कृषि और उससे जुड़े सभी क्षेत्रों में निरंतर उन्नति करे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह विद्यार्थियों के लिए परीक्षा का समय है, जो उनके लिए विशेष महत्व का है।

### सीएम व मंत्रियों ने की भीलट देव से समृद्धि की कामना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कैबिनेट मंत्रियों ने सोमवार को निमाड़-मालवा के लोक देवता भीलट देव का दर्शन कर प्रदेश के किसानों की सुख समृद्धि की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। किसान कल्याण वर्ष में बड़वानी जिले के नागलवाड़ी में आयोजित कैबिनेट बैठक के पहले दर्शन लाभ लेने के बाद सतपुड़ा की पहाडी पर विराजित लोक देवता के रमणीय स्थल की सभी ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार प्रदेश के विकास के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। भीलट देव निमाड़-मालवा क्षेत्र के आराध्य देव है। आज वे आराध्य के दर्शन के साथ ही कैबिनेट बैठक की शुरूआत करेंगे। कैबिनेट में जो भी निर्णय लिए जाएंगे। वे प्रदेशवासियों एवं किसानों के हितार्थ होंगे।

## राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह में होंगी विभिन्न गतिविधियां

**भोपाल।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 04 मार्च से 10 मार्च तक देशभर में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह मनाया जाएगा, जिसकी शुरुआत 04 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के रूप में होगी। इस अभियान का शुभारंभ वर्ष 1972 में औद्योगिक प्रतिष्ठानों, कार्यस्थलों एवं सार्वजनिक जीवन में सुरक्षा के प्रति व्यापक जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से किया गया था।

वर्ष 2026 में यह महत्वपूर्ण अभियान अपने 55वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। समय के साथ यह पहल व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने के लिए एक प्रभावी राष्ट्रीय आंदोलन का रूप ले चुकी है, जिसमें औद्योगिक प्रतिष्ठान, श्रमिक संगठन, शासकीय विभाग एवं नियामक संस्थाएँ सक्रिय सहभागिता निभा रहे हैं। वर्तमान औद्योगिक परिदृश्य में तकनीकी विस्तार एवं जटिल कार्य प्रक्रियाओं के दृष्टिगत सुरक्षा प्रबंधन की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। दुर्घटनाओं की रोकथाम, जोखिमों की समयपूर्व पहचान तथा आपातकालीन तैयारी प्रत्येक औद्योगिक इकाई की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

वर्ष 2026 के लिए निर्धारित थीम है। यह थीम स्पष्ट करती है कि सुरक्षित कार्यस्थल का निर्माण तभी संभव है जब प्रत्येक व्यक्ति सुरक्षा प्रक्रिया में सहभागी हो, नियमित रूप से प्रशिक्षित हो तथा उत्तरदायित्वपूर्ण व्यवहार अपनाए। राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के तहत प्रदेश के समस्त औद्योगिक प्रतिष्ठानों में गतिविधियां की जाएंगी - खतरनाक श्रेणी के कारखानों में ऑन-साइट इमरजेंसी प्लान का पूर्वाभ्यास, कारखानों में सेफ्टी पोस्टर्स एवं स्लोगन प्रतियोगिता, सुरक्षा संबंधी नाटकों का आयोजन, निबंध एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण के उपयोग संबंधी प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन।

#### मप्र कांग्रेस का संगठन विस्तार

## 57 मंडलम और 88 नगर अध्यक्ष नियुक्त


फाइल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर 57 विधानसभा क्षेत्रों में मंडलम अध्यक्ष और 88 नगर अध्यक्षों की नियुक्ति घोषित की गई है। साथ ही कटनी शहर, श्योपुर, जबलपुर ग्रामीण और बड़वानी जिलों में जिला कार्यकारिणी का गठन भी किया गया है। पार्टी के संगठन महासचिव डॉ. संजय कामले ने जानकारी देते हुए बताया कि यह नियुक्तियां 'संगठन सृजन अभियान' के तहत की गई हैं। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शिता और संगठनात्मक मानकों के अनुरूप संपन्न हुई है। कांग्रेस का लक्ष्य बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय और प्रभावी बनाना है, ताकि पार्टी की विचारधारा आमजन तक मजबूती से पहुंच सके।

डॉ. कामले के अनुसार नई संरचना आगामी राजनीतिक और जनआंदोलन आधारित कार्यक्रमों को गति देगी। प्रत्येक मंडलम और नगर स्तर पर ऐसे कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है, जो लंबे समय से सक्रिय, समर्पित और जनहित के मुद्दों पर संघर्षरत रहे हैं। पार्टी नेतृत्व का मानना है कि स्थानीय स्तर पर मजबूत टीम बनने से जनता की समस्याओं को अधिक प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने उम्मीद जताई है कि इन नियुक्तियों से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के मुद्दों को लेकर निरंतर संघर्ष कर रही है और संगठन विस्तार उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नव नियुक्त पदाधिकारियों को गांव-गांव और वार्ड-वार्ड तक पहुंच बनाने, संगठन को सशक्त करने और प्रदेश कांग्रेस के कार्यक्रमों को धरातल पर लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार आने वाले समय में अन्य जिलों में भी चरणबद्ध तरीके से संगठनात्मक विस्तार किया जाएगा।

#### सशक्तिकरण, सुरक्षा पर रिकॉर्ड बजट

## मप्र में महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में महिला एवं बाल विकास विभाग ने बीते वर्षों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। बच्चों, किशोरी बालिकाओं और महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा, संरक्षण तथा आर्थिक सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए विभाग ने योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया है। इसके साथ ही विभाग ने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ऐतिहासिक बजट प्रावधान भी सुनिश्चित किया है।

### आंगनबाड़ी तंत्र का सशक्त विस्तार

प्रदेश में 453 एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं के अंतर्गत 97,882 आंगनवाड़ी केंद्र स्वीकृत हैं, जिनके माध्यम से लगभग 84 लाख हितग्राहियों को सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आंगनवाड़ियों में जियो-फेंसिंग आधारित ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू की गई है। प्रदेश कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं की पारदर्शी ऑनलाइन भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर देश का पहला राज्य बना है। वित्तीय वर्ष 2026-27 में सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण 2.0 के लिए 3,768 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

## हर्षोल्लास एवं आपसी प्रेम के साथ मनाएं होली का पर्वः खण्डेलवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दी होली पर्व की शुभकामनाएं

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने प्रदेशवासियों और पार्टी कार्यकर्ताओं को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली पर्व भारत की समृद्ध, सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, जिसका हमारी सनातन संस्कृति में विशेष महत्व है। होली का यह पर्व जीवन को अर्थपूर्ण बनाने, जनसेवा के प्रति हमें समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। साथ ही समाज में समता, प्रेम और समरसता की भावना का विस्तार करता है। खण्डेलवाल ने कहा कि हम सभी पर्यावरण को नुकसान पहुंचाए बिना परंपरागत हर्षोल्लास व आपसी प्रेम के साथ होली का पर्व मनाएं। पावन पर्व को इको फ्रेंडली पर्यावरण संरक्षण के लिए गोबर से बने हुए कंडे और गौ काष्ठ से ही होली जलाएं।

## कृषि कैबिनेट के निर्णय से निमाड़ के साथ संपूर्ण मध्यप्रदेश के विकास को मिलेगी रफ्तारः बरुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ ने किसान कल्याण वर्ष में किसानों के कल्याण और लोक संस्कृति के सम्मान के प्रकटीकरण के लिए बड़वानी जिले के नागलवाड़ी गांव में आयोजित कृषि कैबिनेट में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के लिए सीएम का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कृषि कैबिनेट में किसानों के कल्याण के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। कृषि कैबिनेट के इस निर्णय से निमाड़ के साथ संपूर्ण मध्यप्रदेश के विकास को रफ्तार मिलेगी। किसानों के कल्याण के लिए 27 हजार 746 करोड़ की राशि खर्च करने के लिए कृषि विभाग की एक, उद्यानिकी विभाग की तीन, पशुपालन की चार, मछुआ कल्याण की दो, सहकारिता की चार और नर्मदा घाटी विकास विभाग की दो योजनाओं को शामिल किया गया है।

## 7 लाख अस्थाई कर्मचारियों को नहीं मिला होली त्योहार से पहले वेतनः पांडे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- मप्र कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने कहा

प्रदेश के 53 शासकीय विभागों, निगम मंडलों, सहकारी संस्थाओं, विपणन संघों और परिषदों में कार्यरत 7 लाख दैनिक वेतन, अस्थाई कर्मचारी, स्थाई कर्मी, अंशकालीन कर्मचारी, आउटसोर्स कर्मचारी, वन सुरक्षा, श्रमिक, वन समिति चौकीदार, अभ्यारण के श्रमिकों मालियों, छात्रावास के चौकीदारों, वाहान चालकों को नौकरशाही की कर्मचारी विरोधी की नीतियों के कारण होली त्योहार पर भी वेतन भुगतान नहीं किया गया है। इस कारण अस्थाई श्रमिकों और उनके परिवार में असंतोष है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को पत्र लिखकर मांग की है कि वेतन भुगतान करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

#### मुख्यमंत्री ने नागलवाड़ी में प्रबुद्धजनों से किया आत्मीय संवाद

# ग्रामीण प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के लिए दी जाएगी हर संभव मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

**मुख्यमंत्री ने एनआरएलएम की लखपति दीदियों, नेशनल खिलाड़ियों और उन्नत किसानों से सुने अनुभव**

**बड़वानी में हॉकी खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए एस्ट्रो-टर्फ की उपलब्ध कराई जाएगी सुविधा**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को नागलवाड़ी में आयोजित पहली कृषि कैबिनेट के अवसर पर बड़वानी जिले के प्रबुद्धजनों से भेंट की। उन्होंने एनआरएलएम की लखपति दीदियों, बड़वानी जिले के नेशनल खिलाड़ियों और उन्नत किसानों के अनुभव सुने और उन्हें शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने प्रबुद्धजनों से भेंटकर कहा कि सरकार महिलाओं, ग्रामीणों, किसानों, खिलाड़ियों सहित समाज के सभी वर्गों की प्रगति के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से मदद उपलब्ध करा रही है।

बड़वानी जिले के ग्राम भागसुर की सीमा नरगावे ड्रोन दीदी ने निमाड़ी में मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बताया कि ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह से जुड़कर उन्होंने जैविक खेती और ड्रोन संचालन का प्रशिक्षण लिया। अब वह अन्य महिलाओं को जैविक खेती करना सिखा रही है। ड्रोन दीदी सीमा ने बताया कि स्व-सहायता समूह से जुड़कर उसकी आय में वृद्धि तो हुई ही है, साथ ही उसे एक नई पहचान भी मिली है। सीमा ने बताया कि वह गांव में ड्रोन के माध्यम से खेतों में उर्वरक और कीटनाशक का छिड़काव करती है जिससे घंटों का काम अब मिनिटों में होने लगा है और उसे नियमित रूप से आय भी प्राप्त हो रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से चर्चा करते हुए हॉकी की नेशनल खिलाड़ी स्नेहा मोहनिया ने बताया कि उसे राष्ट्रीय स्तर पर 2 गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल मिल चुका है। स्नेहा ने मुख्यमंत्री से बड़वानी में एस्ट्रो-टर्फ की सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया, जिसे उन्होंने स्वीकार करते हुए यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए आश्वस्त किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एयर राइफल शूटिंग की नेशनल खिलाड़ी जुलवानिया निवासी वैष्णवी महुले से भी चर्चा की। उन्होंने वैष्णवी को राज्य स्तर की शूटिंग अकादमी में प्रशिक्षण दिलाने के लिए निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री ने जुलवानिया में शूटिंग क्लब प्रशिक्षण केंद्र संचालन कर रहे प्रशिक्षक नीरज को 5 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि बालिकाओं की ट्रेनिंग के सराहनीय कार्य के लिए देने की घोषणा भी की।

## भाजपा राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री ने दी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश ने सोमवार को अशोकनगर जिले के ग्राम मढ़ी महिदपुर पहुंचकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मध्य क्षेत्र के सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हितानंद शर्मा की माताज जनक दुलारी शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संवेदना व्यक्त की।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 3 मार्च 2026





मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर सपरिवार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच होलिका की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर गौ-काष्ठ की होलिका का दहन किया।

### खाद्य अमले की कार्रवाई पर सवाल, कोल्ड स्टोरेज में रखा 27 क्विंटल मावा

# अभी खाइए 'नकली' मिठाई... रिपोर्ट तो होली के बाद आएगी

**दुकानदार होली पर बेच देंगे मिलावटी मिठाइयां**

**सैंपलिंग अभियान में अमले ने लिए 3996 नमूने**

**जांच अभियान में 435 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट कराई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली त्यौहार के चार दिन पहले से मिलावटी मावा, मिठाईयां और अन्य खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग का अभियान चलाया गया है, जिसके तहत प्रदेश भर में 3 हजार 996 खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए गए हैं, जबकि टोल प्लॉजा फंदा से 27 क्विंटल मावा भी जब्त किया गया है, जिसे कोल्ड स्टोरेज में रखा गया है। अब तक मावे के मिलावटी होने की सैंपल जांच रिपोर्ट भी नहीं मिली है। खाद्य विभाग के अफसरों का तर्क है कि रिपोर्ट आने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इधर, जिन अमले ने खाद्य पदार्थों के लीगत सैंपल लिए गए हैं, उनकी जांच रिपोर्ट आने में एक महीने का समय लगेगा, ऐसे में दुकानदार तब तक मिलावटी मावा, मिठाईयां और अन्य खाद्य पदार्थ बेच चुके होंगे।

प्रदेश में होली से पहले मिलावटखोरों पर कार्रवाई की जा रही है। पिछले 10 दिन में खाद्य विभाग ने खाद्य सामग्रियों के 3 हजार 996 सैंपल लिए। भोपाल और इंदौर में मिलावटी केक से लेकर मावा और पनीर भी जब्त किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि जांच अभियान चलाकर चलित मोबाइल वैन व दुकानों पर जाकर सैंपलिंग की गई और सैंपल्स को जांच के लिए लेबोरेटरी भेजा गया है।



### 17 कारोबारियों के लाइसेंस सस्पेंड

जांच अभियान के दौरान 17 खाद्य कारोबारियों के लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सस्पेंड किए गए। चलित खाद्य प्रयोगशाला की जांच में कुल 435 किलो दूषित खाद्य सामग्री नष्ट कराई गई। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### ज्यादा बिक्री वाले गुजिया की नहीं की सैंपलिंग

*होली पर मिठाई दुकानों और किराना दुकानों से रेडीमेड गुजिया की सबसे अधिक बिक्री होती है। जबकि खाद्य विभाग ने रस्म अदायगी करते हुए खाद्य पदार्थों की सैंपलिंग की है, जबकि यहां सबसे ज्यादा गुजिया की बिक्री होती है। खाद्य अफसर दुकानदारों पर कार्रवाई करने की जगह खानापूर्ति कर रहे हैं।*



**होलिका दहन के बाद राख और दहन स्थल की सफाई के लिए विशेष टीमें रहेंगी तैनात**

# निगम के दस हजार कर्मियों पर रहेगा सफाई का जिम्मा, पानी सप्लाई के पुख्ता इंतजाम

होली के पर्व को लेकर निगम प्रशासन ने सफाई और पानी की सप्लाई को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं। शहर में सफाई का जिम्मा दस हजार से ज्यादा कर्मचारियों पर रहेगा। यह काम प्रत्येक जोन और वार्ड स्तर पर किया जाएगा। संबंधित जोन के एएचओ इस काम की निगरानी करेंगे। होलिका दहन के बाद राख और दहन स्थल की सफाई के लिए विशेष टीमों की डयूटी लगाई गई है। इसी तरह शहर में जरूरत पड़ने पर तत्काल पानी की सप्लाई की व्यवस्था जल प्रदाय शाखा ने की है, ताकि किसी भी दुर्घटना से बचा जा सके।

### सभी 21 जोन के एएचओ को विशेष निर्देश, महापौर कर रही मॉनटरिंग



*शहर में 2000 से ज्यादा स्थानों पर होलिका दहन की तैयारियां की हैं। यहां होलिका दहन के बाद मंगलवार को सफाई अमला राख व दहन स्थल की सफाई करेगा। इसके लिए विशेष टीमें बनाई गई हैं। यह टीमें प्रत्येक जोन और वार्ड स्तर पर कार्य करेंगी। इस संबंध में निगम के सभी 21 जोन के एएचओ को विशेष निर्देश दिए गए हैं। महापौर मालती राय का कहना है कि होलिका दहन व होली पर्व को लेकर सभी अधिकारियों व मैदानी अमले को दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। व्यवस्थाओं में कहीं कोई कमी नहीं है। वे खुद लगातार मॉनिटरिंग कर रही हैं।*

**पांच लोकेशन पर दमकलें रहेंगी मौजूद**

शहर के पांच लोकेशन पर नगर निगम की पांच दमकलें होलिका दहन के दिन से मौजूद रहेंगी। निगम के फायर ऑफिसर सौरभ पटेल ने बताया कि फायर कर्मियों को डबल डयूटी पर लगाया गया है। दमकलों के अलावा निगम के सभी दस गोताखोर भी पांच लोकेशन पर मौजूद रहेंगे।

### तेज प्रेशर से लोगों को मिलेगा पानी

होली पर नगर निगम ने पानी सप्लाई के लिए विशेष इंतजाम किए हैं। सुबह 5 से 9 बजे तक और दोपहर 12 से 2 बजे तक तेज प्रेशर के साथ पानी सप्लाई होगा। आवश्यकतानुसार टैंकरों की भी व्यवस्था रहेगी। जरूरत पड़ने पर कभी भी जल प्रदाय किया जा सकेगा। होली के एक दिन पूर्व सभी ओवरहैड टैंक और संप टैंक पर पानी का स्टोर सप्लाई के लिए करने की तैयारियां निगम ने की हैं ताकि होली के दिन सप्लाई बिना रुकावट की जा सके।

# साधारण गुलाल से 5 गुना महंगे हर्बल गुलाल डिमांड में, बच्चों की पसंद इलेक्ट्रिक गन पिचकारी

होली पर राजधानी की दुकानों पर एक से बढ़कर एक पिचकारी देखने के लिए मिल रही हैं, लेकिन सबसे ज्यादा डिमांड फेंसी पिचकारियों की है, जिसमें सायरन, बबल और बैटरी वाली इलेक्ट्रीक गन वाली पिचकारी शामिल है। इनकी कीमत 800 से शुरू होकर 5000 रुपए तक है। बच्चों में इसकी मांग ज्यादा है। वहीं साधारण पिचकारियों की कीमत 50 से 500 रुपए तक है। शहरवासी बड़ी संख्या में केमिकल फ्री कलर-गुलाल खरीद रहे हैं। यह 50 से 800 रूपए तक बिक रहा है।

न्यू मार्केट स्थित विक्रेताओं का कहना है कि होली पर बाजार धीमा जरूर है, लेकिन नए ट्रेंड की बैटरी वाली इलेक्ट्रीक पिचकारियों की ब्रिकी बढ़ने से उम्मीद जरूर है। इस बार वोकल फॉर लोकल का माहौल ज्यादा है। बड़ी संख्या में लोग स्किन फ्रेंडली हर्बल रंग गुलाल खरीद रहे हैं। 2-3 सालों से बाजार में मोदी-योगी विराट-रोहित की फोटो वाली पिचकारियों का क्रेज था, लेकिन अब उनकी ब्रिकी नहीं हो रही है। विक्रेता सोनू रैकवार ने बताया कि खरीदार अब मेड इन इंडिया आयटम की डिमांड करते हैं फिर चाहे वो पिचकरी हों या गुलाल। पहले सभी पर चीनी प्रोडक्टस का दबदबा था, लेकिन अब बाजार में उसकी हिस्सेदारी 18 से 25 प्रतिशत रह गई है। सुरक्षित और हर्बल रंगों को प्राथमिकता मिल रही है। केमिकल रंगों की डिमांड बहुत ज्यादा घटी है।

### हर्बल कलर वाली मशाल भी बाजार में



इस बार बाजार में फैंसी हर्बल कलर वाली मशाल आई है जिसे जलाने से 5 तरह के कलर से निकलेंगे। इसकी कीमत 350 रुपए है। दूसरे विक्रेता मोहम्मद अलताफ के मुताबिक इंडियन मेड पिचकारी की डिमांड ज्यादा है। नए ट्रेंड में चार्जेबल इलेक्ट्रिक गन वाली पिचकारी आई है। यह 15 मिनट चार्ज करने पर 5 घंटे का बैटरी बैकअप देगी। इसका वॉटर टैंक भी बड़ा होता है। इसकी कीमत 600 रूपए से 5000 रूपए तक है। इसकी ब्रिकी सबसे अधिक है। साधारण पिचकारियों को कोई पसंद नहीं कर रहा है। एक अन्य विक्रेता अजय राठौर ने बताया कि जहां साधारण गुलाल 5 से 10 रूपए प्रति 100 ग्राम है, वहीं हर्बल गुलाल की कीमत 35 से 40 रूपए प्रति 100 ग्राम तक पहुंच गई है। कीमत में इतना अंतर होने के बावजूद स्किन को नुक्सान से बचाने के लिए इको फ्रेंडली गुलाल बड़ी मात्रा में बिक रहा है। फैंसी मास्क व प्रिंटिंग टी-शर्ट का क्रेज अब उतना नहीं है।



### होली पर इस बार फ्लेवर्ड फ्रूट गुलाल बाजार में

होली पर इस बार फ्लेवर्ड फ्रूट गुलाल बाजार में आया है। इसकी खासियत यह है कि यह हर्बल व इको फ्रेंडली होने के साथ साथ यह सभी फ्रूटस के फ्लेवर में उपलब्ध है। होली पर होने वाली बड़ी-बड़ी पार्टियों में इसकी डिमांड अधिक है।

# होली पर हुड़दंग रोकने तैनात रहेंगे 1500 जवान, तीन दर्जन से अधिक वाहनों से शहर में पेट्रोलिंग शुरू

राजधानी की नगरीय पुलिस ने होली के त्योहार की सुरक्षा को लेकर पुख्ता इंतजाम किए हैं। करीब 1500 पुलिस अधिकारी व कर्मचारी होली पर होने वाले हुड़दंग को रोकने के लिए तैनात रहेंगे। इस बीच तीन दर्जन से अधिक पुलिस के वाहनों पेट्रोलिंग शुरू कर दी है। करीब 150 से अधिक महत्वपूर्ण स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध और फिक्स प्वाइंट बनाए गए हैं। धुलंडी के दिन के लिए पुलिस ने खासी तैयारी की है। उत्पात मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। धुलंडी के दिन 1500 से अधिक जवान व अधिकारी सडक पर रहेंगे। शराब पीकर उत्पात मचाने वालों के खिलाफ पुलिस सीधे कार्रवाई करेगी। इस बीच महिला के साथ अभद्रता करने वालों पर भी पुलिस विशेष नजर रखेगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि होली के दिन शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं और शांतिपूर्वक एक-दूसरे से होली खेलें। होलिका दहन की रात और



पीर गेट पर तैनात जवान।

धुलेंडी पर पुलिस के विशेष इंतजाम किए गए हैं। होटल, हॉस्टल व गेस्ट हाउस चेक किए जा रहे हैं। धुलेंडी के दिन पुलिस और होमगार्ड सहित 1500 से अधिक अधिकारी और कर्मचारियों को सडकों पर तैनात किया जा रहा है। इसके अलीवा एएसपी, डीसीएसपी और सभी थानों के थाना प्रभारी अपने स्टॉफ के साथ इलाके में गश्त करेंगे।

### सोमवार को नहीं आया एक भी टेंडर

# शराब ठेकों से ठेकेदारों ने बनाई दूरी, 7 समूहों की 29 दुकानों के खोले टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जिले की शराब दुकानों के ठेके लेने ठेकेदार ने रुचि नहीं दिखाई। यही वजह है कि सोमवार को एक भी टेंडर नहीं आया। विभाग अब दोबारा टेंडर जारी करेगा। इससे पहले जिले में वित्तीय वर्ष 2026-27 के शराब ठेकों के पहले चरण में 7 समूहों की 29 दुकानों के लिए ई-टेंडर जारी किए गए थे। दोपहर 2 बजे तक टेंडर जमा करने का समय दिया गया था। लेकिन इसके बाद जब टेंडर खोले गए तो इसमें एक भी ऑफर नहीं आया।

इन दुकानों की रिजर्व प्राइस करीब 521 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। इसमें सबसे महंगा ठेका बागसेवानिया समूह का है। नई आबकारी नीति में शराब दुकानों की रिजर्व प्राइस पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में सरकार ने 20 प्रतिशत बढ़ाई है। सरकार ने शराब ठेकेदारों की मोनोपॉली तोड़ने 3 से 5 दुकानों का एक-एक समूह बनाया है।

**87 दुकानों की रिजर्व प्राइज 1432 करोड़ निर्धारित:** राजधानी में इस बार सभी 20 समूहों की सभी 87 शराब दुकानों की रिजर्व प्राइस 1432 करोड़ रुपए निर्धारित की गई है। वर्ष 2025-26 में जिले की सभी 87 दुकानों के ठेके 1193 करोड़ रुपए में गए थे। इस बार बीते साल के मुकाबले 239 करोड़ रुपए ज्यादा राजस्व का टॉरगेट तय किया गया है।



फाइल फोटो

### इन शराब दुकानों की होगी नीलामी

| समूह | दुकान | रिजर्व प्राइज |
| --- | --- | --- |
| बाग सेवनिया | 5 | 121.89 |
| हबीबगंज फाटक | 4 | 120.62, |
| भानपुर चौराहा | 5 | 107.93 |
| स्टेशन बजरिया | 5 | 54.68 |
| खजूरीकलां | 3 | 52.31 |
| जहांगीराबाद | 4 | 48.01 |
| गुनगा | 3 | 16.31 |

(राशि करोड़ रुपए में)

### दूसरे चरण के टेंडर आज से, 5 मार्च को खुलेगी बिड

29 दुकानों के टेंडर नहीं आने के बाद अब नीलामी का दूसरा चरण शुरू होगा, जिसमें मंगलवार को टेंडर ऑनलाइन जमा करने का दौर शुरू होगा और 5 मार्च की दोपहर 2 बजे तक इसकी टाइम लिमिट रहेगी। इसके बाद शाम 6 बजे टेंडर खोले जाएंगे। इसके बाद नीलामी का तीसरा चरण होगा जिसमें बाकी बची हुई दुकानों की नीलामी होगी। यह चरण 6 से 8 मार्च तक चलेगा। इस बार की आबकारी नीति के अनुसार सभी जिलों में दुकानों के समूहों के तीन चरणों में ऑनलाइन टेंडर बुलाए जाएंगे।

**एक ही आईपी एड्रेस से आ रहे सायनाइड पॉयजन बम के धमकी भरे मेल**

# पीपुल्स, जीपीओ, एम्स और पासपोर्ट ऑफिस को बम से उड़ाने की 'धमकी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पीपुल्स मेडिकल जीपीओ, एम्स और पास्पोर्ट ऑफिस को एक साथ बम धमकी भरे मेल आने से पुलिस और बम स्क्वॉड दस्ता एक बार फिर सक्रिय हो गया। सोमवार तड़के मिले इस मेल का उसी आईपी एड्रेस से भेजा गया था, जिससे 19 फरवरी को पीपुल्स मेडिकल कॉलेज को उड़ाने की धमकी मिली थी। यह आईपी एड्रेस विदेश का बताया जा रहा है। इससे पूर्व में भोपाल कोर्ट को उड़ाने की भी दो बार धमकी आ चुकी है।

जानकारी के अनुसार सोमवार तड़के साढ़े तीन बजे पीपुल्स मेडिकल कॉलेज को उड़ाने की धमकी भरा मेल आया। पीपुल्स प्रबंधन ने पुलिस से संपर्क किया। इसी प्रकार तीन अलग अलग सूचनाएं क्रमशः जीपीओ, एम्स और पास्पोर्ट कार्यालय को उड़ाने की धमकी के बाद बाद संबंधित विभाग ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद हरकत में आई पुलिस ने बम स्क्वॉड के साथ निरीक्षण किया, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है।

ऐहतियात के तौर पर संबंधित थाना पुलिस और आलाधिकारी मौके पर पहुंचे थे। इसके बाद जीपीओ, एम्स और पास्पोर्ट कार्यालय को खाली कराने के बाद तलाशी ली गई, लेकिन तलाशी में ऐसी कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। पुलिस आईपी एड्रेस के आधार पर धमकी भरे मेल भेजने वाले यूजर की तलाश कर रही है।



एहतियात के तौर पर कॉलेज को खाली करा लिया गया। इसके बाद जांच की गई।

### बड़ा तालाब बचाने 60 से ज्यादा बड़े कब्जे चिन्हित

# बैरागढ़ सर्कल में आधे से ज्यादा काम टीटी नगर में नक्शे का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बड़े तालाब के 50 मीटर के दायरे में अतिक्रमण चिन्हित करने का काम चल रहा है। बैरागढ़ एसडीएम सर्कल में आने वाले कोहेफिजा, खानूगांव और हलालपुर क्षेत्रों में करीब 60 से ज्यादा बड़े अतिक्रमण चिन्हित किए जा चुके हैं। साथ ही करीब एक दर्जन झुग्गियां भी चिह्नांकन की सूची में शामिल की हैं। इधर, टीटी नगर एसडीएम अर्चना शर्मा ने अब तक सीमांकन का काम शुरू नहीं किया है। उनका कहना है कि टीएंडसीपी के नक्शे और कोर्डिनेट उपलब्ध नहीं होना है। नक्शों और सटीक कोर्डिनेट के बिना सीमांकन की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। हालांकि इसके बावजूद इस सर्कल में 10 से ज्यादा कब्जे हटाए जा चुके हैं। इनमें बड़े तालाब और कलियासोत के किनारे बनी डेयरियां भी शामिल हैं। हुजूर, एसडीएम विनोद सोनकिया का कहना है कि होली के बाद क्षेत्र में सीमांकन शुरू किया जाएगा।


# तीन दिन बाद 680 रजिस्ट्री, 5.30 बजे तक बुक कर सकेंगे स्लॉट

### 13 सब रजिस्ट्रार के सात-सात स्लॉट बढ़ाए, एक दिन में होंगी 533 रजिस्ट्री

**शुक्रवार को सर्वर डाउन होने से री-शेड्यूल रजिस्ट्री से बढ़ गई तादाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को संपदा का सर्वर डाउन होने की वजह से बड़ी संख्या में रजिसट्रियों को री-शेड्यूल किया गया। जिसके बाद शनिवार और रविवार को छुट्टी खत्म होने के बाद सोमवार को रिकार्ड 680 रजिस्ट्री दर्ज की गई हैं। इधर पंजीयन विभाग ने प्रॉपर्टी के खरीदारों की सहुलियत को देखते हुए सब रजिस्ट्रारों के स्लॉट में इजाफा करते हुए 35 से 41 कर दिया है, जिसके तहत जिले के 13 सब रजिस्ट्रार एक दिन में 533 रजिस्ट्री कर सकेंगे। इसके साथ मंगलवार और बुधवार को होली की छुट्टी रहेगी। जिससे अब पांच मार्च को ही रजिस्ट्री हो सकेंगी। इसके बाद पंचमी के दिन भी छुट्टी रहेगी।



एक अप्रैल से राजधानी में 621 लोकेशन पर प्रॉपर्टी के दामों में बढ़ोतरी की जा रही है। इसके साथ शहर की 203 लोकेशन को अधिक दाम वाली लोकेशन में मर्ज किया जा रहा है, जिससे 824 लोकेशन पर प्रॉपर्टी के दाम बढ़ जाएंगे। इधर प्रस्तावित बढ़ोतरी को देखते हुए प्रॉपर्टी के खरीदारों ने पहले ही रजिस्ट्री कराना शुरु कर दी हैं।

जिसके तहत शुक्रवार को रजिस्ट्री कराने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी, लेकिन संपदा का सर्वर डाउन होने की वजह से लोगों को बिना रजिस्ट्री कराए वापस लौटना पड़ा था। जिसके बाद पंजीयन विभाग ने सोमवार को रजिस्ट्री री-शैड्यूल कर रजिस्ट्री की हैं। वरिष्ठ जिला पंजीयन स्वपनेश शर्मा का कहना है कि मार्च माह में रजिस्ट्री की तादाद को देखते हुए सर्विस प्रोवाइडर्स से लिमिट बढ़ाने की बात कही गई है, जिससे स्लॉट बुक करने में दिक्कत नहीं होगी।

### दो दिन नहीं होंगी रजिस्ट्री

मंगलवार और बुधवार को होली की छुट्टी होने की वजह से दोनों दिन रजिस्ट्री नहीं हो सकेंगी। इधर पंजीयन विभाग ने प्रॉपर्टी खरीदारों की सहुलियत को देखते हुए स्लॉट का टाइम भी बढ़ा दिया है, जिससे शाम साढ़े पांच बजे तक स्लॉट बुक किए जा सकेंगे।

### एक दिन में 6 करोड़ की आमदनी

तीन दिन बाद रजिस्ट्री होने से इसकी तादाद शाम सात बजे तक 680 पहुंच गई थी, जिससे पंजीयन विभाग को करीब छह करोड़ रुपए की आमदनी हुई है। इधर मार्च माह में पंचमी को छोड़कर शनिवार और रविवार को भी रजिस्ट्री की जा सकेंगी।

### शहर के 102 स्थानों से पानी के लिए सैंपल, जांच के लिए लैब भेजे

**भोपाल।** नगर निगम के अमले ने सोमवार को शहर के 102 स्थानों से जांच के लिए पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। इसके अलावा 36 स्थानों पर पाइप लाइनों के लीकेज सुधारे और दो शिकायतों का निराकरण किया। महापौर मालती राय के निर्देश एवं निगम आयुक्त संस्कृति जैन के आदेश पर नगर निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का दल रोजाना शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से पानी के सैंपल एकत्र कर रहा है। निगम अमले ने अभी तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 5374 स्थानों सहित शहर में 11229 पानी के सैंपल लिए हैं।

## खबर संक्षेप

### एआई प्लस स्मार्टफोन 'पल्स टू' 6 हजार में लांच

**नई दिल्ली।** एआई प्लस स्मार्टफोन ने पल्स 2 लांच कर दिया। इसकी कीमत 5999 रुपए है।



कंपनी का कहना है कि यह फोन तकनीक को आम लोगों तक पहुंचाने के अपने मिशन का अगला कदम है। आसान और स्मूद इस्तेमाल के लिए तैयार किया गया पल्स 2 रोजमर्रा की जरूरतों पर फोकस करता है। भरोसेमंद परफॉर्मेंस, पूरे दिन चलने वाली बैटरी है इसकी बिक्री 11 मार्च से दोपहर 12 बजे फ्लिपकार्ट पर शुरू होगी।

### सैमसंग का एडवांस्ड गैलेक्सी बड्स4 प्रो लांच

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने घोषणा की है कि उसके गैलेक्सी बड्स4 प्रो और गैलेक्सी बड्स4 की प्री-ऑर्डर के लिए उपलब्ध हैं।



ये नए ईयरबड्स बेहतरीन हाई-फाई ऑडियो और रोज़मर्रा के इस्तेमाल के अनुभव को फिर से परिभाषित करते हैं। सैमसंग गैलेक्सी बड्स 4 प्रो और गैलेक्सी बड्स 4 की कीमत क्रमशः 29,999 रुपए और 22,999 रुपए है। प्रो मॉडल की खरीद पर यूजर्स को 7000 रुपए की छूट मिलेगी।

### एसरप्योर ने लांच किए 7 नए स्प्लिट इन्वर्टर एसी

**नई दिल्ली।** एसरप्योर इंडिया ने आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अपनी लेटेस्ट 'एसरप्योर चिल नियो' स्प्लिट इन्वर्टर एसी सीरीज




लॉन्च करने की घोषणा की। एसरप्योर अब अपने विस्तृत होते 'कंज्यूमर अप्लायंसेज' पोर्टफोलियो के जरिए भारतीय घरों में शानदार परफॉर्मेंस और स्मार्ट डिजाइन का अनुभव पेश कर रहा है।

### द वेल्थ कंपनी स्मॉल कैप फंड लांच हुआ

**मुंबई ।** द वेल्थ कंपनी म्यूचुअल फंड ने स्मॉल कैप सेगमेंट में कदम रखते हुए 'द वेल्थ कंपनी स्मॉल कैप फंड' लांच किया है। पिछले आठ महीनों में यह कंपनी का नौवां फंड लांच है, जो सक्रिय रूप से प्रबंधित रणनीतियों में उसके तेज़ विस्तार को दर्शाता है। जुलाई 2025 से अब तक इक्विटी, हाइब्रिड और पैसिव रणनीतियों में विविध उत्पादों का पोर्टफोलियो तैयार किया है। कंपनी की संस्थापक, प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मधु लुनावत ने कहाकि हमारा स्मॉल कैप फंड ऐसे सेगमेंट में संतुलित और सोच-समझकर किया गया विस्तार है।

### सैमीज एंटरटेनमेंट की नई फिल्म की घोषणा

**मुंबई ।** सैमीज एंटरटेनमेंट ने आगामी बॉलीवुड फिल्म जय हिंद जय सिंध -ए लव स्टोरी की घोषणा की है। यह फिल्म प्यार, जड़ों और पहचान की एक भावनात्मक कहानी है, जो भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन इंद्रजीत लंकेश ने किया है और यह मजबूत भावनाओं और अर्थपूर्ण कहानी का वादा करती है। निर्माताओं ने फिल्म का मोशन पोस्टर भी जारी कर दिया है, जिससे दर्शकों को फिल्म की भावनात्मक और देशभक्ति से जुड़ी दुनिया की पहली झलक मिली है।

### फेमिना मिस इंडिया पहुंची शिवराजपुर

**मुंबई।** गुजरात का शिवराजपुर बीच एक बार फिर चर्चा में है। इस बार यहाँ पहुंचीं फेमिना मिस इंडिया 2023 की फर्स्ट रनर-अप श्रेया पूंजा और 2024 की फर्स्ट रनर-अप रेखा पांडे, जिन्होंने इस ब्लू फ्लैग बीच के अनुभव को खास बताया। द्वारका के निकट स्थित यह समुद्र तट प्राकृतिक सौंदर्य और आधुनिक सुविधाओं का बेहतरीन मेल है। रेखा पांडे ने कहाकि शिवराजपुर की सबसे बड़ी खासियत इसकी खुली और सकारात्मक ऊर्जा है। यहां रोमांच है, लेकिन साथ ही सुकून भी है। यहां म्यूजिक फेस्टिवल या इवेंट्स देखना बेहद रोमांचक होगा।

---

**भोपाल में होली बाजार गुलजार, सतरंगी रंग में रंगे बाजार**

# रंग-गुलाल के साथ मिठाई, गुझिया, मठरी-कचौरी, ड्राईफ्रूट पापड़, नमकीन एवं रोजमर्रा के सामान की खूब खरीदारी

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल में चौतरफा होली का बाजार सतरंगी रंग में रंगा हुआ है। रंग, गुलाल, पिचकारी सहित मिठाई, ड्राईफ्रूट, रोजमर्रा के सामान की खरीदारी जोर-शोर से चल रही है। पुराने भोपाल के आजाद मार्केट, हनुमानगंज, जुमेराती, घोड़ा निक्कास, बैरागढ़ सहित न्यू मार्केट, 10 नंबर मार्केट सहित शहर सभी प्रमुख बाजारों और हाट बाजारों में होली की खरीदारी का रंग चढ़ा हुआ है। थोक रंग व्यवसायियों सौरभ साहू और पंकज जैन के अनुसार केमिकल रंगों की मांग घटी है। बच्चों की त्वचा और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए लोग टेसू फूल से बने रंग, हर्बल गुलाल और सुरक्षित उत्पाद ज्यादा खरीदी रहे हैं। सुरक्षित रंगों की बिक्री में 30-40 फीसदी तक वृद्धि दर्ज की गई है।

## सुरक्षित रंगों की बिक्री में 30 से 40 फीसदी अधिक तक वृद्धि दर्ज




## सबसे अधिक लाभ किराना, डेयरी मिठाई और फुटकर व्यापारियों को

### सबसे ज्यादा बिकने वाली वस्तुएं

होली पर सबसे ज्यादा हर्बल रंग-गुलाल , पिचकारियां (स्पाइडरमैन/छोटा भीम) पानी के गुब्बारे, के अलावा गुझिया, मठरी कचौरी और ठंडाई की बहुत अधिक मांग है। कुंदन नमकीन के प्रेमनारायण यादव के अनुसार सूखे मेवे (मेवे की माला) मिठाइयां, पारंपरिक व्यंजन (पापड़/नमकीन), सफेद कपड़े और पूजा सामग्री , ड्राईफ्रूट, गिफ्ट आइटम और रोजमर्रा के सामान की भी खूब खरीदारी हो रही है। खासतौर पर सफेद टी-शर्ट, कुर्ता-पायजामा, सलवार-सूट और हैप्पी होली लिखी टी-शर्ट, मुखौटे रंगीन चश्मे और अन्य मस्ती से संबंधित सामान की खरीदी जोरों पर है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार भोपाल संभाग में होली से रंग पंचमी तक करीब 200 करोड़ रुपए के कारोबार का अनुमान है।

**त्योहारी उत्साह पर मिलावटखोरी भी बाजार में खूब**

रंगों और उमंगों का पर्व होली के अवसर पर शहर के सभी बाजारों त्योहारी रौनक छाई हुई है। मिठाई, नमकीन, मावा, रंग-गुलाल और ठंडे पेय पदार्थों की दुकानों पर ग्राहकों की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन इस चकाचौंध और त्योहारी उत्साह के पीछे मिलावटखोरी का डर भी छिपा है । बाजारों में बढ़ती मांग के बीच मुनाफाखोर सक्रिय हैं, तो वहीं खाद्य विभाग की टीम भी मैदान में है। बावजूद इसके शहर में मिलावटी सामग्री की बिक्री खूब हो रही है। हर साल त्योहारी सीजन में घटिया और मिलावटी मावा, कृत्रिम रंगों से बनी चमचमाती मिठाइयां और बिना किसी मानक के तैयार की गई खाद्य सामग्री धड़ल्ले से बेची जाती है। मांग अधिक होने के कारण दूध और असली मावे की कमी को पूरा करने के लिए सिंथेटिक मावे और पाम ऑयल का जमकर इस्तेमाल होता है।



### बाजार रेट (प्रति नग/पैक)

| | |
|---|---|
| लोकल गुलाल (100 ग्राम) | 15-25 |
| हर्बल गुलाल (100 ग्राम) | 50-120 |
| छोटी पिचकारी | 20-40 |
| टैंक पिचकारी | 350-700 |
| कलर स्प्रे | 80-150 |
| स्नो स्प्रे | 120-220 |
| होली टी-शर्ट | 120-350 |

### एक नजर कारोबार पर

| | |
|---|---|
| रंग-गुलाल | 30-40 करोड़ |
| पिचकारी-खिलौने | 10-12 करोड़ |
| मिठाई-नमकीन | 25-30 करोड़ |
| कपड़े | 10-15 करोड़ |
| भांग-ठंडाई | 10-15 करोड़ |
| डीजे-टेंट | 10-15 करोड़ |
| किराना-डेयरी | 35-45 करोड़ |
| पूजा सामग्री | 10-20 करोड़ |

---

**वैश्विक दूरसंचार क्षेत्र में परिवर्तनकारी योगदान के लिए**

# 'जीएसएमए लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड' से सुनील भारती मित्तल हुए सम्मानित

**सम्मान अब तक कुछ ही टेलीकॉम दिग्गजों को प्रदान**


**अग्रणी पहल के तहत गूगल से साझेदारी की : गोपाल विट्ठल**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ग्लोबल सिस्टम फॉर मोबाइल कम्युनिकेशन्स (जीएसएमए) ने भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और चेयरमैन सुनील भारती मित्तल को बेहद खास लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें दुनिया भर में दूरसंचार क्षेत्र का परिदृश्य बदलने और सरकारों, व्यवसायों तथा अरबों उपभोक्ताओं तक कनेक्टिविटी (संपर्क) के विस्तार में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए दिया गया है। जीएसएमए के इतिहास में केवल चुनिंदा व्यक्तियों को दिया जाने वाला यह सम्मान अब तक कुछ ही टेलीकॉम दिग्गजों को प्रदान किया गया है।

यह सम्मान उन योगदानों को मान्यता देता है, जिन्होंने वैश्विक संचार व्यवस्था पर एक अमिट और निर्णायक छाप छोड़ी है। बार्सिलोना में आयोजित 'मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस' के दौरान यह सम्मान उन्हें स्पेन के राजा महामहिम फेलिप षष्ठम, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज, कैटलोनिया के राष्ट्रपति साल्वाडोर इला और वैश्विक उद्योग जगत के नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। इससे पहले उन्हें वैश्विक मोबाइल उद्योग के विकास में उत्कृष्ट योगदान के लिए 2008 और 2016 में 'जीएसएमए चेयरमैन अवॉर्ड' से सम्मानित किया जा चुका है। साथ ही फरवरी 2019 में मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस के दौरान उनके चेयरमैन के रूप में कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**दूरसंचार आवश्यक सेवाओं को हर व्यक्ति की मुट्ठी में पहुंचाता है: मित्तल**



*सुनील भारती मित्तल ने कहाकि यह सम्मान पाकर मैं अत्यंत गौरवान्वित हूं और इसके लिए जीएसएमए को हृदय से धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहाकि दूरसंचार एक ऐसी शक्ति है जो अवसरों का विस्तार करती है, आवश्यक सेवाओं को हर व्यक्ति की मुट्ठी में पहुंचाती है और मानवीय क्षमताओं के नए द्वार खोलती है। आधुनिक प्रगति को गति प्रदान करने वाले इस शक्तिशाली माध्यम के विकास में योगदान देना मेरे लिए सौभाग्य की बात रही है।*

## एयरटेल और गूगल ने साझेदारी की

भारती एयरटेल और गूगल ने भारत में लाखों उपयोगकर्ताओं को सुरक्षित और प्रभावशाली मैसेजिंग अनुभव प्रदान करने के लिए साझेदारी की घोषणा की है। एयरटेल की नेटवर्क इंटेलिजेंस और गूगल के रिच कम्युनिकेशन सर्विसेज (आरसीएस) प्लेटफॉर्म तथा स्पैम फिल्टरिंग को एक साथ लाने से उपयोगकर्ता अच्छी गुणवत्ता वाली फोटो और वीडियो का अनुभव कर सकते हैं। वे मैसेज रिएक्शन जैसे इंटरएक्टिव विकल्पों का भी लाभ उठा सकते हैं। साथ ही उन्हें उन्नत सुरक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा जो मोबाइल स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी को काफी हद तक कम कर देता है। पिछले डेढ़ वर्ष में एयरटेल ने कॉल और मैसेज दोनों के माध्यम से ग्राहकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उद्योग में पहली बार शुरू की गई, एआई-संचालित पहलों की एक श्रृंखला के जरिए स्पैम और डिजिटल धोखाधड़ी के खिलाफ भारत की लड़ाई का नेतृत्व किया है। ग्राहकों की सुरक्षा के लिए अपने सिद्ध रिकॉर्ड को साबित करते हुए एयरटेल ने अब तक अपनी सभी नवाचारी स्पैम विरोधी पहलों के माध्यम से 71 अरब स्पैम कॉल और 2.9 अरब स्पैम एसएमएस ब्लॉक किए हैं।

---

**मचा कोहराम, ताश के पत्तों की तरह ढहा शेयर बाजार**

# शेयर बाजार में 'ब्लैक मंडे' : निवेशकों के करीब 10 लाख करोड़ रुपए स्वाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार के लिए सोमवार का दिन 'ब्लैक मंडे' साबित हुआ। मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव और ईरान-इजरायल के बीच छिड़ी जंग के चलते घरेलू शेयर बाजार ताश के पत्तों की तरह ढह गया। इस गिरावट में निवेशकों के करीब 11 लाख करोड़ रुपए देखते ही देखते स्वाह हो गए। दिन के कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स 1,800 अंकों से ज्यादा फिसलकर 79,500 के स्तर से नीचे आ गया। वहीं, एनएसई निफ्टी भी 2 फीसदी से अधिक की गिरावट के साथ 24,650 के स्तर के नीचे ट्रेड करता नजर आया। बाजार खुलते ही बिकवाली का ऐसा दबाव था कि एक समय सेंसेक्स 2,743 अंक तक गोता लगा गया था।

सोमवार को बाजार ने ऐसा गोता लगाया कि मार्केट कैप से करीब 10 लाख करोड़ रुपए साफ हो गए। शुक्रवार को मार्केट क्लोजिंग के समय बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 4,63,25,200 करोड़ रुपए था, जो सोमवार की दोपहर घटकर एक समय 4,52,10,871 करोड़ रुपए रह गया। यानी कुल मार्केट कप में करीब 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की गिरावट आ गई, हालांकि बाद में स्थिति सुधरी।



## ईरान-इजराइल तनाव से सोना-चांदी के दाम में रिकॉर्ड तोड़ उछाल

ईरान-इजरायल युद्ध के कारण सोने-चांदी के वायदा भाव में जबरदस्त तेजी देखने को मिल रही है।दोनों के भाव आज तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के वायदा भाव 1,66,650 रुपए, जबकि चांदी के भाव 2,82,500 रुपए के करीब पहुंच गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 3,397 रुपए की तेजी के साथ 1,65,501 रुपए के भाव पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 4557 रुपए की तेजी के साथ 1,66,661 रुपए के भाव पर कारोबार किया। सोने के वायदा भाव ने इस साल 1,80,779 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। जबकि एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रैक्ट 3,648 रुपए की तेजी के साथ 2,78,644 रुपए पर खुला। यह कॉन्ट्रैक्ट 7,502 रुपए की तेजी के साथ 2,85,500 रुपए के भाव पर कारोबार किया। चांदी के वायदा भाव ने इस साल 4,20,048 रुपए किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया।

---

## बिजनेस न्यूज

### भाभा यूनिवर्सिटी के हॉस्टल्स द्वारा रंग उत्सव 2026 का आयोजन

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के हॉस्टल्स द्वारा रंग उत्सव 2026 का आयोजन विश्वविद्यालय के आरएन कपूर मेमोरियल सभागार गृह में बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ किया गया।



कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उत्साहपूर्वक शामिल हुए और अपनी सहभागिता से आयोजन को यादगार बना दिया। सभागार रंगों, संगीत और उल्लास से सराबोर दिखाई दिया, जहां विद्यार्थियों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। इस अवसर पर फार्मेसी विभाग द्वारा तैयार किया गया हर्बल गुलाल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। सभी ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता का परिचय देते हुए हर्बल रंगों एवं रंग-बिरंगे फूलों के साथ होली खेली। इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों के बीच एकता और उत्साह को मजबूत किया, बल्कि सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और स्वस्थ उत्सव मनाने का प्रेरणादायक संदेश भी दिया।

### वेल्लोर इंस्टीट्यूट परिसर में डेनेशिया अपोलो डेंटल हॉस्पिटल का शुभारंभ

**भोपाल।** वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी भोपाल परिसर में डेनेशिया अपोलो डेंटल हॉस्पिटल का शुभारंभ ट्रस्टी श्रीमती रामानी



बाल सुंदरम ने किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.प्रशांत त्रिपाठी ने बताया कि हॉस्पिटल में विश्वस्तरीय दंत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। हॉस्पिटल में चार डेंटल चेयर , सीबीसीटी, इंट्राओरल स्कैनर जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध है। वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यूनिवर्सिटी के प्रबंधन ने टीम डेनेशिया को बधाइयां दी हैं। इस केंद्र से लगभग 18,000 विद्यार्थियों और स्टाफ को दंत चिकित्सा का लाभ मिलेगा।

### कूपर कॉर्पोरेशन ने एसीएमए बेस्ट एचआर प्रतियोगिता में जीत हासिल की

**पुणे।** इंजिन के पार्ट्स और जनरेटर बनाने वाली विश्व प्रसिद्ध कंपनी कूपर कॉर्पोरेशन को मानव संसाधन (एचआर) क्षेत्र में की गई नवाचारपूर्ण प्रयासों के लिए



एसीएमए के 17वें वार्षिक एचआर समिट (पश्चिम क्षेत्र) में सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर की 18 शीर्ष कंपनियों की टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करके, कूपर कॉर्पोरेशन ने एसीएमए की 6वीं बेस्ट एचआर प्रैक्टिसेस प्रतियोगिता में फर्स्ट रनर-अप का स्थान हासिल किया।इस समिट का विषय था "फ्यूचर-रेडी एचआरः लोगों, तकनीक और प्रतिभा को आकार देना' इसमें ऑटोमोबाइल उद्योग क्षेत्र के प्रमुख विशेषज्ञ, नीति निर्माता और एचआर पेशेवर शामिल हुए। कार्यक्रम में एचआर क्षेत्र में बदलाव, ईएसजी का समावेश और बदलते कामकाजी वातावरण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर चर्चा हुई। कूपर कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर फारुख एन. कूपर ने कहाकि एसीएमए बेस्ट एचआर प्रैक्टिसेस प्रतियोगिता में मिला यह सम्मान हमारे लिए गर्व की बात है।

### एलायंस ने लांच किया भारत का पहला आर-1 प्लस बायस ट्रैक्टर टायर

**नई दिल्ली।** एलायंस ने एग्री-हॉल लांच किया। ये भारत का पहला आर-1 प्लस बायस ट्रैक्टर टायर है। एग्री-हॉल के आर-1 प्लस



डिजाइन और ज्यादा रबर के चलते ये सामान्य ट्रैक्टर टायरों की तुलना में ज्यादा लम्बा चलेगा। इसके साथ ही यह टायर बेहतर पंचर सुरक्षा और मिट्टी पर मजबूत पकड़ प्रदान करता है। द्युतिमान चट्टोपाध्याय, चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर, योकोहामा-एटीजी ने कहाकि एलायंस एग्री-हॉल एक संपूर्ण पैकेज है, जिसे कृषि और ढुलाई (हॉलिज) दोनों प्रकार के उपयोग के लिए डिजाइन किया गया है। अनुज ठक्कर, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, इंडिया एवं सार्क ने कहाकि भारत का पहला आर-1 प्लस बायस ट्रैक्टर टायर लांच कर बेहद उत्साहित हैं। एग्री-हॉल ट्रैक्टर टायर 12.4-28 से 17.9-28 तक के कई साइज रेंज में उपलब्ध है, जो भारतीय खेतों में चलने वाले सभी प्रकार के ट्रैक्टरों के लिए उपयुक्त है। एलायंस एग्री-हॉल रेंज पर 7 साल की निर्माण वारंटी है। इस वारंटी के चलते किसान इस टायर को बेफिक्र चला पाएंगे।

### टाटा मोटर्स ने वीओ चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ किया समझौता

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने तूतीकोरिन (तमिलनाडु) के वी.ओ. चिदंबरनार पोर्ट अथॉरिटी के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



किए हैं। इस समझौते के तहत पोर्ट पर 40 ग्रीन हाइड्रोजन इंटरनल कम्बशन इंजन (एच2 आईसीई) से चलने वाले हैवी-ड्यूटी प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। एमओयू पर केंद्रीय पोर्ट्स, शिपिंग और वॉटरवेज़ मंत्री सर्बानंद सोनोवाल की मौजूदगी में साइन किए गए। समझौते के अनुसार टाटा मोटर्स सबसे पहले एक हाइड्रोजन-पावर्ड प्राइम मूवर का ट्रायल शुरू करेगी, जिसके बाद अगले दो वर्षों में चरणबद्ध तरीके से 40 एच2 आईसीई प्राइम मूवर्स तैनात किए जाएंगे। इस प्रोजेक्ट की फंडिंग बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा की जाएगी।

### एसबीआई इंश्योरेंस ने पंकज के साथ लांच किया नया ब्रांड कैंपेन




**मुंबई।** एसबीआई जनरल इंश्योरेंस ने मशहूर अभिनेता पंकज त्रिपाठी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की है। इसके साथ ही कंपनी ने अपना नया ब्रांड कैंपेन 'चुनिए भरोसा, अपनों सा' भी पेश किया है। यह साझेदारी एक ऐसी हस्ती (पंकज त्रिपाठी) को साथ लाती है जो अपनी विश्वसनीयता और सादगी के लिए जानी जाती है, और एक ऐसा ब्रांड जो विश्वास और पारदर्शिता पर टिका है। एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के एमडी एवं सीईओ, नवीन चंद्र झा ने कहाकि भारत में परिवार अब स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा को लेकर अधिक सजग हो रहे हैं।

### ई-कॉमर्स में नया दांव, अमेजन ने लाखों प्रोडक्ट पर हटाया शुल्क

**भोपाल।** भारत में ई-कॉमर्स कारोबार को मजबूत बनाने और अधिक विक्रेताओं को जोड़ने के लिए अमेजन ने बड़ा फैसला लिया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 1,000 तक की कीमत वाले उत्पादों पर विक्रेताओं से कोई रेफरल शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह नया नियम 16 मार्च से लागू होगा। कंपनी का कहना है कि इस फैसले से छोटे व्यापारियों और नए उद्यमियों को सीधा फायदा मिलेगा। अमेजन ने पिछले साल 300 तक के लगभग 1.2 करोड़ उत्पादों पर 'जीरो रेफरल फीस' नीति शुरू की थी। इसके बाद भारत में नए विक्रेताओं की संख्या में लगभग 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई। अब इस नीति का विस्तार करते हुए 1,000 तक की कीमत वाले 12.5 करोड़ से ज्यादा उत्पादों को शामिल किया गया है। कंपनी के सर्विसेज निदेशक अमित नंदा के अनुसार इस कदम का उद्देश्य खासकर टियर-2 और टियर-3 शहरों के छोटे व्यापारियों के लिए ऑनलाइन बिक्री को अधिक लाभदायक और आसान बनाना है।

### सर्वोत्तम सेवा में एसएमएफजी अग्रणी, 1.55 लाख ग्रामीणों पर सकारात्मक प्रभाव

**भोपाल ।** एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने अपनी प्रमुख पशु कल्याण एवं ग्रामीण आजीविका पहल, पशु विकास दिवस के आठवें संस्करण का सफल समापन किया। 'सर्वोत्तम सेवाः पशु, परिवार और प्रगति' की थीम पर आधारित इस पहल ने पशुओं के स्वास्थ्य, परिवार के कल्याण एवं स्थायी प्रगति को बढ़ावा देकर समग्र ग्रामीण विकास के लिए संगठन की प्रतिबद्धता को मजबूत बनाया। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के मैनेजिंग डायरेक्टर रवि नारायणन ने कहाकि मध्य प्रदेश में पशु विकास दिवस का आयोजन 41 लोकेशनों में किया गया, जिसके तहत तकरीबन 16000 पशुओं को स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं मुहैया कराई गईं और 2200 से अधिक परिवारों को लाभ हुआ।

---

**समावेशन का एक शक्तिशाली उत्सव**

## हीरो मोटोकॉर्प ने 'राइड सेफ इंडिया' के साथ सड़क सुरक्षा को बढ़ावा दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

हीरो मोटोकॉर्प, दुनिया की सबसे बड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटर निर्माता कंपनी, ने हरियाणा पुलिस और राहगिरी फाउंडेशन के साथ मिलकर गुरुग्राम में सी राइड फॉर सेफ्टी वुमंस नाइट रैली का आयोजन किया। इस रैली को डॉ.अर्पित जैन, पुलिस उपायुक्त; डॉ. राजेश मोहन, उपायुक्त (ट्रैफिक पुलिस) और हीरो मोटोकॉर्प के वाइस प्रेसिडेंट, ग्लोबल बिजनेस एंड प्रोडक्ट प्लानिंग, संजय भान ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्टेशन हाउस ऑफिसर सोनिया तथा महिला पुलिस बल ने भी इस अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए इस मुहिम का समर्थन किया। इस रैली में 150 महिला राइडर्स ने भाग लिया और यह सड़कों पर सुरक्षा, आत्मविश्वास तथा समावेशन का एक शक्तिशाली उत्सव था। महिला राइडर्स ने गुरुग्राम की सड़कों पर देर शाम 9 किलोमीटर की रूट पर सवारी की। हीरो मोटोकॉर्प की हेड-कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, लतिका तनेजा ने कहाकि दुनिया की सबसे बड़ी दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी के रूप में, जहां हर दिन लाखों लोग हीरो मोटोकॉर्प के वाहनों को चलाते हैं, इस पहल के तहत 14 महिला ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों को भी सुरक्षित गतिशीलता में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

### उन्नत सेमीकंडक्टर डिजाइन और मैन्युफैक्चरिंग केंद्र के रूप में उभरा साणंद प्लांट : अशोक चांडक

**मुंबई ।** इंडिया इलेक्ट्रॉनिक्स एंड सेमीकंडक्टर एसोसिएशन भारत सरकार और माइक्रोन टेक्नोलॉजी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा गुजरात के साणंद में माइक्रोन की अत्याधुनिक एटीएमपी फैसिलिटी के



ऐतिहासिक उद्घाटन पर बधाई देती है। आईईएसए के प्रेसिडेंटअशोक चांडक ने कहाकि यह मेरे लिए बेहद खुशी की बात थी कि मैंने स्वयं इतिहास बनते हुए देखा। प्रधानमंत्री के तीन शब्दों ने सब कुछ कह दिया - 'भारत तैयार है, भारत भरोसेमंद है, और भारत काम करके दिखाता है' यह एक विश्व स्तरीय चिप ईकोसिस्टम बनाने में देश के भरोसे का एक शक्तिशाली ऐलान था। माइक्रोन के एटीएमपी प्लांट का चालू होना भारत की सेमीकंडक्टर नीति के इरादे को लागू करने और मैन्युफैक्चरिंग की तैयारी में सफलतापूर्वक बदलने का सबूत है। यह भारत सरकार, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन, गुजरात सरकार की मज़बूत प्रतिबद्धता और हमारी महत्वपूर्ण सदस्य कंपनी माइक्रोन के भारत की डिज़ाइन और मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं पर भरोसे को दिखाता है।

## चिंतन

# जंग रुकवाने को शांति समर्थक देश आगे आएं

पश्चिम एशिया में बढ़ता सैन्य टकराव एक बार फिर पूरी दुनिया को अस्थिरता की ओर धकेल रहा है। हाल के हमलों में अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर की गई कार्रवाई ने हालात को और विस्फोटक बना दिया है। बिना दूरगामी परिणामों की परवाह किए किए गए ऐसे हमले केवल सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि उनका दुष्प्रभाव आम नागरिकों तक पहुंचता है। सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान जाना, रिहायशी इमारतों और बुनियादी ढांचे का नष्ट होना, अस्पतालों और जरूरी सेवाओं का ठप पड़ना ये सब संकेत हैं कि यह संघर्ष यदि नहीं रुका तो एक गहरे मानवीय संकट में बदल सकता है। युद्ध का सबसे बड़ा खामियाजा हमेशा आम जनता को ही भुगतना पड़ता है। जब बम गिरते हैं तो सीमाएं नहीं देखते, वे स्कूल, बाजार, घर और सपनों को भी तबाह कर देते हैं। खाद्य आपूर्ति बाधित होती है, दवाइयों की कमी हो जाती है और विस्थापन की समस्या विकराल रूप ले लेती है। यदि यह टकराव लंबा खिंचता है, तो प्रभावित क्षेत्रों में लोगों को खाने के लाले पड़ सकते हैं। शरणार्थियों की नई लहरें पैदा होंगी, जिससे पड़ोसी देशों पर भी दबाव बढ़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था पहले ही कई संकटों से जूझ रही है, ऐसे में तेल आपूर्ति और व्यापार मार्गों पर असर पड़ने से अनेक देशों की अर्थव्यवस्थाएं डगमगा सकती हैं। इजराइली हमलों के बाद क्षेत्रीय संगठनों की सक्रियता भी चिंता का विषय है। हिजबुल्ला जैसे संगठन यदि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से संघर्ष में कूदते हैं, तो हालात बहुपक्षीय युद्ध का रूप ले सकते हैं। इससे न केवल संघर्ष का दायरा बढ़ेगा, बल्कि नियंत्रण और भी कठिन हो जाएगा। इतिहास गवाह है कि जब क्षेत्रीय युद्धों में बाहरी और गैर-राज्य तत्व शामिल होते हैं, तो शांति की राह और लंबी तथा जटिल हो जाती है। ऐसे समय में शांति समर्थक देशों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक मंच पर प्रभाव रखने वाले देशों जैसे रूस, भारत और चीन की जिम्मेदारी बढ़ जाती है कि वे केवल बयानबाजी तक सीमित न रहें, बल्कि ठोस कूटनीतिक पहल करें। संयुक्त राष्ट्र जैसे मंचों पर सक्रिय हस्तक्षेप, आपातकालीन बैठकें और तत्काल युद्धविराम का प्रस्ताव इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हो सकते हैं। इन देशों के पास न केवल राजनीतिक प्रभाव है, बल्कि वे संवाद के ऐसे सेतु भी बन सकते हैं जिन पर चलकर विरोधी पक्ष वार्ता की मेज तक पहुंचें। हालांकि, ताकतवर देश होने के नाते पहल की पहली जिम्मेदारी अमेरिका पर ही आती है। यदि वह ईमानदारी से मध्यस्थता की भूमिका निभाए और अपने सहयोगियों के साथ मिलकर तनाव घटाने की दिशा में कदम बढ़ाए, तो समाधान की संभावना प्रबल हो सकती है। शक्ति का वास्तविक अर्थ केवल सैन्य क्षमता नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में संयम और नेतृत्व दिखाना भी है। यदि अमेरिका इस विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने की दिशा में ठोस प्रयास करे, तो अन्य देश भी सहयोग देने को आगे आएंगे। सामूहिक कूटनीति ही इस संकट का वास्तविक समाधान है। युद्ध का लंबा चलना किसी के हित में नहीं है। इससे न तो स्थायी सुरक्षा मिलती है और न ही राजनीतिक समाधान निकलता है। इसके विपरीत, यह कट्टरता को बढ़ावा देता है, नई पीढ़ियों में अविश्वास बोता है और मानवता को गहरे घाव देता है। इसलिए आज आवश्यकता है साहसिक शांति पहल की ऐसी पहल जो हथियारों की आवाज को खामोश कर सके और संवाद की आवाज को बुलंद करे।



मुद्दा
अवधेश कुमार

सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनों में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजराइल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं।

# खामेनेई का अंत और इस्लामी क्रांति

अमेरिका और इजराइल के संयुक्त मामले में ईरान के सर्वोच्च मजहबी नेता अयातुल्लाह अल खामेनेई का मारा जाना 21वीं सदी की ऐसी बड़ी घटना है जिसका प्रभाव कई रूपों में संपूर्ण विश्व पर पड़ेगा। इस्लामी शासन होने के कारण वे व्यावहारिक रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता थे। राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन की भूमिका खामेनेई की नीतियों के क्रियान्वयन की रही है। अयातुल्लाह होने के कारण उन्हें विश्व भर के शिया मुसलमान अपने शीर्ष मजहबी नेता के रूप में देखते थे। पाकिस्तान, ईरान, भारत सहित कई देशों में शिया मुसलमानों का विरोध सामने है। किंतु यहां महत्वपूर्ण बात यह है कि ईरान के एक भी पड़ोसी देश ने ईरान का पक्ष नहीं लिया है। हालांकि पिछले वर्ष खामेनेई ने संपूर्ण विश्व के मुसलमानों की एकता का आह्वान किया था। ईरान और उसके बाहर उनके समर्थकों की कल्पना में कभी उनके इस तरह की मौत की बात नहीं आई होगी। हालांकि पिछले वर्ष जून में पहले इजराइल और बाद में अमेरिका के हमले के समय अटकलें लगी थी कि शायद वे देश छोड़कर चले गए। ऐसा हुआ नहीं।

इस घटना की संपूर्ण परिणतियों का स्पष्ट पूर्वावलोकन अभी कठिन है। इतना स्पष्ट कहा जा सकता है कि ईरान में 1979 से इस्लामी क्रांति का एक दौर तत्काल समाप्त हो गया है। ऐसा नहीं है कि इस्लामी क्रांति के बाद हुए परिवर्तनों, स्थापित ढांचें, विचारधाराएं समाप्त हो गईं हैं पर कम से कम उस रूप में आने वाले लंबे समय तक मुक्त और स्वतंत्र शिया इस्लामी शासन नहीं हो सकता। यह कथन सामान्य क्रांतियों के संदर्भ में है कि क्रांति के शिशु ही क्रांति को खा जाते हैं। ईरान के इस्लामी क्रांति के बारे में भी तत्काल यह निष्कर्ष सही दिखता है। सामान्यतः आम इस्लामी देशों से थोड़ा उदार और खुले जीवन जीने वाले ईरान में 1979 के इस्लामी क्रांति और अयातुल्लाह के सर्वोच्च नेता के रूप में स्थापना संपूर्ण विश्व की दृष्टि से एक नई घटना थी। इसमें केवल ईरान नहीं संपूर्ण अरब और कुछ मायनों में इससे बाहर भी गैर इस्लामी या इस्लाम विरोधी शासनों के अंत और इसके विस्तार का विचार प्रबल था। यहूदी देश इजराइल को इस्लाम का दुश्मन घोषित करते हुए ईरान राष्ट्र का लक्ष्य धरती से उसका नामोनिशान मिटाना हो गया। अमेरिका और उसके नेतृत्व वाले पश्चिमी देशों को शैतान कहा गया। यह व्यावहारिक तौर पर विश्व में एक इस्लामी विद्रोह की सत्ता का स्वरूप था। सच कहें तो इसी अतिवादी भाव के व्यवहार ने ईरान को उस अवस्था में पहुंचा दिया जहां उसका शांत, स्थिर, सशक्त और सुरक्षित रहना असंभव था। जब आप किसी एक देश के धरती पर नहीं रहने के अधिकार की घोषणा करेंगे और उसके अनुसार देश का व्यवहार होगा, बाहर अलग-अलग हिंसक समूह पैदा कर उसकी मदद करेंगे तो इसकी प्रतिक्रिया आपको झेलनी पड़ेगी। आखिर कोई देश ऐसे शासन को कायम रहने देने के पक्ष में क्यों होगा जो उसके अंत को अपना लक्ष्य बनाकर काम कर रहा हो?

इस्लामी क्रांति के साथ 1979 में अमेरिकी दूतावास पर हमले और उसके बाद की तस्वीरें आज भी सिहरन पैदा करती हैं। अमेरिकी कर्मचारियों के हाथ बांध कर बाहर लाया गया, वे बंधक बनाए गए। तब से हर अमेरिकी राष्ट्रपति की कामना होती थी ईरान से इस्लामी शासन का अंत हो। तत्कालीन ईरानी शासक राजा शाह



पहलवी को अपने परिवार और समर्थकों के साथ अमेरिका में शरण लेनी पड़ी। आज उनके पुत्र रेजा शाह पहलवी और परिवार अमेरिका में ही है। पिछले लगभग 3 महीने से ईरान के अंदर विरोध प्रदर्शनों में हमने देखा कि लोग उनकी तस्वीरें लिए वापस आओ के नारे लगा रहे थे। ये लोग अमेरिका से भी हस्तक्षेप की भी मांग कर रहे थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने विरोधियों का समर्थन किया, ईरान को चेतावनी दी पर तत्काल सीधा हस्तक्षेप नहीं किया। कुछ वक्तव्यों और घटनाओं से लग रहा था कि डोनाल्ड ट्रंप इस बार परिणामकारी सैन्य हस्तक्षेप करने की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने खामेनेई शासन को चेतावनी दी, न्यूक्लियर कार्यक्रमों को समाप्त करने की शर्तें रखी, ओमान में बातचीत भी आरंभ की किंतु सब रणनीति के तहत था। उसके साथ-ईरान के आसपास अब्राहम लिंकन जैसा सबसे बड़ा नौसैनिक बेरा और अन्य तैयारी होती रही।

दरअसल, 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा उत्सव मना रहे निर्दोष निरपराध यहूदियों पर हमला कर लगभग 1200 लोगों का सरेआम कत्लेआम और बंधक बना लेने की घटना ने पश्चिम एशिया खासकर ईरान इजराइल, ईरान अमेरिका संबंधों को ऐसे मोड़ पर ला दिया जिसे अयातुल्लाह सहित उनके परिवार के अनेक सदस्यों, प्रमुख कमांडरों और रक्षा मंत्री आदि की मृत्यु की पृष्ठभूमि माना जा सकता है। गाजा में हमास, लेबनान में हिजबुल्लाह, यमन में हुती अयातुल्लाह के ईरान के ही गैर राज्यीय आतंकवादी समूह हैं।

इजराइल और अमेरिका का ऑपरेशन तभी से आगे बढ़ने लगा। लेबनान में हिजबुल्लाह तथा गाजा में हमास को पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य से इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतान्याहू ने कार्रवाई आरंभ की। हिजबुल्लाह प्रमुख नजीबुल्लाह और उसके ज्यादातर शीर्ष साथियों की मृत्यु, उसके केंद्र काफी हद तक नष्ट होने आदि के साथ उसकी शक्ति इतनी क्षीण हो गई कि पहले की तरह संघर्ष नहीं कर सकते थे। गाजा में भी संघर्ष जारी रहा और अपने लोगों को सुरक्षित लाने की विवशता रहते हुए भी इजरायल ने हमास के ढांचे को जितना संभव था अंत करने की कोशिश की। डोनाल्ड ट्रंप के शासन में आने के बाद कुछ समय के लिए लगा कि शायद इजरायल की उनको लेकर अपेक्षाएं गलत साबित हो सकतीं हैं, लेकिन 22 जून 2025 को अमेरिका के शक्तिशाली जीबी 57ए/ बी मैसिव ऑर्डिनेंस पेनिट्रेट या एमोपी जिसे बंकर बस्टर बम भी कहा जाता है, के हमलों में ईरान के तीन महत्वपूर्ण फोर्डो, नतांज और इस्फाहान न्यूक्लियर ठिकानों को नष्ट किया। वस्तुतः अमेरिका और इजराइल क्रमबद्ध तरीके से यहां तक पहुंचे हैं। ईरान पर पिछले एक दशक से ज्यादा के प्रतिबंधों ने उसके तेल व्यापार को लगभग समाप्त कर दिया और आर्थिक संकट बढ़ता गया। डोनाल्ड ट्रंप ने उन प्रतिबंधों को सख्ती से लागू करने के उपाय किए और उनके तेवर ऐसे थे जिसका असर हुआ। इस बीच ईरान रिवॉल्यूशनरी कोर्प्स गार्ड से लेकर प्रमुख रक्षा वैज्ञानिकों आदि की हत्यायें होती रहीं। इजरायल ने भी बीच-बीच में हमले किए।

अभी भविष्य की स्पष्ट तस्वीर नहीं प्रस्तुत की जा सकती। ईरान के बचे-खुचे कमांडर अपनी शक्ति से संघर्ष करेंगे, दुनिया भर के शिया अतिवादी समूह अपने स्तर से हिंसा और विरोध करेंगे, लेकिन ईरान के शासन का लंबे समय तक समूचे देश पर नियंत्रण रहना कठिन होगा। ईरान पर कब्जा कर किसी को सत्ता पर बिठाना अमेरिका के लिए कठिन है। बड़ी संख्या में ईरानी भी किसी बाहरी हस्तक्षेप वाले शासन को स्वीकार नहीं करेंगे। जो भी हो 1979 इस्लामी क्रांति के सिद्धांत वाली ऐसी शासन व्यवस्था वहां कायम नहीं रह सकती, जिसका संपूर्ण देश पर प्रभावी नियंत्रण हो।

( लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

त्योहार
ममता कुशवाहा



# रंग, रिवाज़ और रज़ामंदी होली के बदलते मायने

होली भारतीय समाज का ऐसा पर्व है, जो रंगों, हंसी और आपसी मेल-जोल के माध्यम से जीवन की नीरसता को तोड़ता है। यह उत्सव ऋतुओं के परिवर्तन का संकेत देता है, सामाजिक दूरी को कम करता है और मनुष्य के भीतर दबे उल्लास को बाहर आने का अवसर देता है। परंतु समय के साथ होली केवल आनंद और रंगों का पर्व भर नहीं रही, बल्कि इसके साथ उन्माद, अराजकता और सहमति जैसे जटिल प्रश्न भी जुड़ते चले गए हैं। आज होली केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज के मनोविज्ञान को परखने का एक आईना भी बन चुकी है। भारतीय परंपरा में होली का मूल भाव समरसता का रहा है। यह वह दिन था जब ऊंच-नीच, अमीर-गरीब, स्त्री-पुरुष की दीवारें कुछ समय के लिए ढह जाती थीं। लोग एक-दूसरे को रंग लगाते, गले मिलते और पुराने वैर-भाव भूल जाते थे। रंग यहां केवल भौतिक तत्व नहीं, बल्कि समानता और साझेपन का प्रतीक था। होली का हास्य, फाग और ठिठोली जीवन के तनाव को हल्का करने का सामाजिक उपकरण भी रहा है। किंतु परंपरा और आधुनिकता के बीच के तनाव ने इस उत्सव के स्वरूप को कहीं-कहीं विकृत भी किया है। सामूहिक उत्सवों का मनोविज्ञान व्यक्ति के एकांत व्यवहार से भिन्न होता है। जब व्यक्ति भीड़ का हिस्सा बनता है, तो उसका विवेक कई बार समूह की मानसिकता में विलीन हो जाता है। होली जैसे पर्व में यह प्रक्रिया और तीव्र हो जाती है। रंग, संगीत, नशा और भीड़, ये सभी मिलकर एक ऐसा वातावरण रचते हैं, जिसमें व्यक्ति स्वयं को जवाबदेही से मुक्त समझने लगता है। यही वह बिंदु है, जहाँ उत्सव धीरे-धीरे उन्माद में बदलने लगता है। व्यक्ति वह आचरण करने लगता है, जिसे वह सामान्य परिस्थितियों में गलत मानता। सामूहिक उन्माद का मनोविज्ञान बताता है कि भीड़ में व्यक्ति की पहचान धुंधली हो जाती है। वह "मैं" से "हम" में बदल जाता है, और यह "हम" कई बार अनियंत्रित हो सकता है। होली के दौरान यह उन्माद अक्सर "बुरा न मानो होली है" जैसे वाक्यों के पीछे छिपा दिया जाता है। यह वाक्य परंपरागत रूप से सौहार्द और मज़ाक का संकेत था, लेकिन आज कई बार इसे असहमति को कुचलने के औजार की तरह इस्तेमाल किया जाता है। मज़ाक और उत्पीड़न के बीच की महीन रेखा यहीं टूटती है। यहीं से सहमति का प्रश्न जन्म लेता है। किसी पर रंग डालना, पानी फेंकना या स्पर्श करना तब तक उत्सव का हिस्सा है, जब तक वह सामने वाले की इच्छा से हो। जैसे ही यह इच्छा अनदेखी होती है, उत्सव हिंसा का रूप ले लेता है भले ही वह हिंसा शारीरिक न होकर मानसिक या भावनात्मक क्यों न हो। समाज में लंबे समय तक यह मान्यता रही कि होली के दिन सब कुछ "चल जाता है", लेकिन आधुनिक संवेदनशीलता इस धारणा को चुनौती देती है। आज यह प्रश्न अधिक मुखर है कि क्या परंपरा के नाम पर किसी की असहमति को नज़रअंदाज़ किया जा सकता है? विशेषकर महिलाओं के संदर्भ में यह प्रश्न और भी गंभीर हो जाता है। कई स्त्रियों के लिए होली आनंद का नहीं, बल्कि भय और असहजता का दिन बन जाती है। अनचाहा स्पर्श, अश्लील टिप्पणियां और जबरन रंग लगाना, इन सबको सामाजिक स्वीकृति मिल जाती है, क्योंकि इन्हें उत्सव के आवरण में ढक दिया जाता है। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत नैतिकता का नहीं, बल्कि सामूहिक सामाजिक चेतना का सवाल है। यदि समाज उत्सव के नाम पर असहमति को कुचलता है, तो वह मूलतः अपने ही मानवीय मूल्यों से समझौता करता है। होली और उन्माद का एक पहलू नशे से भी जुड़ा है। भांग और शराब जैसे पदार्थ व्यक्ति के संयम को और कम कर देते हैं। नशे में व्यक्ति अपने व्यवहार के परिणामों के प्रति और अधिक असंवेदनशील हो जाता है। सामूहिक नशा सामूहिक उन्माद को जन्म देता है, जहां किसी एक का गलत आचरण भी पूरे समूह द्वारा सही ठहराया जाने लगता है। इस स्थिति में नैतिकता व्यक्तिगत नहीं रहती, बल्कि भीड़ द्वारा तय की जाती है और यही सबसे खतरनाक स्थिति होती है। हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं कि होली स्वभावतः हिंसक या नकारात्मक पर्व है। वास्तव में होली हमें आईना दिखाती है हमारे समाज के भीतर छिपे उल्लास का भी और हमारी असंवेदनशीलता का भी। यदि हम चाहें, तो होली को फिर से वही बना सकते हैं, जो वह मूलतः थी- रंगों का, रिश्तों का और सम्मान का पर्व। इसके लिए ज़रूरी है कि हम उत्सव को उन्माद से अलग करें और परंपरा को मानवीय मूल्यों के साथ पुनर्परिभाषित करें। जब रंग सहमति से लगेंगे और हँसी किसी की पीड़ा पर नहीं, बल्कि साझे आनंद पर आधारित होगी, तभी होली वास्तव में अपने अर्थ को साकार कर पाएगी।

( लेखिका वरिष्ठ शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## व्यक्ति को कैसे मिल सकती है दुखों से मुक्ति



संकलित
दर्शन

छठी शताब्दी ईसा पूर्व में संपूर्ण विश्व दर्शन के नए क्षितिज स्पर्श कर रहा था। चीन में कन्फ्यूशियस और लाओत्से, ईरान में जरथुस्त्र, यूनान में पाइथागोरस नए तर्क गढ़ रहे थे तो भारत में महावीर स्वामी और गौतम बुद्ध वैदिक दर्शन को नया आयाम देने में लगे थे। गौतम बुद्ध ने बताया कि जन्म से लेकर मृत्यु तक संपूर्ण जीवन दुखमय है। मृत्यु भी दुख का अंत नहीं है, बल्कि नए दुख का आरंभ है, क्योंकि मृत्यु के बाद भी पुनर्जन्म होता है। उनका मानना था कि प्राणी की इच्छा अपूर्ण रहती है तो पुनर्जन्म लेना पड़ता है। बुद्ध अनात्मवादी और अनीश्वरवादी तो थे, किंतु भौतिकवादी नहीं थे। उनका मत है कि सृष्टि में जो कुछ है वह क्षणिक है, परिवर्तनशील है। द्वितीय आर्य सत्य है कि प्रत्येक कार्य का कारण अवश्य होता है, जिसे बुद्ध ने प्रतीत्यसमुत्पाद कहा। इस दुख के कारणता सिद्धांत को द्वादश निदान चक्र भी कहा जाता है। इस दुख का मूलभूत कारण अविद्या है। अविद्या से संस्कार या पूर्व में किए गए कर्मों की प्रवृत्तियां उत्पन्न होती हैं। संस्कार से विज्ञान, विज्ञान से नामरूप, नामरूप से षडायतन, षडायतन से स्पर्श, स्पर्श से वेदना, वेदना से तृष्णा, तृष्णा से उपादान, उपादान से भव, भव से जाति, जाति या जन्म से जरा-मरण का दुख भोगना पड़ता है। बौद्ध दर्शन का तृतीय आर्यसत्य दुख-निरोध है। दुखों के मूल कारण अविद्या को दूर करके इसी जीवन में दुखों का अंत किया जा सकता है। दुखों का निरोध ही निर्वाण है।

## पैसा, सेहत व ज्ञान से जुड़े कामों में देर न करें



संकलित
प्रेरणा

एक दिन श्रीकृष्ण उद्धव की भेंट हुई तो श्रीकृष्ण ने उद्धव को एक ब्राह्मण की कहानी सुनाई। श्रीकृष्ण ने बताया कि एक ब्राह्मण ने खेती और व्यापार करके खूब धन कमाया था। वह धनी था, वह बहुत ही कंजूस भी था। धन आया तो उसका मन गलत कामों में लग गया, वह लालची भी था। बुरी आदतों के साथ ही उसे अहंकार भी हो गया, बात-बात पर वह गुस्सा करने लगा। अपने मित्रों से और रिश्तेदारों से भी ठीक से व्यवहार नहीं करता था। ब्राह्मण के व्यवहार की वजह से उसके घर-परिवार के लोग और मित्र लोग दुखी रहने लगे। वह धनी था, लेकिन और धन कमाना चाहता था। कंजूस इतना था कि वह अपने ऊपर भी खर्च नहीं करता था, लेकिन समय के साथ धीरे-धीरे उसका धन खर्च होने लगा। कुछ धन उसके घर-परिवार वालों ने ही छीन लिया। कुछ चोरी हो गया। कुछ चीजें अपने आप नष्ट हो गई। धनी ब्राह्मण का बुरा समय शुरू हुआ तो उसे व्यापार में भी नुकसान हो गया। इसी तरह कुछ ही दिनों में उसका पूरा धन बर्बाद हो गया। अब वह गरीब हो गया तो किसी ने उसकी मदद नहीं की। गरीबी के दिनों में उस ब्राह्मण को अपनी गलतियां याद आने लगीं। वह सोचने लगा कि उसने कभी भी किसी पर धन खर्च नहीं किया। घर-परिवार के लोगों से और मित्रों से बुरा व्यवहार किया। अब मेरी कोई मदद नहीं कर रहा है, ये सब मेरे ही कर्मों का फल है। मैंने कभी भी अपने धन का सही उपयोग नहीं किया।

## सटाका




## आज की पाती

### विज्ञान वरदान बने, अभिशाप नहीं

28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश में विद्यार्थियों और लोगों की विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना भी है। हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। सूरज-चांद तक नए-नए आविष्कार करने की ओर अग्रसर हो गया है। हमारे देश के वैज्ञानिक भी उन देशों से कम नहीं हैं, जो तकनीक और विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको सुपर पावर मानते हैं। अगर सरकारें विज्ञान की पढ़ाई को देश में दुरुस्त करने के लिए गंभीरता दिखाएं तो हमारा देश विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया के सभी देशों को पीछे छोड़ दे। यह प्रश्न भी अहम है कि विज्ञान एक वरदान है या अभिशाप? यह मानव के वश में ही है कि विज्ञान को अभिशाप बनने से रोका जाए। तभी वह वरदान बना रहेगा।

*– प्रदीप सोनी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर बनेंगी बेटियां



'मेरी पूंजी, मेरा अधिकार', सहेली स्मार्ट कार्ड और दिल्ली लखपति बिटिया जैसी योजनाएं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। सभी कल्याणकारी योजनाएं दिल्ली की महिलाओं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाकर समृद्ध दिल्ली के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगी। **-द्रौपदी मुर्मू,** राष्ट्रपति

### तनाव से भारत चिंतित



पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए। हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। **-नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### घुसपैठिए छीन रहे अवसर



बंगाल के युवाओं को मिलने वाले अवसर घुसपैठिए छीन रहे हैं। राज्य की डेमोग्राफी बदल रही है। टीएमसी ने सीएए के बारे में भी झूठ फैलाया, क्योंकि वे इन घुसपैठियों को बसाना चाहते हैं। टीएमसी की सरकार हर स्तर पर भारतीय संविधान का गला घोंट रही है। **-राजनाथ सिंह,** रक्षा मंत्री

### नशे की लत घातक



हम मद्यपान पर नियंत्रण के प्रयासों का पूरा समर्थन करते हैं, क्योंकि नशे की लत परिवार और समाज दोनों के लिए घातक है। शराब के सेवन और निर्माण पर रोक लगाने का विचार सामाजिक दृष्टि से उचित है। इसलिए इस पर रोक लगाई जाए। **-चिराग पासवान,** केंद्रीय मंत्री

## करंट अफेयर

### नेपाल के पहाड़ी क्षेत्रों में मनाई जा रही होली



नेपाल में सोमवार को होली का उत्सव शुरू हो गया और राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने कहा कि यह त्योहार लोगों को सामाजिक विकृतियों और बुरी प्रथाओं को समाप्त करने के लिए प्रेरित करता है। राष्ट्रपति पौडेल ने देश के पहाड़ी जिलों में मनाए जा रहे रंगों के त्योहार के अवसर पर शुभकामनाएं दीं। हालांकि, तराई क्षेत्र में यह त्योहार मंगलवार को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह त्योहार लोगों को सामाजिक विकृतियों और बुरी प्रथाओं को समाप्त करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही देश में सामाजिक सद्भाव और एकता बनाए रखने में मदद कर सकता है। उत्सव की औपचारिक शुरूआत सात फरवरी को काठमांडू के बसंतपुर दरबार चौक पर 32 फुट से अधिक लंबी बांस की छड़ी 'चिर' की स्थापना के साथ हुयी। रंग-बिरंगे कपड़े छड़ी पर बांधे गए, जो उत्सव के प्रारंभ का प्रतीक था। हालांकि, लोग होली का मुख्य दिन फाल्गुन महीने की पूर्णिमा के दिन मनाते हैं, जो हिंदू पंचांग का एक महत्वपूर्ण महीना है और मुख्य रूप से सर्दियों से वसंत ऋतु में आने का प्रतीक है। सोमवार की आधी रात नेपाल में पांच मार्च को होने वाले प्रतिनिधि सभा चुनावों से पहले चुनाव प्रचार का आखिरी दिन भी है।

## ऑफ बीट

### बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण



यह विकास की एक दुर्भाग्यपूर्ण विचित्रता है कि सब्जियां हमारे लिए बहुत अच्छी हैं लेकिन वे हम सभी के लिए तुरंत स्वादिष्ट नहीं होती हैं। हम उच्च ऊर्जा वाले खाद्य पदार्थों के मीठे या उम्दा स्वाद का आनंद लेने के लिए विकसित हुए हैं, क्योंकि भुखमरी दीर्घकालिक स्वास्थ्य की तुलना में अधिक तात्कालिक जोखिम है। सब्जियाँ विशेष रूप से उच्च ऊर्जा वाली नहीं होती हैं, लेकिन वे आहार फाइबर, विटामिन और खनिजों और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाले यौगिकों से भरपूर होती हैं जिन्हें बायोएक्टिव कहा जाता है। ये बायोएक्टिव ही सब्जियों के कड़वे स्वाद का कारण बनते हैं। पादप बायोएक्टिव, जिन्हें फाइटोन्यूट्रिएंट्स भी कहा जाता है, पौधों द्वारा पर्यावरणीय तनाव और शिकारियों से खुद को बचाने के लिए बनाए जाते हैं। वही चीज़ें जो पौधों के खाद्य पदार्थों को कड़वा बनाती हैं, वही चीज़ें उन्हें हमारे लिए अच्छा बनाती हैं। दुर्भाग्य से, कड़वा स्वाद हमें जहरों से और संभवतः एक ही पौधे को अधिक खाने से बचाने के लिए विकसित हुआ, तो एक तरह से, पादप खाद्य पदार्थों का स्वाद जहर जैसा हो सकता है। हममें से कुछ के लिए, यह कड़वी अनुभूति विशेष रूप से तीव्र है, और दूसरों के लिए यह इतनी बुरी नहीं है। यह आंशिक रूप से हमारे जीन के कारण है।

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।


साधु वासवानी स्कूल के मैदान में बड़े उत्साह के साथ कंडे की होलिका जलाते श्रद्धालु।

# संतनगर में सैकड़ों स्थानों पर किया होलिका दहन, कल जमकर उड़ेगा रंग और गुलाल

**विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुष्पों की वर्षा कर मनाई होली, शिक्षकों ने गाए गीत**

**सत्य की जीत और अधर्म के नाश का पावन पर्व है होली**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

उपनगर बैरागढ़ में सोमवार को सैकड़ों स्थानों पर होलिका दहन किया गया। मंगलवार को चंद्र ग्रहण होने के कारण बुधवार को रंगों का पर्व धुलेंड़ी खेली जाएगी। हुरियारे जमकर रंग-गुलाल उड़ाते हुए लोगों को रंग लगाएंगे।

सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के मैदान में बड़े उत्साह व उमंग के साथ कंडों की होलिका का दहन किया गया। विद्यालय के महासचिव केएल रामनानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि होली का यही संदेश है कि अपने मन से गिला शिकवा निकालकर मिल-जुलकर सभी के लिए मंगल कामना करते हुए पर्व मनाएं। बंसत चेलानी ने भगत प्रहलाद और होलिका माता की कथा सुनाते हुए बताया कि सत्य की जीत और अधर्म के नाश का पावन पर्व है होली। कार्यक्रम में जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी ने बताया कि होली रंगों का त्यौहार है, जिसे सभी मिलकर मनाते हैं होली का पर्व राष्ट्रीय पर्व है। कार्यक्रम में सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी वासदेव वाधवानी, दिलीप मंगतानी, लखन भागचंदानी, राजेश हिंगोरानी, गुलाब जेठानी, आइलदास साधवानी, जनक थद्धानी, मनोहर वासवानी, हीरो केसवानी, कन्हैयालाल मोटवानी, रवि नाथानी, नंद दादलानी, दिनेश वाधवानी, बल्लू चोईथानी, विवेक मिश्रा, अंकित आदि ने होली के पावन पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली का पर्व उमंग व उत्साह के साथ मनाएं और अपनी सोच को सकारात्मक रखें। होली के पावन पर्व पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुष्पों की वर्षा कर मनाई। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाओं ने होली के मधुर गीत गाकर, होलिका की परिक्रमा की। पल्लव के साथ सभी ने भगत प्रहलाद की जय, नरसिंह अवतार की जय के जयकारे लगाए। इसके बाद होलिका का दहन किया गया।



## बच्चों को बांटा घीयर, पिचकारी एवं गुलाल

बजरंग सेना समिति द्वारा होली के उपलक्ष्य में लाईफ लाइन पब्लिक स्कूल, संत हिरदाराम नगर, भोपाल में स्कूल में अध्ययनरत बच्चों को घीयर, भुजिया, पिचकारी एवं गुलाल देकर स्कूल की शिक्षिकाओं एवं बच्चों को होली के पावन पर्व की हार्दिक हार्दिक बधाईयां एवं शुभकामनाऐं दी। लाईफ लाइन पब्लिक स्कूल की प्राचार्य किरण वाधवानी ने बताया कि बजरंग सेना समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी को मैं सर्वप्रथम होली के पावन पर्व की बधाई देती हूं एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं ऐसे ही हमारे स्कूल में गतिविधियां करते रहे।

## खबर संक्षेप



### श्री हजूर साहिब नांदेड़ के लिए रवाना हुए श्रद्धालु

**औबेदुल्लागंज।** होली का त्यौहार होला मोहल्ला में मनाने उमरिया एवं औबेदुल्लागंज की संगत श्री हजूर साहिब नांदेड़ रवाना। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बिंद्रा परिवार की तरफ से संगत को लेकर ट्रक द्वारा श्री हजूर साहब के लिए रवाना हुआ। वाहन को रवाना करते हुए कथाकार जगजीत सिंह ने 'जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल' के नरे लगाए। मुख्य रूप से राजेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह राजू, पाल सिंह बब्बन, मनजीत रिंकू ,हरदेव सिंह, बलवीर सिंह एवं धार्मिक यात्रा पर जाने वालों के परिचित विदा करने के लिए अति उत्साहित थे।

### महिला के गले से बदमाश ने मंगलसूत्र झपटा

**भोपाल।** नर्मदा एक्सप्रेस में पति के साथ यात्रा कर रही महिला के गले से अज्ञात बदमाश मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गया। घटना के समय वह अपनी बर्थ पर सो रही थीं। उसी दौरान ट्रेन स्लो होते ही बदमाश गले से मंगलसूत्र छीनकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। जीआरपी थाना रानी कमलापति ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गणेश नगर सतना निवासी सुखेन्द्र कुशवाहा (40) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि नर्मदा एक्सप्रेस के कोच एस-7 की बर्थ नंबर एक व चार पर वह अपनी पत्नी के साथ जबलपुर से उज्जैन की यात्रा कर रहे थे। पत्नी अभिलाषा गले में सोने का मंगलसूत्र पहनी थीं। मंडीदीप रेलवे स्टेशन से निकलते समय ट्रेन स्लो हो गई। उसी समय अज्ञात बदमाश अभिलाषा कुशवाहा के गले से मंगलसूत्र झपटकर चलती ट्रेन से कूदकर भाग निकला। यात्रा समाप्त होने के बाद पति-पत्नी महाकाल दर्शन करने चले गए। एक फरवरी को सुखेन्द्र कुशवाहा रिपोर्ट दर्ज कराने थाना जीआरपी उज्जैन पहुंचे। जीआरपी उज्जैन ने शून्य पर प्रकरण दर्ज कर डायरी थाना जीआरपी रानी कमलापति भेजी है।

### एक हफ्ते में तीन दिन बंद रहेगा वनविहार



**भोपाल।** वन विहार प्रबंधन ने वन विहार नेशनल पार्क होली (धुलेंडी) पर 3 व 4 मार्च को बंद रहेगा। इसके बाद रंग पंचमी पर 8 मार्च को पार्क बंद रखने का निर्णय लिया है। ऐसा एक हफ्ते में वन विहार तीन दिन बंद रहेगा। वन विहार की असिस्टेंट डायरेक्टर डॉ. रूही हक ने बताया कि वन विहार में हर दिन 5 से 6 हजार से अधिक पर्यटक पहुंचते हैं। रंगों का त्यौहार होने की वजह से वन विहार को बंद रखने का निर्णय लिया है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2750 | | |
| दिन: | 137 | 13 | 148 |
| रात: | 335 | 14 | 680 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 457 | 68 | 378 |
| रात: | 256 | 37 | 278 |

## छोला मंदिर थाना क्षेत्र में हुई वारदात, गंभीर रूप से घायल युवक को अस्पताल में किया भर्ती

# बाइक के सामने आने पर विवाद, बदमाशों ने दो युवकों पर चाकू से पेट और सिर पर किया जानलेवा हमला

- युवक सब्जी खरीदकर लौट रहा था, तभी रोड पार करते समय तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें रोक लिया

**वारदात में घायल दोस्त को अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी**

**पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित सब्जी मंडी के गेट के पास रविवार शाम बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने दो दोस्तों पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक सब्जी खरीदकर लौट रहे थे, तभी सड़क पार करते समय आरोपियों की गाड़ी के सामने आ गए। इसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। बदमाश ने पहले एक युवक के सिर पर चाकू मारा। जब दोस्त बचाने आया तो दूसरे बदमाश ने उसके पेट में भी चाकू घोंप दिया। पेट में गंभीर चोट आने के कारण युवक को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसके दोस्त को छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार शिव नगर निवासी शुभम चौरसिया (30) प्राइवेट काम करता है। रविवार शाम वह अपने दोस्त अजय (30) के साथ सब्जी खरीदने करोंद स्थित मंडी गया था। शाम करीब सात बजे दोनों दोस्त सब्जी खरीदकर घर लौट रहे थे। सब्जी मंडी के गेट के पास आने के बाद दूसरी ओर जाने के लिए दोनों सडक पार करने लगे। तभी तेज रफ्तार बाइक सवार दो युवकों ने उन्हें रोक लिया और अचानक गाड़ी के सामने आने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों अज्ञात बदमाश मारपीट करने लगे। इस बीच एक बदमाश ने शुभम के सिर पर चाकू मार दिया। जब अजय उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा तो बदमाश ने उसके पेट में चाकू घोंप दिया। दोनों दोस्तों पर जानलेवा हमला करने के बाद बदमाश मौके से भाग निकले। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहां इलाज के बाद शुभम को छुट्टी दे दी गई। वहीं अजय की हालत चिंताजनक होने के कारण उसका इलाज चल रहा है। एएसआई हरिशंकर प्रजापति का कहना है कि आरोपियों की खोज के लिए घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। एक कैमरे में दोनों आरोपी कैद हुए हैं लेकिन कैमरा क्वालिटी ठीक नहीं होने के कारण स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे हैं।

### मोबाइल चोरी का आरोप लगाते हुए चाकू से हमला



इसी थाना क्षेत्र स्थित कैलाश नगर सेमरा में रहने वाला 40 साल का अंकित जोशी ऑटो चलाता है। रविवार शाम वह अपने दोस्त मोहित राव के साथ बैठकर शराब पी रहा था। उसी दौरान अंकित ने मोहित पर उसका मोबाइल चोरी करने का आरोप लगा दिया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ा और आरोपी मोहित राव ने अंकित जोशी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने अंकित की ओर से रूपा जोशी की शिकायत पर मोहित राव के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

## गंभीर रूप से घायल अंकित जोशी को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में कराया भर्ती

# मौसेरी बहन के घर पहुंचे युवक पर चाकू से जानलेवा हमला, गंभीर

**भोपाल।** अशोका गार्डन में रहने वाली मौसेरी बहन के घर पहुंचे एक युवक पर किराएदार ने चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रूपा जोशी कैलाश नगर सेमरा में रहती थी। रविवार की शाम को उनका मैसेरा भाई अंकित जोशी (27) उनसे मिलने के लिए पहुंचा था। इसी दौरान मकान में किराए से रहने वाले मोहित राव का अंकित के साथ पुरानी बात को लेकर विवाद हो गया। इस पर मोहित ने अंकित की गर्दन और पेट पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया और मौके से भाग निकला। गंभीर रूप से घायल अंकित जोशी को इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रूपा की रिपोर्ट पर मोहित राव के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि घायल और आरोपी प्राइवेट काम करते हैं। उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था, इसका पता लगाया जा रहा है।

- पुलिस को पूछताछ में पता चला दोनों के बीच किसी बात को लेकर चल रहा था विवाद

### सिर पर ताला मारकर किया घायल

इधर, बजरिया इलाके में एक युवक ने दूसरे युवक के सिर पर ताला मारकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार राजीव वर्मा (33) शंकराचार्य नगर में रहते हैं और प्राइवेट काम करते हैं। सोमवार की सुबह करीब सवा नौ बजे वह अपने घर पर थे, तभी मोहल्ले में रहने वाला अर्ग जैन पहुंचा और पुरानी बात को लेकर गाली-गलौज करने लगा। राजीव ने उसे गाली देने से मना किया तो उसने मारपीट करते हुए सिर पर ताला मार दिया, जिससे खून निकलने लगा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो आरोपी मौके से भाग निकला।

## पेड़ पर फंदा बनाकर युवक ने लगाई फांसी

**भोपाल।** रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित मिलेनियम कॉलेज और नगर निगम कार्यालय के पास रविवार सुबह एक युवक की लाश फांसी के फंदे पर मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक नाथू बरखेड़ा रोड पर रहता था और क्रशर में काम करता था। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्राथमिक जांच में यह बात सामने आई कि उसे पेट की गंभीर बीमारी थी। लंबे समय से उसका इलाज चल रहा था, लेकिन आराम नहीं हो रहा था। बीमारी के कारण वह परेशान रहता था। अनुमान है कि उसने बीमारी से परेशान होकर फांसी लगाई है। पुलिस के अनुसार देवेंद्र अहिरवार (40) नाथू बरखेड़ा रोड, रातीबड़ में रहता था और क्रशर में मजदूरी करता था। उसकी पत्नी रेखा अहिरवार ने बताया कि शनिवार शाम को देवेंद्र घर से निकला था। उसके बाद घर नहीं लौटा। रेखा परिवार के साथ मिलकर देवेंद्र की तलाश कर रही थी। कुछ लोगों ने बताया कि देवेंद्र ने मिलेनियम कॉलेज और नगर निगम कार्यालय के पास पेड़ पर फांसी लगा ली है। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंची गई थी। पुलिस ने मृतक की तलाशी ली, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। साथ ही घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने पर प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या से जुड़ा नजर आ रहा है।

**64 लोगों को शासन की कई योजनाओं से जोड़ा गया**

# वनग्राम मेहरमांगा में पीआरडीएफ ने लगाया सामाजिक सुरक्षा कैंप

**शासकीय योजनाओं से वंचित लोगों के जोड़े नाम**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप


शिविर में लोगों का नाम सरकारी योजना में जोड़ते हुए।

शासन के लगातार प्रयास के बाद भी आज भी ग्रामीण क्षेत्र में कई लोग शासन की मुख्य योजनाओं से वंचित है। इसका कारण शासन की योजनाओं से जुड़ने के लिए उनके पास पर्याप्त दस्तावेजों का न होना है। लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने के लिए उनके मूल दस्तावेजों को बनवाने के लिए सामाजिक संस्था परमेश्वरम रिसर्च एंड डेवलपमेंट फाउंडेशन (पीआरडीएफ) ने वनग्राम मेहरमांगा में सामाजिक सुरक्षा जागरुकता बैठक और शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए समिति के समन्वयक आशीष कीर ने बताया कि शिविर में आयुष्मान कार्ड, संबल कार्ड, जॉब कार्ड, वन अधिकार दावा, विधवा व वर्द्धवस्था पेंशन, राशन कार्ड पर्ची, पीएम किसान, आधार, श्रमिक कार्ड, प्रमाण-पत्र व लाड़ली योजनाएं शामिल रहीं। शिविर संयोजक संजू अलावा ने बताया कि ग्रामवासियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कैंप में उमड़ी भारी भीड़ ने सक्रिय भागीदारी दिखाई। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने दस्तावेज बनवाए और केवायसी पूर्ण करवाए। कार्यकर्ता संजू अलावा,अर्जुन,रेखा और केशर ने बताया कि बैठक के बाद ग्रामवासियों में योजनाओं के प्रति जागरूकता आई उन्हें सरकारी सुविधाओं का लाभ लेने में रुचि दिखाई, अपने कार्ड बनवाए।

## बैठक में सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर की चर्चा

# होली का त्यौहार शांति और हर्षोल्लास से मनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री राम हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, कमल मालवीय, बंटी जोशी, विक्रम धाड़ी, सोनू अग्रवाल, राहुल महेश्वरी, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष जगदीश चंदानी, प्रदीप अरोरा, कैलाश डब्बू नागर, विवेक मित्तल, राजू भाई पटेल, रतन मेघानी, आशीष दीक्षित, सिद्धार्थ मित्तल, दिनेश सेन, मनोज मेघानी, नीरज चावला, संजय अग्रवाल, रवि कमल आदि ने लोगों से होली पर्व शांति, सौहार्द्र और हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है। नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त बैठक में सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की। प्रशासन ने नागरिकों से आग्रह किया है कि होली पर किसी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें, सोशल मीडिया पर भ्रामक संदेश साझा न करें तथा आपसी भाईचारे की भावना के साथ त्यौहार मनाएं। इसके साथ ही डीजे की निर्धारित समय सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान न पहुंचाने की भी अपील की गई है। पुलिस विभाग के एसडीओपी शीला सुराणा, टीआई बीपी सिंह ने बताया कि संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और गश्त बढ़ाई जाएगी, ताकि त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हो सके। नप द्वारा साफ-सफाई एवं पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित को कहा।

## मोबाइल चलाने को लेकर पति से हुआ था विवाद

# पति से कहासुनी के बाद पत्नी ने दूसरी मंजिल से कूद कर दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कजलीखेड़ा थाना क्षेत्र स्थित देव ग्रीन सिटी कॉलोनी में महिला ने दूसरी मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार सुबह महिला का शव शव खून से लतपथ अवस्था में घर के बगल में पथरीली जमीन पर पड़ा मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पति व बच्चों से पूछताछ में पता चला कि देर रात मोबाइल चलाने की बात को लेकर पति ने पत्नी को फटकार लगाई थी। पुलिस शार्ट पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। हत्या और आत्महत्या दोनों ही पहलुओं पर जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार मूलरूप से जबलपुर निवासी जितेन्द्र प्रजापति, कारपेंटर हैं। उनकी पत्नी सोनम प्रजापति (33) गृहणी थीं। उनके तीन बच्चे हैं। दो बेटे और एक बेटी। बड़ी बेटी 14 साल की है, जबकि उससे छोटा बेटा 11 साल और फिर उससे छोटा एक और बेटा है। बहन की बेटी भी इन दिनों उनके साथ ही रहती है। थाना प्रभारी पल्लवी पांडे का कहना है कि रविवार रात खाना खाने के बाद सोनम ने पति से कहा कि उसे नींद नहीं आ रही है। उसने पति से मोबाइल मांगा ताकि कुछ देर मोबाइल चलाने के बाद उसे नींद आ जाए। पति ने सोनम को अपना मोबाइल दे दिया। कुछ देर सोनम मोबाइल चलाती रही। उसी दौरान पति व चारों बच्चे सोने चले गए। सुबह करीब नौ बजे जितेन्द्र के 11 साल के बेटे को उसके दोस्त ने बताया कि तेरी मम्मी बगल में पड़ी है। सूचना मिलते ही पति जितेन्द्र समेत सभी परिजन मौके पर पहुंचे कुछ देर बाद पुलिस भी एफएसएल टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंची और मौका-मुआयना किया।


महिला ने इस बिल्डिंग से कूद कर दी जान।

### पति ने तोड़ा था सोनम का मोबाइल

*जितेन्द्र और सोनम के बीच अक्सर मोबाइल को लेकर विवाद होता रहता था। इस बात की पुष्टि उनके बच्चों ने की है। पति को संदेह था कि पत्नी किसी से मोबाइल पर बातचीत करती है। इसी बात को लेकर करीब एक माह पूर्व जितेन्द्र ने विवाद के दौरान पत्नी का मोबाइल तोड़ दिया था। रविवार रात भी पति-पत्नी के बीच मोबाइल को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के बाद पति ने सोनम को चलाने के लिए मोबाइल दे दिया था। जितेन्द्र का कहना है कि बच्चों को लेकर वह सोने चला गया था। सोनम कब छत पर चली गई और नीचे छलांग लगा दी, इस बात की जानकारी उसे नहीं है।*

### हत्या या आत्महत्या जांच कर रही पुलिस

*एएसआई संतोष कुमार ने बताया कि सोमवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को दे दिया था। शार्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। रिपोर्ट में खुलासा होगा कि मौत कैसे हुई। पुलिस हत्या के एंगल को भी नजरअंदाज नहीं कर रही है। महिला का शव पत्थरों के बीच पड़ा मिला है और आसपास खून फैला हुआ था। पुलिस ने बच्चों से भी बातचीत की लेकिन बच्चों ने पिता पर किसी तरह के आरोप नहीं लगाए हैं।*

## विधायक पटवा के निवास पर उनके छोटे भाई स्व. भरत पटवा के निधन पर शोक सभा आयोजित

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष खंडेलवाल व केंद्रीय मंत्री शिवराज ने श्रद्धांजलि अर्पित कर जताया दुख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज




स्व. भरत पटवा के निधन पर आयोजित शोक सभा में श्रद्धांजलि देते मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व अन्य।

विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर सोमवार को उनके छोटे भाई स्व. भरत पटवा के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्य प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, रायसेन के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पवार, सांसद आलोक शर्मा, मंत्री विश्वास सारंग, आष्टा के विधायक गोपाल, विधायक रामेश्वर शर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी, भगवान दास सबनाली, पूर्व मंत्री विधायक डॉ. प्रभु राम चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ. रामपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, पूर्व विधानसभा सदस्य सीता शरण शर्मा, भोपाल जिला भाजपा अध्यक्ष, रायसेन के जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला रायसेन के संगठन प्रभारी सुधीर अग्रवाल, जिला रायसेन की पर्यवेक्षक राजा मालवीय सहित गंजबासौदा, विदिशा, नर्मदापुरम, इंदौर, सिहोर के कई वरिष्ठ लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं भोजपुर क्षेत्र के भाजपा संगठन महामंत्री, मंडल अध्यक्ष, महिला मोर्चा, किसान मोर्चा, जनपद सदस्य, पार्षद, मंडीदीप, औबेदुल्लागंज, सुल्तानपुर, बाड़ी की अध्यक्ष सहित एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारियों ने श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ रमेश गौर, देवेंद्र सिंह राजपूत, मनजीत सिंह, कन्हैया नंदवंशी, सुलेखा चौहान तामोट, बाबूलाल चौहान, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, मीडिया प्रभारी, पंकज कोठारी, जिला उपाध्यक्ष ओपी मीणा, वागिश अग्रवाल, जेपी शर्मा, गौरी शंकर नागर, जोधा सिंह अटवाल, सोनू चौकसे, नमीता अग्रवाल, मनोज चौरसिया, व्यापार महासंघ के सचिव प्रदीप अरोरा, माया राय, रामकिशोर चौहान तामोट, पुरुषोत्तम शर्मा, रामकिशोर नंदवंशी, पार्षद दीपू परमार, नरेश सेठी, भारती सेठी, हेमलता चौरसिया, कांता पटेल, माधव यादव, वचन लोधी, आरती यादव, वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन, माखन सेन, रवि राय, जीतू नंदवंशी सहित अन्य हजारों भाजपा परिवार के सदस्यों ने विधायक सुरेंद्र पटवा के निवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं दुख व्यक्त किया।

# पढ़ाई को बोझ की तरह न लें, इंजॉय करें और देखें केसे आपका जीवन संवर जाएगा...

## इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने किया सीए फाइनल का रिजल्ट हुआ घोषित

### भोपाल की इनसिया ने पाई ऑल इंडिया रैंक 36

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


सालों की मेहनत, अनगिनत रातों की जागकर की गई पढ़ाई और उम्मीदों से भरी निगाहों का इंतजार आखिर खत्म हुआ, जब इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सीए फाइनल परीक्षा 2026 के नतीजे घोषित किए। सफलता की इस सूची में कई सपनों को उड़ान मिली, तो कहीं हौसलों ने फिर से नई शुरुआत की राह पकड़ी। मेहनत, धैर्य और आत्मविश्वास की मिसाल बनकर सामने आई भोपाल की इनिसया बानो सैफी, जिन्होंने ऑल इंडिया रैंक 36 हासिल कर शहर का गौरव बढ़ाया।

### 10-12 घंटे की पढ़ाई, खाली वक्त में करती लोगों से बातें



सिटी टॉपर और ऑल इंडिया रैंक 36 लाने वाली इनसिया बानो सैफी ने कहा कि मैं हिंदुस्तान युनिलीवर लिमिटेड में जॉब कर रही थी और 4 महीने पहले ही मैंने जॉब से ब्रेक लेकर स्टडी शुरू की और करीब 10-12 घंटे लगातार पढ़ाई करके इस अचीवमेंट को हासिल किया। इंसिया कहती हैं कि मेरे परिवार में मेरी दो और छोटी बहनें हैं तो दोनों ही पढ़ाई में काफी अच्छी हैं, जिसमें मेरी सबसे छोटी बहन तो 7 साल की है, तो पढ़ाई से जब ऊब जाती तो अपनी इसी छोटी बहन से काफी बात करती हूं।

### मुझे सपोर्ट, मोटिवेट और अप्रिशिएट करने वाला रहा मेरा परिवार



600 में से 362 अंक हासिल करने वाले भोपाल के गौरव अग्रवाल ने कहा कि मेरा बचपन का सपना ही सीए बनना था। अपनी आर्टिकलशिप के बाद मैंने 6 महीने जॉब से ब्रेक लेकर कंसिस्टेंसी के साथ पढ़ाई की। करीब 8 से 10 घंटा रोजाना पढ़ाई की तब जाकर इस एग्जाम को क्लियर कर पाया हूं। उन्होंने कहा कि मेरी जॉइंट फैमिली है जिसमें मम्मी-पापा सहित परिवार के हर एक सदस्य ने मुझे काफी सपोर्ट किया, मोटिवेट किया, अप्रिशिएट किया और उनकी वजह से आज मैं इस मुकाम तक पहुंच पाया हूं।

### खाली वक्त में टाइम पास के लिए चलाता था मोबाइल



वहीं, 600 में से 344 अंक लाने वाले यश कोठारी ने कहा कि चार महीने पहले में आर्टिकल शिव कर रहा था और उसमें मैं जब में व्यस्त था उसके बाद मैं 5 महीने की लीव ली और पूरा फोकस का फाइनल एग्जामिनेशन को क्लियर करने को लगाया, जिसमें मैंने कंसिस्टेंसी के साथ पढ़ाई की और करीब 10 से 12 घंटे में पढ़ाई को देता था, जिसमें मेरे पैरेंट्स ने भी मुझे काफी सपोर्ट किया। मेरी दादी ने भी मुझे सपोर्ट किया, उन्हीं के सपोर्ट के थ्रू में आगे बढ़ा और मैंने यह सफलता हासिल की और जब मुझे थोड़ा सा रिलैक्स चाहिए होता था तो मैं मोबाइल चला लेता था जो एक अपने आप में ही एक बड़ा सा एंटरटेनमेंट का साधन है।

## 'पधारो म्हारो देश' थीम पर सजा अरुषि का रंगारंग वार्षिकोत्सव 'एकताल- एकसाल-2026'

# प्रेम का रंग हर रंग को स्वयं में समाहित कर लेता है, आरुषि उसी प्रेम का नाम है...



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बल्ले-बल्ले बीट्स पर लगा पंजाबी डांस का तड़का तो वहीं रिदम ऑफ महाराष्ट्र... के रुप में मराठी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। इसके बाद वाइब्रेंट मूव्स ऑफ साउथ में दक्षिण भारतीय संस्कृति की झलक ने समां को संगीतमय बनाया तो वहीं गरबा नाइट और डांस ऑफ डेजर्ट में कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रंगारंग प्रस्तुतियों से सजा यह नजारा देखने को मिला सोमवार की शाम रविंद्र भवन में। दिव्यांग बच्चों की प्रतिभा से सजा अरुषि के वार्षिक उत्सव 'एकताल-एकसाल-2026' का भव्य आयोजन देखने दर्शकों का सैलाब उमड़ा, 'पधारो म्हारो देश' थीम पर आयोजित इस उत्सव में सभी ने करातल ध्विन से नन्हें मुन्नों की प्रस्तुतियों का स्वागत किया। सम्पूर्ण देश की सांस्कृतिक झलक एक ही मंच पर प्रस्तुत करती इस प्रस्तुति में बच्चों ने गीत, नृत्य, अभिनय और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि संचालन भी अरुषि के बच्चों ने स्वयं किया।

### आरुषि एंथम आसमां खोलो, एक और आसमां है... ने बांधा समा

जहां कार्यक्रम का शुभारंभ दृष्टिबाधित स्नेहा ने रंगों को महसूस करने.... की अपनी अनुभूति साझा करते हुए कहा कि प्रेम का रंग, हर रंग को अपने भीतर समाहित कर लेता है और आरुषि उसी प्रेम का नाम है। उनके संवेदनशील शब्दों ने सभागार में उपस्थित सभी लोगों को भावविभोर कर दिया।

इसके बाद गुलजार द्वारा लिखित, विशाल भारद्वाज द्वारा संगीतबद्ध और रेखा भारद्वाज द्वारा बच्चों को सिखाया गया अरुषि एंथम आसमां खोलो, एक और आसमां है.... प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति में महिमा माली, अफशां खान और दीपिका वर्मा ने भाग लिया।



### पधारो म्हारो देश देश की सांस्कृतिक यात्रा

इस वर्ष की थीम पधारो म्हारो देश पर सजी इन प्रस्तुतियों में फोक सांग ऑफ इंडिया के रूप में सुमधुर लोक गीत की प्रस्तुति खास रही तो वहीं कलर्स ऑफ ट्राइबल इंडिया में भारतीय जनजातीय संस्कृतियों का सम्मिश्रण देखने को मिला।

### पेरेंट्स रैंप वॉक ने जीता दिल

सबसे मनभावन नजारा द इंडिया परेड का था जिसमें आरुषि के बच्चों और अभिभावकों ने विभिन्न राज्यों की वेशभूषा में रैंप वॉक कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं, बैक टू बैक बीट्स में शुभम तिवारी और अक्षत धान्धरे का जोशीला नृत्य पेश किया।





### कार्यक्रम के अंत में विभिन्न श्रेणियों में प्रदान किए सम्मान

बेस्ट स्टूडेंट अवॉर्ड- वेदांश कल्मोडिया, विष्णु साहू, निवान गुप्ता, लियांश म्हस्के एवं पृथ्वी सिंह। बेस्ट सपोर्टिव पेरेंट अवॉर्ड- अभि और डॉली चिदार, श्रेयांश पचोरी, रागिनी यदुवंशी और रंश कुशवाह के अभिभावक।
**वॉलेंटियर अवॉर्ड-** प्रिंसिपल जैक एंड जिल स्कूल, प्रिंसिपल नवीन कन्या स्कूल एवं निशा कविश्वर।





### चोर न जाने आंगन मेला' ने मोहा मन

वहीं कार्यक्रम की अगली कड़ी में विहान ड्रामा वर्क्स ग्रुप द्वारा चोर न जाने आंगन मेला का मंचन भी हुआ, जिसमें आरुषि के बच्चों ने दिल को छूने वाली प्रस्तुति दी। नाटक की कथा एक चोर द्वारा चुराए गए मुर्गी के अंडे से आरंभ होती है और एक जीवंत मेले के परिवेश में विकसित होती है। पुलिस से बचते हुए चोर और अंडा मेले में छिपते हैं, जहां पूरे भारत की सांस्कृतिक विविधता के प्रतीक रूप एक साथ दिखाई देते हैं पंजाब के गुब्बारे, मणिपुर के खिलौने, बंगाल का जादूगर और राजस्थान की जलेबियां। हास्य, पकड़म-पकड़ाई और जादुई घटनाक्रम के बीच अंततः अंडा एक चूजे के रूप में लौटता है, जो प्रेम, सहयोग और रूपांतरण का प्रतीक बनकर उभरता है। नाटक में निर्देशन श्वेता केतकर का रहा और संगीत निर्देशन हेमंत देओलकर ने।

# मानवीय संवेदनाओं, अंतर्द्वंद्व और सामाजिक परिस्थितियों के बीच जूझते व्यक्ति की कहानी

संस्कार भारती में आयोजित सोलो सागा 4.0 में नाटक 'असमंजस बाबू की आत्मकथा' का मंचन



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आर्ट लोक स्टूडियोज ऑफ रियलिस्टिक विजुअलाइजेशन द्वारा आयोजित संस्कार भारती में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सोलो थिएटर फेस्टिवल सोलो सागा 4.0 का दूसरा दिन भी अत्यंत सफल और सराहनीय रहा। इस समारोह में शहर के कला प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। महोत्सव के दूसरे दिन नाटक 'असमंजस बाबू की आत्मकथा' का मंचन किया गया। अम्बुज ठाकुर द्वारा निर्देशित यह एकल नाट्य प्रस्तुति मानवीय संवेदनाओं, अंतर्द्वंद्व और सामाजिक परिस्थितियों के बीच जूझते एक सामान्य व्यक्ति की मनःस्थिति को प्रभावशाली ढंग से मंच पर प्रस्तुत करती है। कलाकार



के सशक्त अभिनय ने दर्शकों को आरंभ से अंत तक बांधे रखा। संवाद अदायगी, भाव-भंगिमा और मंच संयोजन ने प्रस्तुति को जीवंत बना दिया।



### दर्शकों का मिला भरपूर स्नेह

संस्था के अध्यक्ष अपूर्व दत्त मिश्रा ने बताया कि सोलो सागा 4.0 संस्था का चतुर्थ आयोजन है और पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी इसे दर्शकों का भरपूर स्नेह मिला। उन्होंने कहा कि एकल अभिनय जैसी चुनौतीपूर्ण विधा को मंच देना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है, ताकि कलाकार अपनी व्यक्तिगत अभिव्यक्ति और सृजनात्मकता को स्वतंत्र रूप से प्रस्तुत कर सकें। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी कलाकारों, सहयोगियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प दोहराया।

## अंबर-ए यूनिट ऑफ सयाजी का शुभारंभ

# झीलों की नगरी भोपाल को मिली 'अंबर- ए यूनिट ऑफ सयाजी' के रूप में नई सौगात



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते अंबर-ए यूनिट ऑफ सयाजी के अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल, जिसे झीलों की नगरी कहा जाता है, अपनी विरासत और आधुनिक माहौल का अनोखा संगम पेश करता है। शहर के निकट स्थित यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल भीमबेटका और सांची इसे पर्यटन के लिहाज से विशेष महत्व देते हैं।

राजा भोज से जुड़ी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और मजबूत सांस्कृतिक पहचान के कारण भोपाल आज भी देश-विदेश के यात्रियों को खूब आकर्षित करता है। इतिहास, संस्कृति और स्थानीय व्यंजनों का अनुभव लेने वाले यात्रियों के लिए यह शहर हमेशा से ही एक प्रमुख गंतव्य रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए सयाजी ग्रुप के पोर्टफोलियो में एक और नई पेशकश अंबर- ए यूनिट ऑफ सयाजी शामिल हो चुका है। चिनार फॉर्च्यून सिटी में स्थित यह होटल आधुनिक सुविधा और आत्मीय सेवा का अनुभव प्रदान करेगा। राज्य की राजधानी में स्थित यह स्थान बिजनेस यात्रा, छोटे अवकाश और निजी समारोहों के लिए बिल्कुल उपयुक्त है। इस लक्जरी होटल में आराम से ठहरने के लिए कुल 22 सुसज्जित रूम्स उपलब्ध हैं।

### हर एक छोटी सी छोटी बात का रखा गया विशेष ध्यान

यह जानकारी सोमवार को आयोजित पत्रकार वार्ता में अंबर- ए यूनिट ऑफ सयाजी के सह-मालिक तथा सत्यम बिल्डर्स एंड डेवलपर्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आकाश गोलानी ने दी। उन्होंने कहा कि हमें भोपाल में अंबर- ए यूनिट ऑफ सयाजी की शुरुआत करते हुए बेहद खुशी हो रही है। यह होटल आकार में भले ही छोटा है, लेकिन यहां हर एक छोटी से छोटी बात का विशेष रूप से ध्यान रखा गया है। अंबर- ए यूनिट ऑफ सयाजी अब मेहमानों के स्वागत के लिए तैयार है। यह शहर घूमने, काम के सिलसिले में रुकने या परिवार और दोस्तों के साथ खास पलों को यादगार बनाने के लिए एक सुविधाजनक और सुसज्जित ठिकाना प्रदान करता है।

# जावेद अली और शैनन का भावपूर्ण गीत 'सनम' हुआ रिलीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उभरती हुई वैश्विक पॉप कलाकार शैनन के का नया सिंगल भावपूर्ण गीत 'सनम' अब जारी हो चुका है। इस खूबसूरत रोमांटिक गीत में उनके साथ मशहूर पार्श्व गायक जावेद अली की मधुर और दिल को छू लेने वाली आवाज भी शामिल है। रिलीज होते ही यह गीत श्रोताओं के बीच चर्चा का विषय बन गया है और अपनी संवेदनशीलता व मधुरता के कारण खासा सराहा जा रहा है। प्रतिभाशाली



संगीतकार शरबिरश द्वारा सुसज्जित यह गीत आधुनिक संगीत शैली और पारंपरिक प्रेम भावनाओं का सुंदर समन्वय प्रस्तुत करता है। शैनन के की कोमल और सधी हुई गायकी गीत में ताजगी के साथ एक आत्मीय एहसास भी जगाती है, वहीं जावेद अली की भावपूर्ण प्रस्तुति इसे और अधिक गहराई प्रदान करती है। दोनों कलाकारों की जुगलबंदी इस रचना को एक विशिष्ट ऊंचाईयां देती हैं।

## फागुन मेले में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए

# नूतन कॉलेज में होली फागुन मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या महाविद्यालय में होली फागुन रंग मेला स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के द्वारा किया गया। मेले का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी एवं स्वामी विवेकानंद प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. इंदिरा जावेद, समिति के अन्य सदस्य, प्रशासनिक अधिकारी डॉ. अशोक कुमार नेमा एवं महाविद्यालय के प्राध्यापक भी उपस्थिति रहें। फागुन रंग मेले में छात्राओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के स्टॉल लगाए गए, जिसमें छात्राओं के द्वारा हर्बल कलर ,आर्टिफिषियल ज्वेलरी, बेडशीट, बैग, फ्लावर पोट, टपरवेयर समान एवं अन्य प्रकार के स्टॉल लगाए गए।



## मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति ने किया 'होलिकोत्सव' का आयोजन

# हिंदी भवन में लोकगीत-नृत्यों के संग बिखरे होली के रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा प्रतिवर्ष होलिका दहन की संध्या पर आयोजित किया जाने वाला 'होलिकोत्सव' सोमवार को हिंदी भवन परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में हर वर्ष की तरह गीत-संगीत, लोक गीत तथा लोकनृत्यों के रंग बरसे। इस दौरान विभिन्न कलाकारों ने अपने-अपने अंचलों की लोक प्रस्तुतियां दीं।

### फागुन की मस्ती से भरे लोकगीत

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की शुरुआत सुप्रसिद्ध गायिका राजकुमारी शर्मा की प्रस्तुति से हुआ। उन्होंने लोकगीत के माध्यम से फागुन की मस्ती का चित्रण किया। इसके बाद अरुणि समूह की कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुति दी। सुमन सेजवान समूह ने गढ़वाली गीतों की प्रस्तुति देकर पहाड़ों में मनाई जाने वाली होली से परिचित कराया।



'होलिकोत्सव' समारोह में लोकनृत्य की प्रस्तुति देते हुए।



### कार्यक्रम के दौरान निमाड़ी गीतों ने समां बांधा

पूर्णिमा चतुर्वेदी और मीनाक्षी पगारे ने निमाड़ी गीतों से समां बांधा। इसी तरह विभा शर्मा ने भी अपने दल के साथ निमाड़ी लोकगीत प्रस्तुत किए। इसके अलावा कलाकारों ने बुंदेलखंड, भोजपुरी, मालवी आदि अंचलों की प्रस्तुतियां भी दी।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर समिति के संरक्षक कैलाशचंद्र पंत, उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा, मंत्री संचालक डॉ. विकास दवे, पूर्व मंत्री पीसी शर्मा सहित शहर के कलाप्रेमी उपस्थित थे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

### कलाकृतियां आमंत्रित करने की अंतिम तिथि अब 7 मार्च हुई

**भोपाल।** मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग, उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी, द्वारा मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार एवं प्रदर्शनी-2026 का आयोजन किया जा रहा है। अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश के ख्यातिलब्ध कलाकारों के नाम से स्थापित रूपंकर एवं ललित कलाओं के दस पुरस्कारों के लिए कलाकृतियों को आमंत्रित किया जा रहा है, जिसकी अंतिम तिथि 2 मार्च प्रकाशित की गई थी। मध्यप्रदेश राज्य रूपंकर कला पुरस्कार एवं प्रदर्शनी - 2026 के लिए कलाकृतियों को अब 07 मार्च, 2026 को सायं 5 बजे तक स्वीकार किया जा सकेगा। उल्लेखित समय एवं तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाली कलाकृतियों को स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।

पश्चिम-एशिया तनाव के बीच पीएम की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक दिए जरूरी निर्देश

# अब तक इजराइल, यूएई, सऊदी अरब और बहरीन जैसे देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ हुई मामले पर चर्चा

**1** क्षेत्र के अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ जारी पीएम की बातचीत का सिलसिला

**2** जयशंकर ने ईरान समेत अन्य देशों के विदेश मंत्रियों से की बातचीत






हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया क्षेत्र में बने हुए चिंताजनक हालातों के बीच केंद्र सरकार पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रही है। जिसमें एक और पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार देर-रात केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) की एक आपातकालीन उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें मुख्य रूप से सभी पक्षों से जल्द से जल्द हर तरह की शत्रुता को समाप्त कर बातचीत और कूटनीति की ओर लौटने पर जोर दिया गया है। वहीं, दूसरी ओर पीएम क्षेत्र में शामिल अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ बातचीत भी कर रहे हैं। जिसमें तनाव को कम करने के अलावा इलाके में बड़ी तादाद में रह रहे भारतीयों के हितों को सुरक्षा प्रदान करने पर खासा जोर दिया जा रहा है।

सीसीएस की बैठक में पीएम के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विदेश सचिव विक्रम मिस्री सहित अन्य वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी शामिल हुए। पीएम ने अपनी तमिलनाडु यात्रा से लौटने के तुरंत बाद इस बैठक में भाग लिया। उधर, मामले पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने ईरान, ओमान, इजराइल, सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर और यूएई के विदेश मंत्रियों से बातचीत की है। ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची से हुई बातचीत को लेकर उन्होंने 'एक्स' पोस्ट में बताया कि ईरान और इस समूचे क्षेत्र में हालिया घटनाक्रमों पर भारत की गहरी चिंता से हम सहमत हैं। बता दें, क्षेत्र के तनावपूर्ण हालातों के बीच आगामी वक्त में पीएम की दुनिया के कुछ अन्य देशों के शीर्ष नेताओं के साथ बातचीत का ये सिलसिला चलता रहेगा।

## क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली अहम

*पीएम मोदी ने सोमवार को सऊदी अरब के युवराज और पीएम मोहम्मद बिन सलमान से पश्चिम-एशिया की बदलती स्थिति पर टेलीफोन के जरिए संवाद किया। सऊदी अरब में हाल ही में हुए हमलों की पुरजोर निंदा की गई। जो उसकी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का उल्लंघन है। मैं और पीएम सलमान इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली बेहद महत्वपूर्ण है। साथ ही मैंने इस मुश्किल समय में भारतीय समुदाय की ध्यान रखने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया है। पीएम मोदी की बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा के साथ भी बातचीत हुई है।*

## जंग के बीच ईशा अबू धाबी में फंसीं, माधवन अमेरिका में






**नई दिल्ली।** इजराइल, अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष की खबरें और हवाई क्षेत्र बंद होने के विजुअल्स इंटरनेट पर वायरल हुए, वैसे ही अजित कुमार और आर माधवन जैसे बड़े सितारों के नाम ट्रेंड करने लगे। चूंकि इन दोनों अभिनेताओं का दुबई में अपना घर है और वे अक्सर वहां समय बिताते हैं, इसलिए प्रशंसक उनकी सुरक्षा को लेकर रियल-टाइम अपडेट्स की मांग करने लगे। सोशल मीडिया पर बढ़ती अफवाहों और प्रशंसकों की बेचैनी को देखते हुए बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट में स्थिति स्पष्ट की गई। आर माधवन ने स्वयं इस बात की पुष्टि की है कि वह वर्तमान में दुबई में नहीं, बल्कि अपने परिवार के साथ यूनाइटेड स्टेट्स में हैं। उन्होंने बताया कि वह पूरी तरह सुरक्षित हैं और उन्होंने अपने प्रशंसकों को उनकी फिक्र और दुआओं के लिए धन्यवाद दिया। माधवन ने यह भी स्पष्ट किया कि जब तक मिडिल ईस्ट के हालात सामान्य नहीं हो जाते, वे अमेरिका में ही रुकेंगे। उनके इस सीधे और स्पष्ट जवाब ने सोशल मीडिया पर चल रही अनवेरिफाइड रिपोर्ट्स और अफवाहों पर विराम लगा दिया, जिससे प्रशंसकों ने राहत की सांस ली।

टैंकर में करीब 59,463 मीट्रिक टन कच्चा माल लदा हुआ था

## ओमान के पास ऑयल टैंकर पर ईरान का हमला, एक भारतीय की दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व में भड़की युद्ध की आग अब समंदर के रास्तों को भी अपनी चपेट में ले रही है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच बढ़ते तनाव के बीच, ओमान के तट के करीब एक बड़े तेल टैंकर पर हमला हुआ है। इस खौफनाक हमले में एक भारतीय नाविक की मौत हो गई। यह घटना अंतरराष्ट्रीय व्यापार और समुद्री सुरक्षा के लिए एक बड़ा खतरा बनकर उभरी है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाले इस कॉमर्शियल ऑइल टैंकर का नाम 'एमकेडी व्योम' है। जानकारी के मुताबिक, यह जहाज मस्कट गवर्नरेट के तट से लगभग 52 नॉटिकल मील की दूरी पर था, जब एक मानव रहित नाव ने इसे अपना निशाना बनाया। जिस वक्त यह हमला हुआ, टैंकर में करीब 59,463 मीट्रिक टन कच्चा माल लदा हुआ था। ड्रोन के टकराते ही जहाज के मुख्य इंजन रूम में जोरदार धमाका हुआ और भीषण आग लग गई। इसी धमाके की चपेट में आने से एक




भारतीय क्रू मेंबर की दर्दनाक मौत हो गई। राहत की बात यह रही कि हमले के तुरंत बाद रैस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। जहाज पर कुल 21 क्रू मेंबर मौजूद थे, जिनमें 16 भारतीय, चार बांग्लादेशी और एक यूक्रेन का नागरिक शामिल था। पनामा के झंडे वाले एक अन्य व्यापारिक जहाज 'एमवी सैंड' ने मुस्तैदी दिखाते हुए इन सभी 21 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।



## ट्रंप बोले- ईरान ने चेतावनी नहीं मानी जरूरत पड़ी तो अब सेना भी उतारूंगा

**वॉशिंगटन।** ट्रंप ने कहा कि हम चाहते थे कि ईरान का खतरा खत्म हो जाए। ईरान ने अमेरिकी चेतावनियों को नजरअंदाज किया। पिछले साल ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाए जाने के बाद भी उसने परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिशें बंद नहीं की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान पर हमले के फैसले को लेकर बयान दिया है। ट्रंप ने कहा है कि ईरान ऐसी मिसाइलें बना रहा था, जो अमेरिका तक पहुंच सकती थी। ट्रंप ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि ईरान के खिलाफ अमेरिका का सैन्य ऑपरेशन जारी है। इस आतंकी सरकार से अमेरिका को गंभीर खतरा बना हुआ था, ईरान परमाणु हथियारों की अपनी जिद पर अड़ा हुआ। इस वजह से अमेरिका पूरी तरह से अलर्ट था। उन्होंने कहा कि इनके पास अमेरिका तक मार करने वाली मिसाइलें थी।

## पाकिस्तान का दावा- मार गिराए 350 तालिबानी, रमजान में चल रही जंग और तेज

- *साढ़े 5 सौ से ज्यादा लोग हुए घायल*
- *अफगान का दावा पाक के दो मिलिट्री बेस और 19 मिलिट्री पोस्ट पर कब्जा किया*



**इस्लामाबाद।** इजराइल और ईरान में जारी जंग के बीच भारत के पड़ोस में भी युद्ध तेज हो रहा है। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध का आज चौथा दिन है। पाकिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में अब तक 350 से ज्यादा तालिबान लड़ाके मारे गए हैं। पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार ने दावा किया है कि उनके मुल्क ने अफगानिस्तान के 41 ठिकानों पर हमले किए हैं। इन हमलों में तालिबान की 130 चौकियों को तबाह कर दिया गया है। इसके अलावा 530 लोग जख्मी हुए हैं और साढ़े 3 सौ लोग मारे गए हैं। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने इससे पहले ऐलान किया था कि अफगानिस्तान के साथ अब हम खुली जंग में हैं। उनका कहना था कि तालिबान ने हमारी सीमा में घुसकर हमले किए हैं और अब हम उनका जवाब देंगे। इसके बाद पाकिस्तान ने काबुल, कंधार समेत अफगानिस्तान के बड़े शहरों को टारगेट करते हुए हमले किए थे। तुर्की और कतर जैसे मुल्कों ने पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच मध्यस्थता कराने की कोशिश की थी, लेकिन फेल रहे। दोनों इस्लामिक देशों के बीच जारी इस जंग ने साउथ एशिया में ऐसे वक्त में तनाव बढ़ाया है, जब पड़ोस में ही ईरान और इजराइल भी जंग लड़ रहे हैं। उस युद्ध में अमेरिका भी इजराइल के साथ मिलकर हमले कर रहा है। वहीं अफगानिस्तान का दावा है कि उसके हमलों में 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए हैं। इसके अलावा पाकिस्तान के दो मिलिट्री बेस और 19 मिलिट्री पोस्ट भी कब्जाने का दावा किया है। पाकिस्तान ने ऐसे दावों को खारिज किया है। बता दें कि बीते कई सालों से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव की स्थिति बनी हुई है। 2021 में अफगानिस्तान से नाटो सेनाओं ने वापसी की थी। इसके बाद पाकिस्तान को उम्मीद थी कि अब तालिबान के हाथ सत्ता लगेगी और उनके जरिए वह मनमानी कर सकेगा। हालांकि ऐसा नहीं हुआ है और तालिबान ने अपनी धरती का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों के लिए नहीं करने दिया है। यही नहीं पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत को लेकर दोनों में मतभेद भी पैदा हो गए हैं। इसकी वजह यह है कि तालिबान का कहना है कि वह अंग्रेजों की खींची हुई डूरंड लाइन को नहीं मानता है। इसके अलावा खैबर पख्तूनख्वा में जो पश्तून आबादी है, उनके साथ उनका रिश्ता है। ऐसे में मुक्त आवाजाही की परमिशन भी होनी चाहिए।

हिंसक प्रदर्शन के चलते सुरक्षा अलर्ट जारी

## पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास पर वीजा सेवाएं की गईं स्थगित

*__इस्लामाबाद।__ पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास और वाणिज्य दूतावासों के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बीच अमेरिकी सरकार ने सुरक्षा चेतावनी जारी की है। अमेरिकी दूतावास ने कहा कि लाहौर और कराची में जारी प्रदर्शन और हिंसा, साथ ही इस्लामाबाद और पेशावर में अतिरिक्त विरोध प्रदर्शन की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए, अमेरिकी कर्मचारियों को सीमित गतिविधि और घर पर रहने का निर्देश दिया गया है। सुरक्षा चेतावनी में अमेरिकी नागरिकों को स्थानीय समाचार पर नजर रखने, भीड़ से दूर रहने, अपने आसपास सतर्क रहने और अपने रजिस्ट्रेशन को अपडेट रखने की सलाह दी गई है। अमेरिकी दूतावास ने बताया कि कराची और लाहौर के वाणिज्य दूतावास, तथा इस्लामाबाद अमेरिकी दूतावास में 2 मार्च के सभी वीजा अपॉइंटमेंट और अमेरिकी नागरिक सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। गौरतलब है कि कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर हिंसक प्रदर्शन हुए। इसके बाद एक अमेरिकी रूढ़िवादी (कंजरवेटिव) कार्यकर्ता ने अमेरिका के विदेश विभाग से मांग की है कि पाकिस्तानियों के सभी वीजा, यहां तक कि ग्रीन कार्ड भी रद्द कर दिए जाएं। लॉरा लूमर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में विदेश मंत्री मार्को रुबियो को टैग करते हुए लिखा 'अमेरिकी विदेश विभाग को पाकिस्तानियों के सभी वीजा और ग्रीन कार्ड भी जब तक संभव हो, निलंबित कर देने चाहिए।' उनकी यह मांग कराची में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास परिसर के बाहर हिंसक प्रदर्शन और झड़पों की खबरों के बाद आई है। लूमर ने दावा किया कि पाकिस्तान में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत से नाराज छह प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए, ये लोग अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के कड़ी सुरक्षा वाले परिसर में घुसने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि आज दोपहर दोबारा घुसने की कोशिश करने के दौरान कई अन्य लोगों को गोली लगी और उनकी मौत हो गई। हालांकि अमेरिकी विदेश विभाग ने उनकी इस मांग पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।*

सीईपीए समझौते की राह हुई साफ़, दोनों देशों में बढ़ेगा निवेश

भारत-कनाडा का महा-समझौता: 2030 तक 50 बिलियन डॉलर के व्यापार का लक्ष्य!

# यूरेनियम डील से चमकेगी भारत की ऊर्जा, कनाडा के साथ 2.6 बिलियन डॉलर का ऐतिहासिक करार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर चल रही उथल-पुथल और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच, भारत ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर एक बड़ा कदम उठाया है। एक ओर जहां भू-राजनीतिक संकट ने बाजारों को झकझोर कर रख दिया है, वहीं भारत और कनाडा के बीच ऊर्जा, व्यापार और रणनीतिक खनिजों को लेकर ऐतिहासिक समझौते हुए हैं। इन समझौतों के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए देशवासियों को सुरक्षा का पूरा भरोसा दिलाया है। भारत और कनाडा ने यूरेनियम पर एक ऐतिहासिक समझौते पर भी हस्ताक्षर किए हैं। कनाड के पीएम कार्नी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद, पीएम मोदी ने साफ किया कि मानवता की भलाई भारत और कनाडा का साझा दृष्टिकोण है। वैश्विक अस्थिरता का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति भारत के लिए गहरी चिंता का विषय है और देश बातचीत के जरिए सभी मुद्दों के समाधान का पक्षधर है। युद्ध के बढ़ते जोखिम



*संधि से भारत के आईटी और सर्विस सेक्टर को मिलेंगी बड़ी सौगातें*

के बीच पीएम मोदी ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कनाडाई प्रधानमंत्री कार्नी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद, पीएम मोदी ने साफ किया कि मानवता की भलाई भारत और कनाडा का साझा दृष्टिकोण है। वैश्विक अस्थिरता का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति भारत के लिए गहरी चिंता का विषय है और देश बातचीत के जरिए सभी मुद्दों के समाधान का पक्षधर है। युद्ध के बढ़ते जोखिम के बीच पीएम ने स्पष्ट आश्वासन दिया कि सरकार अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित होगा


कनाडा के साथ हुए ये समझौते भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए गेम-चेंजर साबित हो सकते हैं। यूरेनियम और नवीकरणीय ऊर्जा पर हुए समझौतों से भारत के पावर और एनर्जी सेक्टर को भारी बूस्ट मिलेगा, जिससे ऊर्जा के क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। वहीं, क्रिटिकल मिनरल्स समझौता भारत के उभरते इलेक्ट्रिक वाहन और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए कच्चे माल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करेगा। एक ओर जहां पश्चिम एशिया का संकट वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर भारत सरकार कूटनीतिक स्तर पर अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में जुटी है।

### समुद्री सहयोग को नई गहराई मिलेगी: पीएम मोदी

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, भारत हिंद-प्रशांत क्षेत्र में कनाडा को एक महत्वपूर्ण और व्यापक साझेदार मानता है। हम हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (आईओआरए) में संवाद साझेदार बनने में उसकी रुचि का स्वागत करते हैं। इससे हमारे समुद्री सहयोग को नई गहराई मिलेगी। हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए साझा और गंभीर चुनौतियां हैं। इन खतरों के खिलाफ हमारा घनिष्ठ सहयोग वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। विश्व भर में चल रहे कई तनावों पर भारत का रुख स्पष्ट है। हमने हमेशा शांति और स्थिरता बनाए रखने का आह्वान किया है, और जब दो लोकतंत्र एक साथ खड़े होते हैं, तो शांति की आवाज और भी मजबूत हो जाती है। पश्चिम एशिया की वर्तमान स्थिति हमारे लिए गहरी चिंता का विषय है। भारत संवाद और कूटनीति के माध्यम से सभी विवादों के समाधान का समर्थन करता है। प्रधानमंत्री मोदी के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा, भारत एक ऐसा देश है जिसकी ऊर्जा मांग 2040 तक दोगुनी होने का अनुमान है। इस मांग को स्थायी रूप से पूरा करने के लिए, भारत नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट तक बढ़ाने और इसी अवधि में अपने प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण में एलएनजी की हिस्सेदारी।

## भारत-कनाडा के बीच हुए हैं खास और ऐतिहासिक समझौते

भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बीच अपनी अर्थव्यवस्था की रक्षा करने के लिए भारत ने कनाडा के साथ अपनी रणनीतिक भागीदारी को मजबूत किया है। दोनों देशों के बीच हुए प्रमुख समझौते इस प्रकार हैं:



### यूरेनियम और परमाणु सहयोग

*कनाडाई पीएम कार्नी के साथ वार्ता के बाद पीएम मोदी ने बताया कि भारत और कनाडा ने यूरेनियम पर एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके अलावा, नागरिक परमाणु सहयोग को आगे बढ़ाते हुए दोनों देश छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों पर एक साथ मिलकर काम करेंगे।*

### क्रिटिकल मिनरल्स

*भविष्य की तकनीकी और औद्योगिक आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने के लिए, भारत और कनाडा ने महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र में सहयोग के लिए एक अहम समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।*

### नवीकरणीय ऊर्जा

*स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाते हुए, दोनों देशों ने नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर मुहर लगाई है।*

### व्यापक आर्थिक व्यापार समझौता

*व्यापारिक संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिए भारत और कनाडा ने 'व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते' के लिए 'टर्म्स ऑफ रेफरेंस' दस्तावेज को अंतिम रूप दे दिया है। पीएम मोदी के अनुसार, दोनों देशों ने इस व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते को जल्द ही अंतिम रूप देने का फैसला किया है।*


पाकिस्तान का नया हथकंडा फेल

## पुंछ के दिगवार में ड्रोन घुसपैठ की कोशिश रही नाकाम, सेना ने फायरिंग कर खदेड़ा

एजेंसी ▶▶ जम्मू

सुबह करीब छह बजे दिगवार में पाकिस्तान से करीब तीन छोटे ड्रोनों को घुसपैठ करते हुए देखा गया। जवानों ने ड्रोनों को गिराने के लिए तुरंत फायरिंग की। इसके बाद ड्रोन थोड़ी देर मंडराने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में भाग गए।

सेना के प्रवक्ता ने एक्स पर इसकी जानकारी साझा करते हुए लिखा कि ड्रोनों को खदेड़ने के बाद जवानों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया। यह पता लगाने की कोशिश की गई कि



ड्रोनों से कहीं कोई हथियार या नशीला पदार्थ तो नहीं गिराया गया है। पांच किलोमीटर दूर पुंछ नगर और आसपास के क्षेत्रों में भी सुरक्षा कड़ी कर दी गई।

देर रात सुरक्षाबलों ने गश्त की। नाके लगाकर वाहनों की जांच भी की गई। पुंछ के दिगवार सेक्टर में तीन दिन में पाकिस्तान ड्रोन की घुसपैठ की कोशिश की यह दूसरी घटना है। इससे पहले शुक्रवार को भी ड्रोन ने इसी क्षेत्र में घुसपैठ की थी। उसे भी सेना ने गोलीबारी कर खदेड़ दिया था। बता दें कि एक जनवरी को तड़के पुंछ के करमाड़ा में ड्रोन से हथियार, नशीला पदार्थ और विस्फोटक गिराए गए थे। उसके बाद 15 जनवरी को ड्रोन की घुसपैठ को सेना ने नाकाम कर दिया था। पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को पोषित करने के लिए नई साजिश रची है। अब सीमा पर सख्त पहरा होने से करीब दो वर्षों से आतंकियों तक हथियार, पैसा व नशा पहुंचाने के लिए ड्रोन घुसपैठ करवा रहा है।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शांति बनाए रखने की अपील की

## खामेनेई की मौत से कश्मीर में प्रदर्शन तेज, श्रीनगर का लाल चौक किया गया सील, इंटरनेट सेवाएं हुईं ठप

- *खामेनेई की तस्वीरें और झंडे लिए बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल*
- *जगह-जगह पर भारी पुलिस बल तैनात, कई जगह झड़पें हुई*

एजेंसी ▶▶ जम्मू

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में हो रहे प्रदर्शनों को फैलने से रोकने के लिए श्रीनगर और कश्मीर के कई अन्य हिस्सों में प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। लाल चौक, जो प्रदर्शनों का मुख्य केंद्र है, उसे पूरी तरह बंद कर दिया गया है। मोबाइल इंटरनेट सेवा प्रतिबंधित कर दी गई है और कश्मीर भर के सभी स्कूलों और कॉलेजों दो दिनों के लिए



बंद कर दिए गए हैं। वहीं, कई धार्मिक और सामाजिक समूहों ने सोमवार को बंद रखा गया। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने भी इस बंद का समर्थन किया है। बता दें कि खामेनेई की हत्या के विरोध में कश्मीर भर में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं। इसके अलावा, श्रीनगर में संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह के मुख्यालय के सामने भारी भीड़ जमा हुई और उन्होंने अमेरिका, इजराइल और उसके सहयोगियों के खिलाफ नारे लगाए। जम्मू और कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने घाटी में व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बीच शांति बनाए रखने की अपील की है। अब्दुल्ला ने कहा कि उनकी सरकार विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रही है, ताकि ईरान में मौजूद छात्रों सहित जम्मू-कश्मीर के निवासियों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित की जा सके। इलाके में भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई थी, और जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात समेत शीर्ष अधिकारी स्वयं प्रदर्शन स्थलों पर मौजूद थे। वहीं, किसी भी अप्रिय घटना या हिंसा की कोई रिपोर्ट नहीं मिली, क्योंकि प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण रहे।

### प्रदर्शन के दौरान लगाए गए नारे

*अमेरिका का जो यार है, गद्दार है, इजराइल का यार है गद्दार है। जैसे नारों के साथ प्रदर्शन किया गया। श्रीनगर के सोनवार स्थित संयुक्त राष्ट्र सैन्य पर्यवेक्षक समूह के कार्यालय में प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपने का प्रयास किया। हालांकि, पुलिस ने मेन गेट पर बैरिकेड लगा दिए थे, जिस कारण संयुक्त राष्ट्र कार्यालय का कोई भी अधिकारी बाहर नहीं आया। प्रदर्शनकारियों ने कई घंटों तक कार्यालय में धरना दिया और शोक व्यक्त करते हुए तथा नारे लगाते हुए सड़क को जाम कर दिया। गौरतलब है कि हाल के वर्षों में यह पहली बार है कि श्रीनगर में इतने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन की अनुमति दी गई है। खामेनेई शिया मुस्लिमों के लिए एक केंद्रीय और अहम धार्मिक नेता थे। उनके प्रति गहरी श्रद्धा के कारण ही घाटी में इस तरह का आक्रोश और शोक देखने को मिला।*



5 मार्च को शाम 7 बजे वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा भारत-इंग्लैंड के बीच सेमीफाइनल

# टीम इंडिया की लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड से होगी भिड़ंत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टीम ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम छठी बार टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। वहीं यह लगातार तीसरा मौका है जब टीम इंडिया सेमीफाइनल में पहुंची है। रोमांचक तथ्य यह है कि पिछली दो बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड का सामना करने वाली टीम इंडिया का सामना इस बार भी इंग्लैंड से ही है। इस तरह टी20 विश्व कप में लगातार तीसरी बार भारत-इंग्लैंड आमने-सामने होंगे। पिछले दो मौकों में एक बार इंग्लैंड और एक बार भारतीय टीम विजेता रही है। पिछले दोनों मौकों पर जिस टीम ने सेमीफाइनल जीता था, आगे चलकर वही टीम चैंपियन बनी थी। टी20 विश्व कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मार्च को शाम 7 बजे से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाना है।



## पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए भारत-इंग्लैंड



टी20 वर्ल्ड कप में भारत-इंग्लैंड पहली बार साल 2007 में आमने-सामने आए, जिसमें युवराज सिंह ने लगातार 6 गेंदों पर छक्के लगाते हुए तूफानी अर्धशतक लगाया। भारत ने 4 विकेट खोकर 218 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 200/6 का स्कोर ही बना सकी और भारत ने 18 रन से मैच अपने नाम कर लिया।



## 2024 में भारत ने जीता था खिताब

टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में एक बार फिर रोहित की कप्तानी वाली टीम इंडिया और बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड आमने-सामने थी। जॉर्जटाउन में हुए इस मुकाबले में भारतीय टीम ने 7 विकेट पर 171 रन बनाए थे। इंग्लैंड की पूरी टीम 16.4 ओवर में 103 रन पर सिमट गई थी और 68 रन से मैच हार गई। भारतीय टीम ने फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था।

## 2009 में इंग्लैंड ने लिया था बदला

टी20 वर्ल्ड कप 2009 में इंग्लैंड ने अपनी पिछली हार का बदला लिया। लंदन में खेले गए इस मैच में इंग्लैंड ने 7 विकेट खोकर 153 रन बनाए, जिसके जवाब में भारतीय टीम 5 विकेट खोकर 150 रन ही बना सकी। यूसुफ पठान ने 17 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 33 रन की नाबाद पारी खेली, लेकिन टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सके।

## 2012 में हारी थी इंग्लैंड

टी20 वर्ल्ड कप 2012 में ग्रुप-ए के इस मैच में भारत ने गौतम गंभीर (45), रोहित शर्मा (नाबाद 55) और विराट कोहली (4) की शानदार पारियों के दम पर 4 विकेट खोकर 170 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम 14.4 ओवरों में 80 रन पर ऑलआउट हो गई।

## 2022 के सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड का हुआ था सामना

टी20 विश्व कप 2022 के सेमीफाइनल में भारत और इंग्लैंड का सामना हुआ था। एडिलेड में हुए इस मैच में रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया ने 6 विकेट पर 168 रन बनाए थे। जोस बटलर की कप्तानी वाली इंग्लैंड ने 16 ओवर में बिना किसी नुकसान के 170 रन बनाकर मैच 10 विकेट से जीता था। फाइनल में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता था।

# मैंने सुनी अंतरात्मा की आवाज, फोन और सोशल मीडिया बंद कर दिया था

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने अपने फोन और सोशल मीडिया अकाउंट बंद कर दिए ताकि खराब फॉर्म के दौर में भी उनका आत्मविश्वास न डगमगाए और आखिर में उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 विश्व कप के करो या मरो मैच में मैच विजेता पारी खेलकर लय हासिल कर ली। सैमसन ने कहा, 'मैंने अपने शॉट चयन पर लगातार काम किया। मैं बहुत अधिक बदलाव नहीं करना चाहता था क्योंकि मुझे पता था कि मैंने उसी तरह से खेलते हुए पहले अच्छा प्रदर्शन किया है। इसलिए मैंने खुद पर भरोसा बनाए रखा, अपना फोन बंद कर दिया, सोशल मीडिया से दूर रहा और अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनी। मुझे खुशी है कि मैंने एक ऐसे मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जो बहुत खास था।'



### हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं

न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में निराशाजनक प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए सैमसन ने अपनी तकनीक में किए गए बदलावों के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'यह मानवीय प्रकृति है कि हम अक्सर नकारात्मक सोच से शुरुआत करते हैं, जैसे, 'क्या मैं ऐसा कर सकता हूं। मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर सकता हूं।' जब भी मेरे मन में ऐसे विचार आते हैं तो मैं उन्हें सकारात्मक विचार से बदलने की कोशिश करता हूं।


### यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था

सैमसन ने असल में अकेले दम पर भारत को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने कहा, ' यह थोड़ा मुश्किल लक्ष्य था। हमारी बल्लेबाजी की मजबूती को देखते हुए मुझे लग रहा था कि ईडन गार्डन्स में ओस पड़ने पर 196 रन के लक्ष्य का पीछा करना थोड़ा आसान हो जाएगा, लेकिन नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से यह चुनौतीपूर्ण हो गया।' सैमसन ने कहा, 'यहीं पर मेरे अनुभव ने अहम भूमिका निभाई। मुझे अच्छी शुरुआत मिली, लेकिन जब विकेट गिरते रहे तो मुझे लगा कि मुझे मैच का सकारात्मक अंत करना होगा।' उन्होंने कहा, ''आप हमेशा ऐसा प्रदर्शन करना चाहते हैं लेकिन हमेशा ऐसा नहीं होता है। इसलिए मुझे खुशी है कि इस मैच में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। जब आप दबाव वाली परिस्थितियों में लक्ष्य का पीछा कर रहे होते हैं तो आप अलग-अलग विकल्प अपनाते हैं और जोखिम भरे विकल्पों पर विचार करने के बजाय अधिक बाउंड्री लगाते हैं।''

### मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया

सैमसन ने कहा,'' मैंने आत्ममंथन किया। मैंने अपनी बुनियाद पर काम किया कि मैंने खुद को कैसे तैयार किया था। बहुत से लोगों ने सुझाव दिए मैंने खुद से कहा कि 'संजू, तुमने इसी प्रारुप में तीन अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए हैं।' जब सैमसन से पूछा गया कि कोलकाता में खेली गई उनकी पारी उनके लिए क्या मायने रखती है, तो उन्होंने कहा कि वह खुद को भाग्यशाली मानते हैं कि वह उस सपने को जी रहे हैं जिसे उन्होंने बचपन से संजोकर रखा है। उन्होंने कहा, ' भारत में सौ से अधिक क्रिकेटर ऐसे दिन का सपना देखते हैं। मैंने सपना देखने की हिम्मत की। केरल के त्रिवेंद्रम का एक युवा लड़का देश के लिए खेलने और इतने महत्वपूर्ण मैच में जीत हासिल करने का सपना देख रहा था। मैंने सपना देखने की हिम्मत की और यह सच हो गया।'

## खबर संक्षेप



### एनएसडब्ल्यू ओपनः संयुक्त 20वें स्थान पर रही दीक्षा

**वोलोंगोंग।** कट में जगह बनाने वाली एकमात्र भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर महिला एनएसडब्ल्यू ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 20वें स्थान पर रही। दीक्षा ने पहले दौर में छह ओवर 77 का स्कोर बनाया था और उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा था। इसके बाद हालांकि उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया और अंतिम दौर में 68 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर आठ अंडर 276 रहा। फ्रांस की खिलाड़ी अगाथे लैस्ने ने खिताब जीता। उन्होंने 16 अंडर के कुल स्कोर के साथ थाईलैंड की एप्रिल अंगुरसारानी और कोरिया की सूमिन ओह पर एक शॉट से जीत हासिल की।

### अनुष का शानदार स्कोर आत्मविश्वास भरा प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** भारतीय घुड़सवार अनुष अग्रवाला ने अपने घोड़े फ्लोरियाना के साथ बेल्जियम ड्रेसेज स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया, जिससे उन्होंने आने वाले एशियाई खेलों के लिए अपनी क्वालीफिकेशन यात्रा शुरू की।



अग्रवाला ने अपने आठ साल के घोड़े फ्लोरियाना के साथ ऑर्डर में 14वें नंबर से शुरुआत करते हुए 68.85 प्रतिशत के शानदार स्कोर से आत्मविश्वास से भरा प्रदर्शन दिया, जिससे वह कुल मिलाकर चौथे नंबर पर रहे। वह अपने 10 साल के घोड़े फ्लिन के साथ लौटे, जिसमें उन्होंने पांचवें नंबर से शुरुआत की और इसमें और भी बेहतर प्रदर्शन देते हुए 70.3 प्रतिशत का व्यक्तिगत स्कोर हासिल किया। 70 प्रतिशत का स्कोर हासिल करना दबाव में निरंतरता और संयम दिखाता है।

### नई दिल्ली में एसजेएफआई का राष्ट्रीय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** भारतीय खेल पत्रकार महासंघ (एसजेएफआई) का राष्ट्रीय सम्मेलन 13 से 16 मार्च तक आयोजित किया जाएगा। पिछले 30 वर्षों में पहला अवसर होगा जबकि एसजेएफआई का वार्षिक सम्मेलन राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित किया जाएगा।

# दुबई में फंसी सिंधु, ऑल इंग्लैंड ओपन में बाहर रहना तय

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु का मंगलवार से शुरू होने वाली अखिल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप से बाहर रहना तय है क्योंकि अमेरिका के ईरान पर हमले के बाद खाड़ी क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण वह दुबई में फंस गई हैं। खिलाड़ियों के यात्रा संबंधी बाधाओं ने सुपर इस 1000 प्रतियोगिता की तैयारियों को बुरी तरह प्रभावित किया है।

सिंधु शनिवार से दुबई में फंसी हुई हैं क्योंकि ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों और उसके बाद ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। सिंधु और उनके कोच इंडोनेशिया के इरवानस्याह आदि प्रतामा दुबई में फंसे हुए हैं। वह उनके ठहरने के स्थान के करीब हुए विस्फोट में बाल-बाल बच गए थे। खाड़ी क्षेत्र में तनाव बढ़ने के कारण उन्हें बाद में एक सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया।



### लक्ष्य का मुकाबला शी यु ची से

भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी लक्ष्य सेन और उभरते युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी यात्रा संबंधी किसी भी तरह की समस्या के बिना पहुंच गए हैं। लक्ष्य का पहले दौर में मुकाबला चीन के विश्व के नंबर एक खिलाड़ी शी यु ची से होगा, जबकि आयुष इंडोनेशिया के अलवी फरहान के खिलाफ खेलेंगे। लक्ष्य के लिए पहले दौर की चुनौती बड़ी मुश्किल होगी क्योंकि वह चीन के खिलाड़ी से पिछले पांच मुकाबलों में से चार में हार चुके हैं। आयुष को भी फरहान से पांच मुकाबलों में से तीन में हार का सामना करना पड़ा है, जिसमें जनवरी में इंडोनेशिया मास्टर्स का मुकाबला भी शामिल है।

### मालविका का सामना युफेई से

*महिला एकल वर्ग में मालविका बंसोड़ को तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चीन की चेन युफेई के खिलाफ कड़ी शुरुआती चुनौती का सामना करना पड़ेगा। उन्नति हुडा अफ्रीका के रास्ते यहां पहुंची है और उन्हें अपने पहले मैच में थाईलैंड की आठवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग से भिड़ने पर जेट लैग से उबरने की जरूरत होगी।*
*पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी पहले दौर में मलेशिया के कांग खाई जिंग और आरोन ताई के खिलाफ खेलेंगे। महिला युगल में त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना जापान की सायका हिरोटा और अयाको सकुरामोतो से होगा। मिश्रित युगल में ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो का मुकाबला मलेशिया के हू पांग रॉन और चेंग सु यिन से, जबकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे का फ्रांस के थॉम गिक्वेल और डेल्फिन डेलरू से होगा।*

# ईरान का विश्व कप फुटबॉल में खेलना संदिग्ध

**तेहरान।** ईरान के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष मेहदी ताज ने कहा कि अमेरिका और इजरायल के उनके देश पर किए गए हमले के बाद वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि उनकी टीम इस साल अमेरिका में होने वाले फीफा विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट में खेल पाएगी या नहीं। मेहदी ताज ने कहा, 'निश्चित रूप से इस हमले के बाद हम विश्व कप में भाग लेने को लेकर उम्मीद की दृष्टि से नहीं देख सकते।'

**न्यायालय नायब तहसीलदार अमरगढ़ तहसील व जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म.प्र.**
क्रमांक/Q/प्रवा./2026 राजगढ़, दिनांक : 24.02.2026

**इश्तहार नामा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि, कार्यकारी संचालक, एमपीआईडीसी भोपाल के द्वारा पत्र क्रमांक 141 दिनांक 07.01.2026 के माध्यम से **ग्राम बापची तहसील राजगढ़** स्थित शासकीय भूमि सर्वे 53/1/2/2 रकबा 1.164 हे., 53/2 रकबा 0.506 हे., 55/1/2/2 रकबा 0.538 हे., 55/5/4 रकबा 0.317 हे., औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन विभाग भोपाल को औद्योगिक विभाग की गतिविधियों के संचालन करने के भूमि आवंटन की मांग की गई है।
इसमें यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति इश्तहार जारी होने के **दिनांक से 15 दिवस के अंदर** इस कार्यालय में स्वयं अथवा किसी अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। अवधि समाप्त के पश्चात् की गई कार्यवाही अमान्य कर दी जावेगी।
**दिनांक : 24.02.2026** **नायब तहसीलदार**
**स्थान : राजगढ़** पद एवं मुद्रा **राजगढ़ वृत्त, किला अमरगढ़**
म.प्र. माध्यम/124732/2026

**माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय**
माखनपुरम परिसर, म.प्र. राज्य शूटिंग अकादमी के पास
बिसनखेड़ी, भोपाल-462044 (म.प्र.), फोन नंबर : 0755-2552574

**विश्वविद्यालय की विभिन्न पुरानी अनुपयोगी रद्दी विक्रय हेतु पुन: निविदा**

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल बिसनखेड़ी परिसर में **पुरानी अनुपयोगी-उत्तरपुस्तिकाओं, समाचार पत्रों, प्रोजेक्ट, बुकलेट, मिक्स रद्दी एवं कचरा रद्दी विक्रय हेतु एक वर्ष के लिए पुन: निविदा आमंत्रित की जाती है।** निविदा प्रपत्र, शर्तें एवं विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट **www.mcu.ac.in** से डाउनलोड की जा सकती है या विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी परिसर स्थित भण्डार शाखा से प्राप्त की जा सकती है। पुन: निविदा के अन्तर्गत पूर्व फर्में भी निविदा में भाग ले सकेंगी। आवश्यक शेष प्रपत्र बंद लिफाफे में जमा कर सकेंगी एवं संशोधित वित्तीय दरें भी प्रस्तुत कर सकेगी।
निविदा प्रपत्र का मूल्य रु. 5900/- (रुपये पाँच हजार नौ सौ मात्र) 18 प्रतिशत जीएसटी सहित तथा सुरक्षा निधि राशि रु 1,00,000/- (रुपये एक लाख) मात्र हैं। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर दी जाएगी। निविदा जमा करने की **अंतिम तिथि 13.03.2026 अपरान्ह 3.00 बजे** एवं निविदा **खोलने की तिथि 13.03.2026 अपरान्ह 3.30 बजे** निर्धारित है।
म.प्र. माध्यम/124725/2026 **कुलसचिव**

# बीसीसीआई ने स्पेशल कैंप के लिए जहीर-हरभजन से किया कॉन्टैक्ट

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बीसीसीआई ने पूर्व भारतीय दिग्गज जहीर खान और हरभजन सिंह से बेंगलुरु स्थित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में विशेष शिविरों में अपनी सेवाएं देने के लिए संपर्क किया है। बीसीसीआई ने इन शिविरों के कुछ खिलाड़ियों की सूची तैयार की है। इस सूची में ऐसे खिलाड़ी शामिल किए गए हैं, जो भविष्य में भारत की तरफ से खेल सकते हैं। इन खिलाड़ियों में आयु वर्ग और प्रथम श्रेणी क्रिकेट के अलावा भारत ए और भारत की सीनियर टीम की तरफ से कुछ मैच खेलने वाले खिलाड़ी शामिल हैं।




### ऑफ स्पिनरों को करेंगे तैयार हरभजन


बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा, 'लक्ष्मण ने विशेष शिविरों के लिए जहीर, हरभजन और अनिल कुंबले से संपर्क किया है। हरभजन ऑफ स्पिनरों के लिए चार या पांच दिवसीय शिविर के लिए अपना कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं। वह उन उभरते हुए खिलाड़ियों की मदद करने के लिए उत्सुक हैं, जिन्होंने आयु वर्ग और भारत ए स्तर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।' उन्होंने कहा, 'यह एक स्वागत योग्य पहल है, जहां भारत के लिए 100 से अधिक टेस्ट मैच खेल चुके खिलाड़ी अगली पीढ़ी के साथ अपने अनुभव साझा करेंगे।'

# बाबर आजम, शाहीन और सलमान पर पीसीबी ने ठोका 50 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। इस वर्ल्ड कप में उनकी टीम सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना पाई और सुपर-8 से ही बाहर हो गई। इस खराब प्रदर्शन को देखने के बाद पाकिस्तानी प्लेयर्स पर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने खिलाड़ियों पर जुर्माना लगा दिया है।

ये जुर्माना पाकिस्तान टीम के बड़े प्लेयर्स शाहीन अफरीदी, बाबर आजम और कप्तान सलमान अली आगा पर भी लगाया गया है। इन तीनों ही प्लेयर्स ने इस वर्ल्ड कप में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। रिपोर्ट के अनुसार, जारी टी20 वर्ल्ड कप में पाकिस्तान की खराब परफॉर्मेंस का असर अब उनके खिलाड़ियों पर देखने को मिला है। यह उनके लिए महंगी साबित हुई है, क्योंकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बड़े खिलाड़ियों पर 5 मिलियन (50 लाख पाकिस्तानी रुपए) का जुर्माना लगाया है। यह फैसला भारत से मिली शर्मनाक हार के ठीक बाद लिया गया था। पीसीबी के अधिकारियों ने खिलाड़ियों से साफ कह दिया है कि प्लेयर्स के साथ बहुत लाड़-प्यार हो गया। आगे से फाइनेंशियल फायदे सिर्फ अच्छे परफॉर्मेंस के आधार पर ही मिलेंगे।



दरअसल पाकिस्तान टी20 वर्ल्ड कप के अपने पहले मैच में नीदरलैंड्स से हारने से बाल-बाल बचा था। इसके बाद उन्होंने यूएसए को हराया था। हालांकि भारत के खिलाफ मैच में पाक प्लेयर्स से बेहतर परफॉर्मेंस की उम्मीद थी, लेकिन वहां भी उनकी टीम भारत के हाथों बुरी तरह पिट गई।

प्राग शतरंज महोत्सवः समय की कमी के कारण गंवाना पड़ा अंक

# गुकेश की गलती और अब्दुसत्तोरोव ने जीता एक और मैच

एजेंसी ▶▶| प्राग

विश्व चैंपियन डी गुकेश अच्छी स्थिति में होने के बावजूद प्राग अंतरराष्ट्रीय शतरंज महोत्सव में नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से हार गए। एक महीने पहले भी टाटा स्टील मास्टर्स के दौरान अच्छी स्थिति में होने के बावजूद गुकेश अब्दुसत्तोरोव से हार गए थे। लेकिन यहां पांचवें दौर की बाजी में एक समय ऐसा लग रहा था कि वह आसानी से जीत हासिल कर लेंगे। काले मोहरों से खेलते हुए उन्होंने अच्छा खेल दिखाया लेकिन समय की कमी के कारण आखिर में उन्हें अंक गंवाना पड़ा।



### फोरस्ट विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंचे

इस बीच नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फोरस्ट ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जो पांच मैचों में अपनी चौथी जीत के बाद लाइव रेटिंग में विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पांचवें दौर में अमेरिका के हैंस मोके नीमन को हराया। भारत के मौजूदा चैंपियन अरविंद चिदंबरम को पांच मैचों में अपनी तीसरी हार का सामना करना पड़ा।

**M.P. MADHYA KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
प्रकाश एवं विकास
Office of The Chief General Manager (Bhopal Region)
Nishtha Parisar, Bijlinagar,Govindpura, Bhopal-462023
Phone : 0755-2588291, E-Mail : sepurchasebr@gmail.com
NIT No. : CGM/BR/02/Pur/11633 Bhopal, Date : 02.03.2026

**NOTICE INVITING E-TENDER (OPEN TENDER)**


E-tenders are invited from eligible bidders for supply of following item :-

| TS. No. | Particulars | Approx Value (In Lakh) | Tender Fee (In Rs.) | EMD (In Rs.) | Date of Opening of Bids Online |
|---|---|---|---|---|---|
| CGM/BR/TS-154 | Rate Contract for Supply of Torch Re-Chargeable LED Type | 21.78 Lakh | 2000/- + GST @ 18 % Extra | 44000/- | 24.03.2026 at 15:30 Hrs. |

Other details, terms and conditions are available on company website : **https://portal.mpcz.in** & **https://mptenders.gov.in** or the under signed office.
M.P. Madhyam/124735/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**




# भोपाल मेट्रो- तय डेडलाइन से पहले ब्लू लाइन के ट्रैक का काम पूरा करने का प्लान, रात में भी हो रहा काम



**रत्नागिरी से पुल बोगदा तक अतिक्रमण की समस्या नहीं, अस्थाई कब्जे हैं, जिन्हें हटाने में भी अड़चन नहीं**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर में मेट्रो के प्रायोरिटी कॉरिडोर में मेट्रो का संचालन शुरू होने के बाद ब्लू लाइन का निर्माण कार्य तेज हो गया है। रत्नागिरी से प्रभात चौराहे तक काम तेज गति से किया जा रहा है। दरअसल, उक्त रूट पर अतिक्रमण व अन्य निर्माण की समस्या नहीं है। इसे देखते हुए मेट्रो प्रशासन द्वारा अलग-अलग शिफ्ट में काम करवाया जा रहा है। जेके तिराहे से पिपलानी पेट्रोल पंप तक एक दर्जन पिलर बनकर तैयार हो गए हैं। उक्त रूट भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराह को जोड़ेगा और करीब 13 किमी लंबा ट्रैक होगा। इस काम को पूरा करने का लक्ष्य दिसंबर-28 तय है, लेकिन मेट्रो प्रशासन का मानना है कि यह काम जिस तेजी से चल रहा है उसे देखते हुए जनवरी-28 में काम पूरा हो सकता है। इस रूट पर 14 स्टेशन बनाए



जाएंगे, जिनमें एक स्टेशन कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर पर भी प्रस्तावित है। यह स्टेशन राजभवन के ठीक सामने होगा। 14वें स्टेशन के तौर पर बोगदा पुल (इंटरचेंज) सेक्शन बनाया जा रहा है, जहां करोंद चौराहा से एम्स के बीच बनने वाली ऑरेंज लाइन और भदभदा चौराहा से रत्नागिरी तिराहा के बीच चलने वाली ब्लू लाइन का इंटरचेंज होगा।

### प्रभात चौराहे पर यातायात किया है डायवर्ट

*प्रभात पेट्रोल पंप चौराहे पर मेट्रो का काम शुरू हुआ है। इसके लिए मुख्य मार्ग का कुछ हिस्सा पूरी तरह से बंद कर दिया गया है जबकि सर्विसलेन को आवाजाही के लिए खोला गया है। इसी तरह उक्त चौराहे से पुल बोगदा को जोडने वाले रोड पर भी केवल एक सर्विसलेन आवाजाही के लिए खोली गई है। मुख्य मार्ग पर मेट्रो के पिलर बनाने का काम चल रहा है।*

### करोंद और भदभदा रूट पर गर्डर लॉन्चिंग भी शुरू हुई

*करोंद और भदभदा रूट पर गर्डर की लॉन्चिंग भी शुरू हो गई है। मेट्रो प्रशासन का कहना है कि जैसे-जैसे ब्लॉक आते जाएंगे इनकी लॉन्चिंग होती रहेगी। कुछ क्षेत्रों में चिन्हित मकान, दुकान व अन्य प्रकार के भवनों को हटाने को लेकर भी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है।*

**कुछ ने टिकट कैंसिल करवाई, कई समय का इंतज़ार कर रहे**

# ईरान युद्ध से इंटरनेशनल उड़ान निरस्त होने से होली मनाने भारत नहीं आ सके



फाइल फोटो

*दुबई में आयोजित राष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन को लेकर समाजजनों में चिंता*

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

ईरान युद्ध का असर हर क्षेत्र पर पड़ रहा है। ख़ासकर इंटरनेशनल फ़्लाइट पैसेंजर आगामी यात्रा को लेकर चिंतित हो गए हैं। कई यात्री अपनी टिकट कैंसिल करवा रहे हैं। इंटरनेशनल फ़्लाइट से होली मनाने यहां आ रहे यात्रियों ने भी अपना टिकट कैंसिल करवा दिए हैं।पोलैंड देश से यहां होली पर आ रहे सचिन कुमार ने अपना टिकट कैंसिल करवा दिया और उसे 45 हज़ार का नुक़सान भी उठाना पड़ा। इसी तरह पांच मार्च को अफ़्रीका जा रहे दो लोगों ने भी अपना टिकट कैंसिल करा दिया है। वहीं, 31 मार्च को दुबई में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय सिंधी सम्मेलन पर भी चिंता के बादल मंडरा रहे हैं। इसमें 100 में से कुछ मेंबर टिकट कैंसिल करवाने का मन बना रहे हैं। सम्मेलन के आयोजक सुरेश जसवानी ने बताया कि हालांकि अभी प्रोग्राम कैंसिल कराने की नौबत नहीं आई है, समय का इंतजार किया जा रहा है। इसके बाद जो स्थिति बनेगी उसके अनुसार निर्णय लिया जाएगा। इसी तरह सुरेश (शेरु) रीझवानी ने बताया कि 20 मार्च को इंटरनेशनल यात्रा पर कुछ लोग जा रहे हैं, लेकिन स्थिति को देखते हुए टिकट कैंसिल कराने पर विचार किया जा रहा है। इसके अलावा भी कई लोग इंटरनेट से यात्रा की टिकट कैंसिल करवा रहे हैं। कुल मिलाकर गंभीर बनी हुई है।

**टक्कर लगने से सड़क पर गिरे युवक के सिर के ऊपर से गुजरा ट्रक का पहिया**

# बायपास पर आर्चमन होटल के सामने ट्रक ने बाइक सवार को कुचला, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र आर्चमन होटल के सामने सोमवार दोपहर ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से बाइक सवार युवक सड़क पर गिरा था और उसके सिर से ट्रक का पहिया गुजर गया। इस हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने ट्रक जब्त कर लिया है। आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि राकेश भार्गव (50) पीरिया मोहल्ला खजूरी कलां में रहता था और गर्ग शोरूम में काम करता था। सोमवार दोपहर वह घर से शोरूम की तरफ जा रहा था। तभी बायपास पर होटल आर्चमन के सामने उसकी बाइक को ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से राकेश सड़क पर गिरा था और ट्रक का पहिया उसके सिर से होता हुआ गुजर गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। पुलिस ने ट्रक बरामद कर कर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया है।



*पुलिस ने ट्रक बरामद कर कर आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया*

### डंपर ने मारी छात्रों के ऑटो को टक्कर



इधर, खजूरी चौराहा से छोटी खजूरी की तरफ जा रहे ऑटो को तेज रफ्तार टैंकर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ऑटो पलट गया और उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। घटना सोमवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे के आसपास की बताई जा रही है। ऑटो में जो घायल हुए है वह छात्र है और सुबह परीक्षा देने के लिए जा रहे थे। हादसे के बाद टैंकर का चालक कुछ देर रुका और भाग निकला। हालांकि पुलिस की टीम को सूचना मिली और पुलिस ने पीछा किया। पुलिस को पीछे आता देख टैंकर का चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया। थाना प्रभारी उमेश चौहान ने बताया कि घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पिपलानी इलाके का होने के कारण केस डायरी और डंपर पिपलानी थाने भेज दिया गया है।

**जबलपुर-छिंदवाड़ा में ईओडब्ल्यू की दो बड़ी कार्रवाई**

# बैंक की गिरवी जमीन बेची, सरकारी खातों से उड़ाए लाखों, एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ईओडब्ल्यू जबलपुर ने धोखाधड़ी और गबन के दो अलग-अलग मामलों में एफआईआर दर्ज की है। पहला मामला जबलपुर में बैंक के पास गिरवी रखी संपत्ति को अवैध रूप से बेचने का है। आरोपी इसरार खान ने केनरा बैंक की खोवा मंडी शाखा में भरतीपुर स्थित 1350 वर्गफुट का प्लॉट गिरवी रखकर 1.43 करोड़ रुपए का ऋण लिया था। 2025 में ऑडिट के दौरान खुलासा हुआ कि आरोपी ने बैंक को बिना बताए जनवरी 2020 में संपत्ति का 560 वर्गफुट हिस्सा मोहम्मद रफीक और आसिफ को बेच दिया। दूसरा मामला छिंदवाड़ा जिला सहकारी केंद्रीय बैंक का है, जहां तीन अधिकारियों ने 2015 से 2020 के बीच आंतरिक खातों से 19 बार में 10.30 लाख रुपए निजी खातों में ट्रांसफर किए। कंप्यूटर ऑपरेटर अभिषेक जैन ने सहायक प्रबंधक अभय जैन और लेखा प्रभारी नीरज जैन की आईडी का उपयोग कर नेफ्ट के जरिए राशि गबन की। आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 409, 120-बी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### ऐसे हुआ फर्जीवाड़ा... आईडी का खेल और कागजी जालसाजी

जबलपुर मामले में आरोपी ने बैंक की जानकारी के बिना गिरवी संपत्ति का विक्रय पत्र तैयार कर लिया, जिससे बैंक की सुरक्षा राशि कम हो गई। वहीं, छिंदवाड़ा में तकनीकी सेंधमारी की गई। कंप्यूटर ऑपरेटर ने मेकर आईडी और वरिष्ठ अधिकारियों की चेकर आईडी का मेल कर सरकारी पैसे को निजी आईसीआईसीआई और एसबीआई खातों में भेजा। विभागीय जांच के बाद ही ईओडब्ल्यू ने कार्रवाई की है।

## स्थानीय खेल समाचार

**मध्य प्रदेश अंडर 21 के साथ ही सीनियर महिला- पुरुष टीम की चयन ट्रायल आयोजित**

# मप्र कराते टीम घोषित, राष्ट्रीय चैंपियनशिप भोपाल में 23 मार्च से

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश कराते टीम (अंडर 21 एवं सीनियर महिला-पुरुष ) की चयन स्पर्धा राजधानी के दानिश कुंज स्थित गुरुकुल परिसर में आयोजित हुई। इसी के आधार पर मप्र टीम का चयन किया गया है।

चयनित टीम कराते एसोसिएशन ऑफ इंडिया (काई) के तत्वावधान में भोपाल के एलएनसीटी परिसर में आयोजित अंडर 21 एवं सीनियर ऑल इंडिया कराते चैंपियनशिप में भाग लेंगी। एमेच्योर कराते एसोसिएशन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष शिहान जयदेव शर्मा के मार्गदर्शन व काई के रेफरी कमीशन सेक्रेटरी सेंसई पारितोष शर्मा के तकनीकी निर्देशन में काई के क्वालिफाइड आफिशियल्स सेंसेई शशिकांत पाटिल, ललिता राठौर, राजीव सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह कुशवाहा, विष्णुकांत ओझा, हनी सिंह, शुभम खरे, महिमा शास्त्री की उपस्थिति में राजधानी के एकेएएमपी के मुख्यालय मार्शल आर्ट्स गुरुकुल, दानिश कुंज कोलार रोड मध्य प्रदेश अंडर 21 व सीनियर महिला- पुरुष टीम की चयन ट्रायल आयोजित हुआ। इस अवसर पर उपाध्यक्ष नीतू शर्मा और महिला विंग चेयरमेन आराधना मालवीय, सेंसेई संतोष राठौर, बृजगोपाल सिंह, सोनिका सुरजन, अंकित बाथम भी उपस्थित रहीं।



### चयनित टीमें इस प्रकार है...

- *अंडर 21 टीम : धीरुव चौरसिया - 50किग्रा, कुलदीप परमार -55 किग्रा, प्रथम कोंडला -60 किग्रा, सौरभ शर्मा - 67**kg** किग्रा, अभय राज शर्मा -75 किग्रा, अश्वजीत राणा -84 किग्रा तथा तकदीर राज +84किग्रा।*
- *सीनियर पुरुष कुमिते 18 वर्ष से अधिक : देवेश सिनोरिया 50 किग्रा, जतिन चौहान -55 किग्रा, अभिषेक सिंह -60 किग्रा, अरशद खान -67 किग्रा, अरबाज -75 किग्रा, हर्ष चौहान -84 किग्रा, दीपेश सोनी +84 किग्रा।*
- *व्यक्तिगत काता पुरुष वर्ग : अरकाम खान, 21 महिला कुमिते: खुशी परमार 45 किग्रा, दीपशिखा आर्य -50 किग्रा, अन्नपूर्णा झा -55 किग्रा। सीनियर महिला कुमिते : नेहा वर्मा -45 किग्रा, दीपशिखा आर्य -50 किग्रा, गीता दास -55 किग्रा। व्यक्तिगत काता महिला वर्ग -21: अन्नपूर्णा झा, सीनियर : नेहा वर्मा।*

# नौंवी ऑल इंडिया मास्टर्स कप (वेटरन) क्रिकेट प्रतियोगिता 15 मार्च से

**भोपाल की 4 टीमों के अलावा ग्वालियर विदिशा इंदौर और मुंबई की टीमें भी लेंगी हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल


स्पोर्ट्स एज, आशीर्वाद सामाजिक कल्याण एवं विकास समिति और विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी के सयुंक्त तत्वावधान में स्व. कैलाश नारायण सारंग (बापूजी) मेमोरियल नौंवी ऑल इंडिया मास्टर्स कप वेटरन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ओल्ड चैंपियन मैदान पर 15 मार्च से किया जा रहा है। आयोजन सचिव योगेन्द्र व्यास ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में बाहर की 4 टीमें में भी हिस्सा ले रही हैं। भोपाल की 4 टीमों के अलावा ग्वालियर विदिशा इंदौर और मुंबई की टीमों ने अपनी सहमति दे दी है। इस प्रतियोगिता के साथ साथ विभागीय और कॉरपोरेट प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है जिनमें कॉरपोरेट और विभागीय टीमों की पांच पांच टीमें हिस्सा ले रही है। विभागीय टीमों में डीजीपी 11, पुलिस लाइन, पोस्टल, नगर निगम कमिश्नर 11, माखन लाल विश्वविद्यालय जबकि कारपोरेट वर्ग में फ्रेंड्स 11, हमीदिया, सुपरहीटर ने अभी तक अपनी सहमति दे दी है।

# भोपाल विवि के पूर्व अध्यक्ष व छात्र नेता रहे विनय सेंगर की स्मृति में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता 7 को

**प्रतियोगिता में 200 से अधिक पुरुष एवं महिला भारोत्तोलक लेंगे हिस्सा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल विश्वविद्यालय (बरकतुल्ला विवि) छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रसिद्ध छात्र नेता रहे स्व. विनय सिंह सेंगर की स्मृति में वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता आगामी 7 मार्च को आयोजित की जाएगी। मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय पूर्व विद्यार्थी संगठन (एमवीएम एलुमिनी) और भोपाल वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय इस प्रतियोगिता में लगभग 200 से अधिक पुरुष एवं महिला भारोत्तोलक हिस्सा लेंगे।



मोतीलाल विज्ञान महाविद्यालय के मुख्य सभागार में शनिवार 7 मार्च को सुबह 10 बजे से आयोजित इस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पुरुष और महिला दोनों के लिए कुल 8 भार वर्ग होंगे। गौरतलब है कि खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने स्व.विनय सेंगर के सम्मान में प्रति वर्ष इस प्रतियोगिता के आयोजन की घोषणा की थी। एमवीएम के पूर्व छात्र एवं छात्र संघ अध्यक्ष रहे विनय सेंगर का गत अगस्त माह में निधन हो गया था। वे वेट लिफ्टर भी थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930